
YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-245 ❐ मंगलवार, 06 अक्टूबर 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



भारत और स्विट्जरलैंड की दोस्ती पुरानी है और आज नवाचार, बुनियादी ढांचा तथा उन्नत प्रौद्योगिकी दोनों देशों की साझेदारी के मजबूत स्तंभ बनकर उभरे हैं। **नरेंद्र मोदी**

चीन के पांच सस्ते सामान की भारत ने शुरू की जांच 11

एनएसयूआई ने जंतर-मंतर पर 'जीवित लाश' बनकर किया प्रतीकात्मक प्रदर्शन 12

विमान को बेन गुरियन हवाई अड्डे पर टकराने की साजिश थी

एजेंसी

❐ पूछताछ में ओमानी सह-पायलट ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए

❐ कई बार एयरपोर्ट की रेकी की थी



तेल अवीव। फ्लाईदुबई उड़ान के ओमानी सह-पायलट हमाम अल हम्मामी ने विमान को इजरायल के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर टकराने की साजिश थी। घटना से पहले उसने कई बार एयरपोर्ट की रेकी की थी। 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हिरासत में लेकर हम्मामी से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान उसने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। विमान को सामान्य तरीके से उड़ाने और सभी जरूरी लैंडिंग मंजूरियां लेने के बाद एयरपोर्ट की किसी इमारत या खड़े विमान से टकराने की उसकी साजिश थी। रिपोर्ट के मुताबिक वह अंतिम चरण तक अपनी साजिश को छिपाए रखना चाहता था, ताकि किसी को खतरे का पता न चले और उसे रोकने या अलार्म बजाने का मौका न मिले। इसी वजह से उसने जॉर्डन के हवाई क्षेत्र को पार करने के बाद कॉकपिट पर कब्जा करने की कोशिश की।

रिपोर्ट के मुताबिक हम्मामी ने फ्लाईदुबई की उड़ानों के दौरान ड्यूटी खत्म होने के बाद पिछले कुछ महीनों में कई बार बेन गुरियन एयरपोर्ट का दौरा किया था। पूछताछ में उसने बताया कि जून में इजरायल पहुंचने के दौरान उसका पूरा ध्यान एयरपोर्ट की जानकारी जुटाने और हमले की साजिश रचने पर था। उसने जुलाई में हमले को अंजाम देने की साजिश रची थी, लेकिन आखिरी समय में इसे टाल दिया। इसका कारण विमान के केबिन क्रू के एक सदस्य से उसकी व्यक्तिगत दोस्ती था। हम्मामी ने पूछताछ में बताया कि मैंने पता लगाया कि तेल अवीव के ● शेष पेज 11 पर

इजरायल ने अब तक पूछताछ नहीं की

इजरायली सुरक्षा एजेंसियों ने अब तक हम्मामी से सीधे पूछताछ नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार यूएई और सऊदी अरब के जांच अधिकारियों के जरिये उससे मिली जानकारी इजरायल तक पहुंचाई जा रही है। इजरायल ने यूएई से फ्लाइट के अन्य क्रू सदस्यों से भी पूछताछ का दायरा बढ़ाने का अनुरोध किया है।

नए चेहरों पर दांव से सामाजिक समीकरणों साधने की कोशिश



विद्या सागर सोनकर | राम प्रताप सिंह चौहान | श्रुति गंगवार | प्रियंका सिंह रावत | राधाकांत ओझा | गोपी कृष्ण पांडेय | धर्मपाल सिंह | प्रकाश पाल

एजेंसी

नईदिल्ली। उत्तर प्रदेश प्रदेश के राज्यसभा चुनाव में भाजपा ने न केवल अपने चेहरों को बदला है, बल्कि सामाजिक व क्षेत्रीय संतुलन के जरिए अपने कोर समर्थक वर्ग को संदेश देने की भी कोशिश की है। पार्टी ने कार्यकाल पूरा कर रहे किसी भी सांसदो को फिर से मौका नहीं दिया है, इनमें को केंद्रीय मंत्री भी है, वहीं नए चेहरों में एक प्रदेश सरकार के मंत्री व दो प्रदेश संगठन के पदाधिकारी शामिल है। जिन नेताओं को फिर से मौका नहीं दिया गया है, उनमें कुछ विधानसभा चुनाव भी लड़ सकते हैं।

समीकरण

❐ भाजपा ने भारी-भरकम नामों की जगह नये चेहरों को दिया मौका

❐ उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में किसी सांसद को नहीं दिया फिर से मौका

❐ विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक बिसात पर कोर वोट बैंक पर नजर

भाजपा नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश की दस राज्यसभा सीटों के लिए हो रहे चुनाव के लिए अपने आठ उम्मीदवार तय कर दिए हैं। विपक्षी सपा ने भी दो उम्मीदवार उतारे हैं। ऐसे में अगर कोई और उम्मीदवार नहीं आता है तो सभी निर्विरोध चुने जाएंगे,लेकिन यदि सपा एक और उम्मीदवार उतारती है तो चुनाव होंगे और राजनीतिक जोड़तोड़ तेज होगी। मंगलवार को नामांकन की आखिरी तारीख है। भाजपा ने कार्यकाल पूरा कर रहे आठ सांसदों (एक दिनेश शर्मा उप राज्यपाल बनाए जा चुके हैं) में किसी को भी फिर से ● शेष पेज 11 पर

भाजपा ने घोषित किए आठ राज्यसभा प्रत्याशी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को यूपी कोटे की राज्यसभा सीटों के लिए आठ प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया। उम्मीदवारों के चयन से पार्टी ने एक बार फिर सबको चौंकाया। भारी भरकम नामों की जगह सामाजिक समीकरण साधने पर फोकस दिखा। पार्टी ने केंद्रीय मंत्रियों हरदीप सिंह पुरी और बीएल वर्मा पर दोबारा दांव नहीं लगाया। बीएल वर्मा की जगह लोध चेहरे के रूप में यूपी के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। यूपी कोटे की 10 राज्यसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन का अंतिम दिन है। केंद्रीय चुनाव समिति की हरी झंडी मिलने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष की लखनऊ में मुलाकात के बाद सोमवार को भाजपा ने आठ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की। पार्टी के राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय मुख्यालय प्रभारी तरुण चुघ ने उम्मीदवारों की सूची जारी की। किसी भी मौजूदा राज्यसभा सांसद को रिपीट नहीं किया गया है। भाजपा ने पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह, इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकांत ओझा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल, पूर्व सांसद विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्णा पांडेय, पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान और झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार को प्रत्याशी घोषित किया है। राधाकांत ओझा सपा सरकार में मंत्री रहे प्रतापगढ़ निवासी शिवाकांत ओझा के छोटे भाई हैं। पार्टी ने ओबीसी वर्ग से तीन, दलित वर्ग से दो, ब्राह्मण दो और एक ठाकुर चेहरे पर दांव लगाया है।

संक्षेप

पांच अपर पुलिस अधीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले, दो का तबादला निरस्त

लखनऊ। शासन ने पांच अपर पुलिस अधीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले हैं। अपर पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट से लखनऊ कमिश्नरेट के लिए स्थानांतरणाधीन संतोष कुमार (तृतीय) का तबादला निरस्त कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) लखीमपुर खीरी के पद से कासगंज के लिए स्थानांतरणाधीन पवन गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली के पद पर तैनाती दी गई है।अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली के पद पर तैनात आलोक सिंह (तृतीय) को अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड से अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) बरेली के पद पर स्थानांतरणाधीन आलोक कुमार जायसवाल का तबादला निरस्त कर दिया गया है। डीजीपी मुख्यालय में तैनात संतोष कुमार (द्वितीय) को अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) बरेली के पद पर नियुक्त किया गया है।

चंद्रशेखर के खिलाफ मामले की जांच में देरी पर डीसीपी को नोटिस

नई दिल्ली। नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत की जांच में देरी पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस के संबंधित जिला पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) को नोटिस जारी किया है। अदालत ने डीसीपी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मामले की प्रारंभिक जांच अगली सुनवाई से पहले पूरी की जाए। कोर्ट ने जांच पूरी करने को पुलिस की ओर से मांगे गए अतिरिक्त समय की मांग को खारिज कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 23 अक्तूबर को होगी।

फैजुल्लागंज से नैमिष तक गोमती नदी पर बनेगा तटबंध : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



सर्वेक्षण

❐ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा, फैजुल्लागंज से नैमिषारण्य तक किया हवाई सर्वेक्षण बख्शी का तालाब क्षेत्र में बाढ़ प्रभावितों के बीच पहुंचकर दुख-दर्द जाना और राहत सामग्री बांटी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ के फैजुल्लागंज से नैमिष तक हवाई सर्वेक्षण कर बाढ़ की विभीषिका देखी, फिर बक्शी का तालाब क्षेत्र में बाढ़ प्रभावितों के बीच पहुंचकर उनका दुख-दर्द जाना और राहत सामग्री का वितरण किया। सीएम यहां स्वास्थ्य शिविर में भी पहुंचे और डॉक्टरों से दवाओं/व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठे बाढ़ पीड़ित के पास पहुंचे और शासन से मिली राहत सामग्री, अन्न, चिकित्सा आदि सुविधाओं की हकीकत जानी। उन्होंने बच्चों को पास बुलाकर चॉकलेट भी दी।

मुख्यमंत्री ने अक्टूबर में आई इस बाढ़ विभीषिका पर चिंता जताई। कहा कि गोमती नदी पर तटबंध बनने से काफी हद तक बाढ़ की विभीषिका को रोका जा सकता है। मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव को फैजुल्लागंज से लेकर नैमिष तक नदी के तट का सर्वे कराते हुए तटबंध बनवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो गांव तटबंध के बाहर रहे, वहां बरसात का पानी निकालने की उचित व्यवस्था हो। तटबंध बनने के बाद नदी का जलस्तर बढ़े तो अंदर का पानी जमा होकर बीमारी न पैदा करे, बल्कि पंपिंग सेट लगाकर बाहर निकाला जाए। सिंचाई विभाग इन कार्यों का प्रस्ताव बनाकर शीर्ष कार्य प्रारंभ कराए, जिससे आने वाले समय में इस त्रासदी को रोक सकें और बाढ़ की विभीषिका पर अंकुश लगाया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी ने आज सुबह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के फोन आने के बारे में बाढ़ पीड़ितों को अवगत कराया। बाढ़ को लेकर रक्षा मंत्री की चिंता के विषय में भी जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने फैजुल्लागंज से नैमिष तक तटबंध बनने से बाढ़ बचाव में मदद कराने के बारे में भी विमर्श किया। इस पर सीएम ने उन्हें बताया कि सरकार ने इसे स्वीकृत कर दिया है, धनराशि अवमुक्त करते हुए यह कार्य जल्द आगे बढ़ाएंगे। ऐसी पुख्ता व्यवस्था करेंगे तो हर सीजन में तटबंध उपयोगी होगा। बरसात में नदी का पानी उधर नहीं आएगा और इधर का पानी पंपिंग सेट के जरिए नदी की तरफ डाल दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि एलडीए ने ग्रीन कॉरिडोर बनवाया है, यह सड़क और सुरक्षा दोनों का काम कर रहा है। इसी तरह तटबंध पर चलने की भी व्यवस्था कराएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने बाढ़ पीड़ितों से अपील की कि संकट की इस घड़ी में हम सभी मिलकर आपदा का सामना करें। गांव से बाहर आए लोगों के लिए खुले में सोने की बजाय स्कूल, मैरिज हॉल में व्यवस्था करें। वहां गर्म भोजन, बच्चों को दूध, गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार, पशुओं के चारे, भूसा-चोकर की व्यवस्था हो। पशुओं की सुरक्षा व संरक्षण पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि पानी के कारण पशुओं को होने वाली बीमारी से भी बचाव की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने अकड़रिया कला गांव में बाढ़ पीड़ितों से संवाद करते हुए कहाकि 10 दिन में 50 से अधिक जनपदों में भारी बारिश हुई है, जिससे तमाम नदियों के जलस्तर में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि में लखनऊ भी था, लेकिन उस दौरान गोमती नदी का जलस्तर इतना नहीं बढ़ा था, ● शेष पेज 11 पर

अमेरिकी चुनावी प्रक्रिया को ट्रंप ने बताया 'भ्रष्ट'

भारत के राष्ट्रपति चुनाव का किया गलत उल्लेख

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर देश की चुनाव प्रक्रिया को ''भ्रष्ट'' बताते हुए भारत का जिक्र किया, लेकिन ऐसा लगता है कि वह भारत और ब्राजील के चुनाव को लेकर भ्रमित हो गए। जिस चुनाव का वह जिक्र कर रहे थे, वह भारत का नहीं, बल्कि ब्राजील का राष्ट्रपति चुनाव था और भारत में उस समय कोई राष्ट्रपति चुनाव नहीं हुआ।

ट्रंप ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में दावा किया कि 'भारत के राष्ट्रपति चुनाव में 12.5 करोड़ लोगों ने मतदान किया और मतदान खत्म होने के कुछ ही समय बाद परिणाम आ गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अमेरिका के शहरों और राज्यों में चुनावों की मतगणना में कई सप्ताह लगने का जिक्र करते हुए कहा, ''अमेरिका में मतदान भ्रष्ट है। ट्रंप ने कहा, ''आज भारत के राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर में 12.5 करोड़ लोगों ने मतदान किया। मतदान समाप्त होने के कुछ ही समय बाद, उसी दिन परिणाम आ गए। उन्होंने कहा, ''डेट्रॉयट, फिलाडेल्फिया, कैलिफोर्निया और अमेरिका के कई अन्य शहरों और राज्यों में, इससे काफी कम संख्या में मतों के परिणामों की घोषणा में अक्सर कई सप्ताह लग जाते हैं ऽ धांधली करने के लिए, मेरा मतलब है, मतों की गणना करने में। अमेरिका में मतदान भ्रष्ट है। ट्रंप की पोस्ट में भारत का संदर्भ संभवतः ब्राजील के साथ हुए भ्रम का नतीजा था। ब्राजील में रविवार को राष्ट्रपति चुनाव

ईडी ने आजम खां के सीए दीपक गोयल के दर्ज किए बयान

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जौहर यूनिवर्सिटी व ट्रस्ट में गड़बड़ी के मामले में सोमवार को सपा नेता आजम खां के सीए दीपक गोयल से लंबी पूछताछ की और कई बिंदुओं पर उनके बयान दर्ज किए गए। सूत्रों के अनुसार लगभग आठ घंटे तक चली पूछताछ में सीए ने कई फैसले व लिखापढ़ी आजम खां के दबाव में किए जाने की बात भी दोहराई। ईडी दान की रकम और ठेकेदारों से हुए लेनदेन से जुड़े दस्तावेजों की छानबीन कर रही है। ईडी ने सीए से कई दस्तावेज भी मांगे हैं। उन्हें पूछताछ के लिए जल्द फिर तलब किया जा सकता है? ईडी ने आजम खां के परिवार की मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट और मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में चंदे की रकम और सरकारी परियोजनाओं से जुड़े ठेकेदारों से कराए ● शेष पेज 11 पर

पीएम आवास योजना शहरी में यूपी को दो राष्ट्रीय पुरस्कार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❐ सर्वाधिक आवास बनाने में प्रथम व योजना-2.0 में मिला तृतीय पुरस्कार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के लाभार्थी आधारित आवास निर्माण (बीएलसी) में स्वीकृत आवासों के आधार पर सर्वाधिक आवास निर्माण पर प्रथम और पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 में सर्वाधिक प्रतिशत आवासों की ग्राउंडिंग के लिए तीसरा पुरस्कार मिला है। दोनों पुरस्कार केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू ने दिया।

नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी केवल आवास उपलब्ध कराने की योजना नहीं है, बल्कि यह शहरी गरीब और वंचित परिवारों के जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और सम्मान लाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों में सूडा सहित नगर विकास विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, नगरीय निकायों और योजना के ● शेष पेज 11 पर

मायावती ने आकाश आनंद को चौथी बार दी बसपा में इंट्री, फिर बने राष्ट्रीय संयोजक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ बसपा सुप्रीमो के परिवार में कलह के बीच रूठने-मनाने का सिलसिला जारी

❐ बसपा सुप्रीमो ने आकाश को फिर ससुर अशोक सिद्धार्थ से किया सतर्क भी



लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती के परिवार में कलह के साथ रूठने-मनाने का सिलसिला जारी है। मायावती ने बड़े भीतजे आकाश आनंद के दो अक्तूबर को अपने एक्स अकाउंट के जरिए उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के बाद सोमवार को उन्हें चौथी बार पार्टी में इंट्री दे दी। मायावती ने एक्स अकाउंट के माध्यम से आकाश को फिर से पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाए जाने की घोषणा की।

मायावती ने कहा कि पूरा बहुजन समाज ही उनका विराट परिवार है और उनका हित व कल्याण मेरे लिए सर्वोपरि है। इसी वजह से पार्टी में अनुशासन बनाए रखने के लिए ही उन्होंने बीते दिनों कुछ कड़े फैसले लिए थे। मेरे अपने भाई-बहन व उनके परिवार के लोग भी कभी अपवाद नहीं रहे हैं। मायावती ने कहा कि वैसे आकाश का व्यक्तित्व पार्टी में काफी हद तक ठीक ही रहा है लेकिन कुछ ऐसे कारण भी रहे, जिनकी वजह से पार्टी संगठन में कई बार जरूरी परिवर्तन करने पड़े। आखिरकार आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को राजनीति से संन्यास लेने के लिए मजबूर भी होना पड़ा।

मायावती ने आकाश की वापसी के लिए उनकी ओर से दो अक्तूबर को एक्स अकाउंट पर की गई पोस्ट का जिक्र भी किया। मायावती ने इस निर्णय के लिए पार्टी के पदाधिकारियों के साथ ही अपने भाई व आकाश के पिता आनंद कुमार तथा छोटे भतीजे ईशान आनंद की सहमति का भी हवाला दिया है। मायावती ने एक बार फिर अपना निर्णय बदलने के साथ ही आकाश को चेतावनी भी दी है। मायावती ने कहा कि ईशान आनंद ने अपनी मिशनरी भावना प्रदर्शित करते हुए ● शेष पेज 11 पर

निर्वाचन आयोग के फैसले कानून के मुताबिक नहीं पाए गए तो कर देंगे रद्द

सीईसी को निलंबित करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

एजेंसी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान कथित तौर पर कानून और संवैधानिक प्रावधानों अनदेखी कर फैसले लेने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने का आदेश देने से इनकार कर दिया। हालांकि शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी करते हुए साफ किया है कि 'फैसले जो कानून के मुताबिक नहीं पाए जाएंगे, उन्हें रद्द कर दिया जाएगा।'

देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और वी. मोहना की पीठ ने उन याचिकाओं पर केंद्र सरकार और भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है, जिनमें आरोप लगाया गया है कि एसआईआर के मुद्दे पर सीईसी कुमार ने निर्वाचन आयोग के दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों की आपत्ति को नजरअंदाज करते हुए अकेले फैसले किए हैं, जो कि कानून की नजर में उचित नही है। याचिका में मामले का निपटारा होने तक मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने और आयोग की ओर से अकेले कोई भी फैसला लेने पर रोक लगाने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सीईसी कुमार को निलंबित करने या फैसला लेने पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि आदेश पारित करने से पहले, केंद्र सरकार, निर्वाचन आयोग और अन्य संबंधित पक्षों का जवाब मांगा जाना चाहिए। पीठ ने 'हमें नोटिस जारी करना होगा। नोटिस के बाद, अगर वे आते हैं और रिपोर्ट से पता चलता है कि निर्वाचन आयोग का फैसला न तो बहुमत से लिया गया था और न ही सर्वसम्मति से, तो उन्हें उन फैसलों के बारे में सफाई देनी होगी।' इसके साथ ही, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार, भारत निर्वाचन आयोग, सीईसी ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी, उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग और महानिदेशक (आईटी) सीमा खन्ना को नोटिस जारी कर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि 'हम कानून में शामिल उस प्रावधान /छूट (इम्युनिटी) शर्त की जांच कर सकती है जो मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद छोड़ने के बाद भी किसी भी तरह की कार्रवाई से सुरक्षा देती है। उन्होंने कहा हम सभी फैसलों की जांच करेंगे। यदि कोई फैसला कानून के मुताबिक नहीं है, तो हम उसे रद्द कर देंगे। आप कोर्ट की ताकत जानते हैं।' इससे पहले याचिकाकर्ताओं में से एक राकेश कुमार सिंह की ओर से वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने अंतरिम तौर पर सीईसी कुमार को आगे ● शेष पेज 11 पर

फार्म-6 में बदलाव को नहीं दी है मंजूरी : सीजेआई

देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने सोमवार को साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में किसी भी बदलाव को मंजूरी नहीं दी है। सीजेआई का यह टिप्पणी, इसलिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 29 सितंबर को दावा किया था कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एआईआर) प्रक्रिया के लिए मदताओं का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के साथ जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी है। सीजेआई ने उस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की है, जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की आपत्ति को दरकिनार कर निर्वाचन आयोग की ओर से लिए गए फैसलों को रद्द करने की मांग की गई है। फार्म-6 में बदलाव के जरिए जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को लेकर राजनीतिक दलों का विरोध तब और बढ़ गया जब यह बात सामने आई कि निर्वाचन आयोग के अन्य निर्वाचन आयुक्तों की आपत्ति के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने अकेले यह निर्णय लिया। अन्य निर्वाच आयुक्तों ने यह कहते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी कि केंद्र सरकार द्वारा मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 में संशोधन किए बगैर फार्म-6 में बदलाव नहीं किए जा सकते। सीजेओई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा 'यह अदालत रिकॉर्ड की जांच करके यह पता लगाएगी कि फार्म-6 में बदलाव किसने किए हैं। सीजेआई ने कहा 'सुप्रीम कोर्ट ने फॉर्म-6 के किसी भी बदले हुए स्वरूप को मंजूरी नहीं दी है। यह बात साफ होनी चाहिए। जब ??रिकॉर्ड पेश किया जाएगा, तो हम देखना चाहेंगे कि इसमें बदलाव किसने किया है।' सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की ओर से दाखिल याचिका पर विचार करते हुए यह टिप्पणी की है। त्रिपाठी ने शीर्ष अदालत में दाखिल याचिका में एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयुक्त डॉ. एसएस

नगर आयुक्त ने फैजुल्लागंज, दाऊदनगर व लोहरामऊ में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

❒ जल निकासी, मोटर बोट, प्रकाश, भोजन, पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और स्वास्थ्य सुरक्षा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोमती नदी के बढ़ते जलस्तर और बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश के कारण जोन-3 के फैजुल्लागंज क्षेत्र में उत्पन्न जलभराव की स्थिति को देखते हुए नगर निगम द्वारा राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी हैं। सोमवार को नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार जी ने फैजुल्लागंज, दाऊदनगर और लोहरामऊ क्षेत्र का निरीक्षण कर मौके पर चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था, नाव एवं



मोटर बोट की उपलब्धता, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव तथा प्रभावित लोगों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राहत कार्यों में पूरी तत्परता बरतने और नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मोटर बोट्स उतारी गईं, लोगों के लिए मोबाइल चार्जिंग की सुविधा

जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षित आवाजाही के लिए नगर निगम द्वारा मोटर बोट्स भी उतारी गई हैं। आवश्यकता के अनुसार इनका उपयोग लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने तथा राहत कार्यों में किया जा रहा है। वहीं, प्रभावित नागरिकों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था भी की गई है। इससे जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों को अपने मोबाइल फोन चार्ज करने की सुविधा मिल सकेगी और वे अपने परिजनों एवं प्रशासन से संपर्क में रह सकेंगे।

पंपसेट से पानी की निकासी जारी

अभियंत्रण विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर पंपसेट लगाकर जल निकासी कराई जा रही है। ओवरब्रिज के निकट भी पंप लगाकर पानी निकालने का कार्य जारी है, जिससे जलस्तर को कम किया जा सके। नगर निगम की टीमें जल निकासी की स्थिति पर लगातार निगरानी कर रही हैं।

ड्रोन से एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग

जलभराव के कारण मच्छरजनित रोगों की आशंका को देखते हुए क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। इसके साथ ही लगातार फॉगिंग और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी किया जा रहा है, ताकि मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित किया जा सके और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो।

प्रकाश, नाव और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था

प्रभावित क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा प्रकाश की व्यवस्था की गई है तथा स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। लोगों की आवाजाही के लिए नाव एवं मोटर बोट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही जलभराव से प्रभावित लोगों के लिए भोजन एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है। नागरिकों की सुविधा को देखते हुए क्षेत्र में मोबाइल टॉयलेट भी उपलब्ध कराए गए हैं।

रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर इंस्टॉलेशन के मामले में यूपी देश में प्रथम स्थान पर: ए के शर्मा

❒ प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश में 8,76,500 अधिक रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर इंस्टॉलेशन किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 8,76,500 से अधिक रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर इंस्टॉलेशन के मामले में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उत्तर प्रदेश ने गुजरात को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'हर घर सौर ऊर्जा' के संकल्प तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के प्रयास और निरंतर मॉनिटरिंग का परिणाम है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा जी की निरंतर मॉनिटरिंग में यूपीनेडा, बिजली विभाग, डिस्कॉम, बैंकिंग संस्थानों



और अधिकृत वेंडर्स के समन्वित प्रयासों से योजना को मिशन मोड में आगे बढ़ाया गया। जिला स्तर पर नियमित समीक्षा, बैंकिंग फॉलोअप, मीटरिंग की निगरानी और लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण से रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन की गति में तेजी आई है।


नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए के शर्मा ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2,942 मेगावाट से अधिक रूफटॉप सोलर क्षमता स्थापित हो चुकी है, जिससे प्रतिदिन 1.32 करोड़ यूनिट से अधिक स्वच्छ बिजली उत्पादन की क्षमता है। इससे न केवल लाखों परिवारों के बिजली खर्च में कमी आ रही है, बल्कि प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता भी मजबूत हो रही है। रूफटॉप सोलर से लगभग 11,700 एकड़ भूमि के बराबर भू-आवश्यकता से बचाव और 34 लाख टन से अधिक वार्षिक CO उत्सर्जन में कमी का अनुमान है। यह पर्यावरणीय लाभ लगभग 15 करोड़ से अधिक पेड़ों द्वारा 1 वर्ष में अवशोषित किया जाने वाले कार्बन के बराबर माना जा सकता है।प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी पैदा किए हैं। यूपीनेडा द्वारा 8,000 से अधिक वेंडर्स को इम्पैनल्ड किया गया है, जिसके माध्यम से सौर ऊर्जा क्षेत्र में एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। वहीं, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जेवर, दादरी, मथुरा और गाजियाबाद सहित प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में सोलर मैन्युफैक्चरिंग और इससे जुड़े उद्योगों का इकोसिस्टम तेजी से विकसित हो रहा है। योजना की सफलता का असर जनपदों की रैंकिंग में भी दिखाई दे रहा है। प्रदेश के 15 जनपद देश के टॉप-100 में शामिल हैं। इनमें लखनऊ ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया है, जबकि वाराणसी 10वें स्थान पर है।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नैनी पुलिस का सघन चेकिंग अभियान, संदिग्धों में हड़कंप



नैनी, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। त्योहारों व सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थाना नैनी पुलिस ने रविवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक नैनी अविनाश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बा नैनी, मामा-भांजा तालाब, सरगम तिराहा, छिवकी रेलवे स्टेशन रोड और एडीए मोड़ सहित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों की गहन तलाशी ली। अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों और अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों को लाउड हेलर के माध्यम से चेतावनी दी गई और यातायात व्यवस्था में सहयोग करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

आकांक्षी ब्लॉक कोराँव की जमीनी हकीकत परखने के लिए विशेष सचिव ने निरीक्षण किया



कोराँव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आंकड़ों में विकास की तस्वीर व जमीनी हकीकत परखने के लिए विशेष सचिव आई ए एस प्रेरणा शर्मा ने सोमवार दोपहर विकासखंड मुख्यालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। विशेष सचिव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा वितरण केंद्र, पंजीकरण,टीकाकरण, दवा भंडारण एवं प्रसव केंद्र नॉर्मल प्रसव ऑपरेशन प्रसव, उप स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ प्राथमिक विद्यालय एवं पंचायत भवन एवं का स्थलीय निरीक्षण किया। जिस पर विशेष सचिव ने जांचों परांत संतुष्टि जताई। इस दौरान मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी राहुल मिश्रा ए डी ओ पंचायत विवेक मिश्रा सी एच सी अधीक्षक डॉक्टर के वी सिंह डॉ धर्मेंद्र सिंह डा सुरेश बिन्द आदि लोग मौजूद रहे।

बूथ अध्यक्ष से राज्यसभा प्रत्याशी तक पहुंचे विद्यासागर सोनकर

जौनपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता । यूपी के जौनपुर से भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए घोषित आठ प्रत्याशियों में जौनपुर के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर को भी उम्मीदवार बनाया है। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने सोमवार को प्रत्याशियों के नामों को मंजूरी दी। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों के लिए 16 अक्टूबर को मतदान होना है। विद्यासागर सोनकर का राजनीतिक सफर बूथ स्तर से शुरू होकर विधानसभा परिषद और लोकसभा तक पहुंचा है। उनका जन्म 21 जुलाई 1961 को हुआ। इनका निवास स्थान शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सुखीपुर में है। वह अधिवक्ता, कृषक तथा राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी जुड़े रहे हैं।सोनकर छात्र जीवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और वर्ष 1985 में भाजपा के बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद उन्होंने संगठन में विभिन्न पदों पर काम किया। वर्ष 1989 में जौनपुर नगरपालिका के सभासद निर्वाचित हुए। वर्ष 1996 में वह सैदपुर लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए। इसके बाद पार्टी संगठन में जौनपुर जिलाध्यक्ष समेत कई जिम्मेदारियां निभाईं। सोनकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। इसके अलावा प्रदेश संगठन में महामंत्री सहित विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी संभाली। वर्ष 2016 में उन्हें विधान परिषद सदस्य बनाया गया। 2009 के लोकसभा और 2017 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन वह संगठन में सक्रिय रहे।2022 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की ओर से निकाली गई छह यात्राओं की जिम्मेदारी भी सोनकर को दी गई थी। संगठन में लंबे अनुभव और जमीनी स्तर पर सक्रियता के चलते पार्टी ने उन्हें अब राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। श्री सोनकर के उम्मीदवार बनाए जाने से जनपद में हर्ष का माहौल है।

संवाद, संकल्प और सफलता के मूलमंत्र के साथ यूपी राइज का हुआ आयोजन

झांसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। संवाद, संकल्प और सफलता के मूलमंत्र के साथ बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के गांधी सभागार में सोमवार को यूपी राइज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर मुकेश पांडेय ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आयोजन में नवाचारी युवाओं ने अपने स्टार्टअप आइडियाज को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के साथ ही आसपास के कई जिलों से आए विद्यार्थियों एवं नवाचारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर युवाओं और नवाचारियों को योगी सरकार की उन योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से वे अपने स्टार्टअप के लिए आर्थिक मदद या व्यवसाय के लिए ऋण प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम स्थल पर इन योजनाओं में पंजीकरण कराने के लिए संबंधित विभागों की ओर से काउंटर लगाए गए। इस आयोजन में 12 स्टार्टअप्स की टीम ने अपने आइडियाज प्रस्तुत किए। इनमें से अभिषेक और निशांत के स्टार्टअप ऑन मिंट को विनर घोषित किया गया जबकि जबकि जुनैद रिजवान और सागर के स्टार्टअप इक्षू को रनर अवार्ड दिया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में स्टार्टअप फाउंडर, स्टूडेंट, विश्वविद्यालय के शिक्षक, स्टार्टअप मेंटोर, एक्सपर्ट उपस्थित रहे। नवाचारी युवाओं ने अपने आइडिया प्रस्तुत किए जिसे लेकर विशेषज्ञों ने सुझाव दिए और योगी सरकार की योजनाओं के माध्यम से आर्थिक मदद प्राप्त करने के तरीके बताए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कवि मुकुल शर्मा ने युवाओं को अपनी रचनाएं सुनाकर युवाओं का मनोरंजन किया। मेंटोर एवं निर्णायक मंडल के तौर पर कनेक्स्ट मारकॉम के डायरेक्टर अलाय रिजवी, स्टूफिट के सीईओ डॉ सैयद शुजात हैदर जाफरी, इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल के प्रेसिडेंट डॉ नूर आलम खान उपस्थित रहे। इसके अलावा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर एम एम सिंह, डॉ संदीप एवं अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर मुकेश पांडेय ने कहा कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना को पूरा करने में यूपी राइज जैसे आयोजन मददगार सिद्ध होंगे। युवाओं को अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहना होगा। यह आयोजन अवसर, नवाचार और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देने का काम करेगा।

सपा ने गांधी पार्क से कचहरी तक निकाला पैदल मार्च, कलेक्ट्रेट पर सौंपा ज्ञापन

अयोध्या,कैनविज टाइम्स संवाददाता । समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग और मतदाता सूची व चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन किया। गांधी पार्क से कचहरी तक पैदल मार्च निकाला गया। सांसद अवधेश प्रसाद ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला भी फूंका। इसके बाद कलेक्ट्रेट गेट पर सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। सांसद अवधेश प्रसाद ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर मतदाताओं के अधिकार प्रभावित किए जा रहे हैं। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर भाजपा के साथ मिलकर वोटों की चोरी कराने का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने अथवा इस्तीफा देने की मांग की। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय 'पवन पांडे' ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है। किसी पात्र नागरिक का नाम हटने से उसके मतदान के अधिकार पर असर पड़ता है। उन्होंने निर्वाचन आयोग से प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने और उठ रहे सवालों का जवाब देने की मांग की।

एडुलीडर्स सम्मान समारोह 2026: प्रदेश के 150 शिक्षकों को मिला एडुलीडर्स सम्मान

❒ शिक्षा में श्रीमद्भगवद्गीता के मूल्यों पर मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मथुरा । स्वप्रेरित और ऊर्जावान टेक्नोसेवी शिक्षकों के समूह एडुलीडर्स द्वारा मथुरा स्थित केएम विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय शैक्षिक समागम का सोमवार दोपहर समापन हुआ। शिक्षा में श्रीमद्भगवद्गीता आधारित मूल्यों का समावेश विषयक संगोष्ठी एवं एडुलीडर्स सम्मान समारोह 2026 के इस मंच से प्रदेश के 75 जनपदों से आए 150 उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए एडुलीडर्स सम्मान 2026 से नवाजा गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, विशिष्ट अतिथि बीएसए रतन कीर्ति एवं एडूलीडर्स के संस्थापक राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ सर्वेष्ट ने किया। प्राथमिक विद्यालय सिहुरा द्वितीय (विकास खंड राया,



मथुरा) की टीम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने ब्रजभाषा में संस्मरण सुनाकर उपस्थित शिक्षकों को भाव-विभोर कर दिया।

उन्होंने कहा गीता का निष्काम कर्म, स्थितप्रज्ञ और ध्यान योग का दर्शन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता और निर्णय क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। विशिष्ट अतिथि बीएसए मथुरा श्रीमती रतन कीर्ति ने एडुलीडर्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यदि शिक्षक हर बच्चे को अपना समझकर शिक्षा दे, तो शिक्षा का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा। डॉ. मनोज कुमार वार्ष्णेय (प्रवक्ता, आगरा) ने कहा कि शिक्षक की सफलता इसी में है कि वह बच्चे को योग्य, मुखर और प्रश्न पूछने में सक्षम बनाए। उन्होंने श्रेष्ठा योजना पर भी प्रकाश डाला। अतुल (स्वामी विवेकानंद मिशन, कन्याकुमारी ने इस बात पर बल दिया कि बच्चों को हर कार्य के बदले इनाम का लालच दिए बिना संस्कार दिए जाएं, तभी एक कुशल नागरिक का निर्माण संभव है।मनीष (सीखो-सिखाओ फाउंडेशन) ने शिक्षकों को अपने शैक्षणिक नवाचारों को आपस में साझा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ. सर्वेष्ट मिश्र ने टीम एडुलीडर्स द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी गतिविधियों की जानकारी दी और अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

समागम में सत्यमेव जयते ट्रस्ट के मुकेश जैन, ऋषिकुल इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य मदन मोहन शर्मा, सीखो-सिखाओ फाउंडेशन के प्रतिनिधि संजीव सिंह, केएम यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एन.सी. प्रजापति, रजिस्ट्रार डॉ. पूरन सिंह, रिसर्च सेंटर के डीन डॉ. अशोक कुमार तथा चांसलर सलाहकार डॉ. एस.पी. गोस्वामी सहित, जिला पंचायत अध्यक्ष के भ्राता भूप सिंह कुंतल सहित कई शिक्षाविदों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संयोजन मथुरा के शिक्षक नरेंद्र तिवारी एवं अरविंद शर्मा ने किया। इस दौरान मथुरा टीम द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। समारोह में प्रदेश भर से आए सैकड़ों शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बंद पड़े सिनेमा हॉल परिसर में मिला युवक का शव

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर सदर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को बंद पड़े सिनेमा हॉल परिसर में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली नगर पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मौत की वजह पता करने में जुटी है। हमीरपुर बस स्टैंड के पास एसबीआई बैंक रोड पर देशी शराब के ठेके के बगल में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान बाबू पुत्र ख्वाजा बख्श (30), निवासी गोरा देवी, कोतवाली नगर, हमीरपुर के रूप में की। मृतक के भाई भी मौके पर मौजूद थे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बाबू अत्यधिक शराब का सेवन करता था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। सीओ सदर यशपाल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

डिजिटल विकास के साथ बढ़ता ई-वेस्ट, पर्यावरण के लिए नई चुनौती: डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ ई-वेस्ट हंट: घरों में छिपे इलेक्ट्रॉनिक कचरे को मूल्यवान संसाधनों में बदलने की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । डिजिटल क्रांति ने हमारे जीवन को आसान और सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इसके साथ ई-वेस्ट यानी इलेक्ट्रॉनिक कचरे की चुनौती भी तेजी से बढ़ रही है। Global E-waste Monitor 2024 के अनुसार, वर्ष 2022 में दुनिया में रिकॉर्ड 6.2 करोड़ टन ई-वेस्ट उत्पन्न हुआ, जिसमें से केवल 22.3 प्रतिशत को औपचारिक रूप से एकत्र कर रिसाइकिल किया गया। वर्ष 2030 तक वैश्विक ई-वेस्ट बढ़कर 8.2 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि तेजी से डिजिटल होते भारत के लिए ई-वेस्ट प्रबंधन अब केवल पर्यावरण का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य, संसाधन संरक्षण और भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़ा



महत्वपूर्ण विषय है। इस संकट का एक बड़ा हिस्सा छोटे और कम कीमत वाले इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों से जुड़ा है–जैसे वायरलेस ईयरबड्स, चार्जिंग केबल, इलेक्ट्रॉनिक खिलौने और अन्य छोटे गैजेट्स। ये उत्पाद अक्सर तुरंत खरीदे जाते हैं, फिर घरों की दराजों में पड़े रह जाते हैं या घरेलू कचरे के साथ फेंक दिए जाते हैं। इनके उचित रिसाइक्लिंग न होने से इनमें मौजूद मूल्यवान संसाधनों का नुकसान होता है।

लोग अपने घरों की दराजों, अलमारियों और स्टोरेज स्पेस में पड़े पुराने या अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को खोजें और उन्हें अधिकृत ई-वेस्ट कलेक्शन एवं रिसाइक्लिंग केंद्रों तक पहुंचाएं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि "Reduce, Reuse, Repair @ Recycle" को जन-अभियान बनाना होगा। दिखने में छोटा एक गैजेट भी सामूहिक रूप से लाखों टन संसाधनों के नुकसान का कारण बन सकता है।

Net Zero Sarojininagar और Environment Warriors जैसी पहलें जागरूकता बढ़ाने, जिम्मेदार उपभोग को प्रोत्साहित करने और पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि ई-वेस्ट प्रबंधन को स्वच्छ, हरित और गदृप डुद्दन्ध भारत के संकल्प का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए–जहां हर अनुपयोगी गैजेट प्रदूषण का कारण बनने के बजाय संसाधनों की पुनर्प्राप्ति का अवसर बने।

एलपीजी वितरण की मांगों को लेकर कर्मचारियों ने कैंडल मार्च निकाला

हाथरस । उत्तर प्रदेश में हाथरस जिले के सादाबाद में एलपीजी वितरण व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न मांगों और समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को अनायसा भारत गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया। कर्मचारियों ने एजेंसी कार्यालय से कैंडल मार्च शुरू किया, जो जलेसर-मुरसान चौराहे तक पहुंचा। इस दौरान कर्मचारियों ने हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। सीएनजी से जुड़े कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। कर्मचारियों का कहना था कि एलपीजी वितरण व्यवस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण मांगें और समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। इनका समाधान नहीं होने के कारण कर्मचारियों में नाराजगी बनी हुई है। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगों को संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शांतिपूर्ण तरीके से कैंडल मार्च निकाला गया है।

माध्यमिक विद्यालयों जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता कल से शुरु

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता मंगलवार से पारकर इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू होगी। तीन दिन तक चलने वाली प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता को लेकर मैदान पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। खिलाड़ियों के लिए स्पर्धाओं के आयोजन की व्यवस्थाएं पूरी की जा रही हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक रितु तोमर ने सोमवार को बताया कि तीनों दिन अलग-अलग स्पर्धाएं कराई जाएंगी। इनमें जिले के माध्यमिक विद्यालयों से पहुंचने वाले खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ,मैं देवशरण पुत्र राजाराम, जाति- पटवा, निवासी- वार्ड नं0 16, ठाकुरान होली चौक, कस्बा व तहसील-बिसौली, जिला- बदायूँ, मेरे दो सगे पुत्र लकी देवल व सचिन देवल पुत्रगण देव शरण निवासी वार्ड नं016, ठाकुरान होली चौक, कस्बा व तहसील-बिसौली, जिला- बदायूँ, जो कि गलत संगत में रहते हैं तथा मेरे साथ दुर्व्यवहार व मानसिक प्रताड़ना करते हैं। अतः मैं इन दोनों को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। इनसे मेरा व मेरे परिवार का अब कोई संबंध नहीं है। भविष्य में इनके किसी भी लेन-देन, वित्तीय या गैर-कानूनी/आपराधिक कार्य की जिम्मेदारी इनकी स्वयं की होगी मेरी या मेरे परिवार/रिश्तेदारों की कोई जिम्मेदारी नहीं होग।

घोषणाकर्ता- देवशरण पुत्र राजाराम ,निवासी- वार्ड नं0 16, ठाकुरान होली चौक, कस्बा व तहसील-बिसौली, जिला- बदायूँ (उ0प्र0)

पूर्वोत्तर रेलव के यात्रियों एवं रेल परिवार को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिये नियमित जांच जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में यात्रियों एवं रेल परिवार को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल स्रोतों एवं वितरण प्रणाली की नियमित जांच की जा रही है।

इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी श्री आशीष जैन के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री आर.जे. चौधुरी के नेतृत्व में 28 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक मंडल में 577 अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण किए गए। वहीं, 52 जल नमूनों का बैक्टीरियोलॉजिकल परीक्षण तथा 02 नमूनों का रासायनिक विश्लेषण राज्य सरकार की प्रयोगशाला में कराया गया। पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा निर्धारित सैंपलिंग प्रोटोकॉल के तहत जल स्रोतों एवं वितरण बिंदुओं से नमूने लिए जा रहे हैं। जल टंकियों, वाटर कूलर, यूवी/आरओ सिस्टम, फिल्टर, वाटर टैप एवं पाइपलाइनों की नियमित सफाई,



डिसइंफेक्शन तथा प्रिवेंटिव मेंटेनेंस भी किया जा रहा है। चिकित्सा एवं इंजीनियरिंग विभाग की टीमें निर्धारित समय-सारणी के अनुसार निरीक्षण एवं अनुरक्षण कार्य कर रही हैं।

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की सेहत एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों, कार्यालयों एवं अन्य संबंधित स्थानों से पेयजल के नमूनों का गहन एवं व्यापक परीक्षण अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नियमित एवं विशेष जांच के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता की गहन जांच की जा रही है। प्रयोगशालाओं में जल के नमूनों का रासायनिक एवं जीवाणु संबंधी परीक्षण किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जल की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप है।

रेल प्रशासन इस दिशा में पूरी निष्ठा एवं गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। जल स्रोतों की नियमित सफाई, जल शोधन व्यवस्थाओं का निरंतर निरीक्षण तथा आवश्यकतानुसार त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। यात्रियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना रेलवे प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। रेल प्रशासन के ये प्रयास जन-स्वास्थ्य के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। अभियान को प्रभावी एवं सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं तथा निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है। रेलवे प्रशासन सभी यात्रियों एवं कर्मचारियों से अपील करता है कि वे स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा पेयजल से संबंधित किसी भी समस्या की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 157-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 IRERS की वेबसाइट यानि http://www.ireps.gov.in पर समापन तिथि 30.10.2026 समय (15:00 बजे) दो पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

NIT संख्या	157-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 दिनांक 01.10.2026
निविदा संख्या	157-Dy.CEE-C-LKO-2026-27
कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में जाफराबाद यार्ड सहित जौनपुर (JNU)–जाफराबाद (ZBD) दोहरीकरण के अतिरिक्त कार्य एवं मड़ियाहूं (MAY) यार्ड में दो अतिरिक्त लूप लाइनों के निर्माण के संबंध में एकल फेज, 50 हट्ज़्, 25 केवी एसी ओएचई की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य।
निविदा प्रपत्र लागत	कुछ नहीं।
लगभग निविदा मूल्य	रु. 16,51,94,106.30 /–
बोली सुरक्षा	रु. 33,03,900 /–
समापन की अवधि	18 (अठारह) माह
ऑफर की वैधता	90 दिन
IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक	01.10.2026
जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है	16.10.2026
निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय	30.10.2026 (15:00 बजे)
पात्रता मापदंड	निविदा दस्तावेज के अनुसार।

ध्यान दें:– 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। ''अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू-मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।'' टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

नं.: 157-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 दिनांक: 01.10.2026 3434/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्व मुख्य सचिव व स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ ने शिवरी सॉलिड वेस्ट प्लांट का किया निरीक्षण

❐ सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में लखनऊ नगर निगम के कार्यों की पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने की सराहना , विजिटर बुक में दर्ज की प्रशंसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पूर्व मुख्य सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को शिवरी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश शासन के निदेशक डॉ. ए.के. गुप्ता भी उपस्थित रहे। इस दौरान नगर निगम की ओर से अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, संजीव प्रधान तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेंद्र वर्मा ने शहर में ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर किए जा रहे कार्यों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण के बाद श्री सिंह ने किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

फ्रेश वेस्ट, कंपोस्ट और ग्रेन्यूल प्लांट का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान मनोज कुमार सिंह ने फ्रेश वेस्ट जैविक प्लांट, कंपोस्ट प्लांट और कंपोस्ट से ग्रेन्यूल तैयार करने वाले प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कचरे के वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण और उससे उपयोगी उत्पाद तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने प्लांट की लैब का भी निरीक्षण किया और वहां इस्तेमाल किए जा रहे विभिन्न उपकरणों तथा उनकी कार्यप्रणाली के बारे में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

नारियल कचरे से उपयोगी उत्पाद तैयार करने की पहल की सराहना

निरीक्षण के दौरान कोकोनट यूनिट की कार्यप्रणाली की भी जानकारी दी गई। नारियल कचरे से उपयोगी उत्पाद तैयार करने और इसे पर्यावरण के अनुकूल मॉडल के रूप में विकसित किए जाने की श्री मनोज कुमार सिंह ने सराहना की।

आईओटी आधारित व्यवस्था को बताया सराहनीय

मनोज कुमार सिंह ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) आधारित सिस्टम के इस्तेमाल की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि तकनीक के माध्यम से कार्यों की निगरानी और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने की दिशा में किए जा रहे प्रयास महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इन व्यवस्थाओं को आगे भी लगातार बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018-19 में नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव रहते हुए उन्होंने इस साइट का निरीक्षण किया था। उस समय प्लांट की स्थिति काफी खराब थी, जबकि पिछले दो-तीन वर्षों में इसमें बड़ा बदलाव हुआ है। निरीक्षण के बाद श्री मनोज कुमार सिंह ने विजिटर बुक में अपने अनुभव दर्ज करते हुए लिखा कि पिछले दो-तीन वर्षों में साइट का पूरी तरह कायाकल्प हुआ है।

बाढ़ में बर्बाद फसलों का सांसद ने लिया जायजा

❐ आरके चौधरी व अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने गांव-गांव पहुंचकर सुना किसानों का दर्द, एसडीएम को फोन कर शीघ्र सर्वे व मुआवजे की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ। लगातार बारिश और बाढ़ से किसानों की बर्बाद हुई फसलों का जायजा लेने सोमवार को सपा सांसद आरके चौधरी और पूर्व विधायक अंब्रीश सिंह पुष्कर मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रभावित गांवों में पहुंचे। दोनों नेताओं ने राती, जवाहर खेड़ा और रंजीत खेड़ा मजरा अहिनवार में खेतों में पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और किसानों से उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने बताया कि बाढ़ के पानी से धान समेत अन्य फसलें बर्बाद हो गई हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। किसानों की शिकायत पर सांसद आरके चौधरी ने मौके से ही एसडीएम मोहनलालगंज को फोन कर प्रभावित किसानों का शीघ्र सर्वे कराने और नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की। जवाहर खेड़ा में तहसील की लेखपाल-कानूनगो टीम नुकसान का जायजा लेती मिली, जिस पर सांसद ने सर्वे टीम भेजने के लिए एसडीएम का आभार जताया। सांसद ने कहा कि बाढ़ ने किसानों की मेहनत पर पानी फ़ेर दिया है। प्रशासन को बिना देरी सर्वे पूरा कर पीड़ित किसानों को राहत और मुआवजा दिलाना चाहिए। वहीं पूर्व विधायक अंब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि संकट की घड़ी में किसानों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और उनकी समस्याओं को हर स्तर पर उठाया जाएगा।

इस दौरान सपा विधानसभा अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा, संतोष रावत, अमरेन्द्र यादव, अशर्फी लाल धीमान, मोहम्मद हनीफ सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

कुर्सी रोड चौड़ीकरण में संशोधन की मांग को लेकर बैठक

❐ मौके पर पहुंचे प्राधिकरण के अधिकारी, सात अक्टूबर को उपाध्यक्ष के साथ होगी वार्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ महायोजना 2031 कुर्सी रोड के चैड़ीकरण में विसंगतियों में संशोधन की मांग को लेकर आज यहां आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के मुख्यालय, एमडीएस टॉवर, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के सामने कुर्सी रोड में बैठक बुलायी गयी है।

इस बैठक में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पाण्डेय, भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव, होटल व्यवसाय से जुड़ी व्यवसायी आराधना सहित व्यापारी, विभिन्न स्कूल, प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधि सहित चौड़ीकरण के जद में आने वाले भवन के स्वामी मौजूद व किसान उपस्थित थे। बैठक के दौरान लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्राधिकरण के अधिकारी पहुंचे और मौके पर ज्ञापन लेकर प्राधिकरण उपाध्यक्ष से मोबाइल पर वार्ता करवायी, जिसके उपरांत प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने सात अक्टूबर को वार्ता के लिए प्रतिनिधि मण्डल को बुलाया है। इससे पहले बैठक में ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि लखनऊ महायोजना 2031 कुर्सी रोड के चौड़ीकरण को लेकर तैयार की गयी योजना में संशोधन को लेकर पहले भी कई बैठकों और प्राधिकरण के साथ हुये पत्राचार के बारे में जानकारी दी। वहीं किसान नेता कमलेश यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने हितों की रक्षा के लिए किसानों, व्यापारियों और उद्यमियों को एकजुट होना बहुत जरूरी है। जबकि व्यापारी नेता अंजनी कुमार पाण्डेय ने कहा कि महायोजना के अन्तर्गत कुर्सी रोड के चौड़ीकरण होने से हजारों लोगो का परिवार प्रभावित हो इससे पहले एकजुट होकर इस योजना में संशोधन करवाया जा सके ताकि अधिक से अधिक नुकसान से बचा जा सके।

बारिश में ढहे मकान को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों का माल पार

❐ जेवरात व 45 हजार नकदी चोरी, पीड़ित ने पुलिस गश्त पर उठाए सवाल, नगराम थाने में दी तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के डिघारी गांव में बारिश के दौरान मकान ढहने के बाद चोरों ने घर को निशाना बना लिया। अज्ञात चोर अलमारी और बक्से खंगालकर सोने का मंगलसूत्र, टप्स, करीब 250 ग्राम चांदी की पायजेब और 45 हजार रुपये नकद समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए।

घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए नगराम थाने में तहरीर दी है। पीड़ित जगतपाल के मुताबिक बारिश के चलते कुछ दिन पहले उनका मकान ढह गया था। इसी दौरान 4 अक्टूबर की रात करीब एक से तीन बजे के बीच चोर घर में घुस आए और अलमारी व बक्सों के ताले खोलकर जेवरात और नकदी चोरी कर फरार हो गए। घटना के समय उनके बेटे विनीत और रूपेश अपनी पत्नियों व बच्चों के साथ दूसरे कमरों में सो रहे थे। सुबह चोरी का पता चलने पर घर में हड़कंप मच गया। पीड़ित का आरोप है कि क्षेत्र में पुलिस की नियमित गश्त होती तो शायद चोरों पर अंकुश लगाया जा सकता था। उन्होंने पुलिस से घटना का जल्द खुलासा कर चोरी गया सामान बरामद करने की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

जनसमस्याओं के समाधान को लेकर जगदीश्वरम विहार जनकल्याण समिति की बैठक



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। तकरोही स्थित जगदीश्वरम् विहार जनकल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समस्याओं के समाधान को लेकर अपने सुझाव एवं विचार रखे। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के प्रति अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाए जाने पर सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। सदस्यों का कहना था कि संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों का कई बार ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद अनेक समस्याओं का अपेक्षित समाधान नहीं हो सका है। समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब जनसमस्याओं को केवल बैठकों और चर्चाओं तक सीमित नहीं रखा जाएगा। समिति एकजुट होकर संगठित एवं लोकतांत्रिक तरीके से जनहित की आवाज को मजबूती से उठाएगी। क्षेत्र की जनता की मूलभूत सुविधाओं, अधिकारों और सम्मान के लिए संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों तक समस्याओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाकर उनके समाधान के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। बैठक में सभी सदस्यों ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है और एकता, संगठन एवं संघर्ष ही जनता की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में समिति के अध्यक्ष विजय शंकर पाण्डेय, संरक्षक आर. एस. शाक्य, महामंत्री राघवेन्द्र नाथ मिश्रा, कोषाध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी रमेश यादव, संगठन मंत्री राजकिशोर गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पी. एन. सिंह, उपाध्यक्ष अरविन्द शुक्ला, आदित्य मिश्रा, मंत्री अवधेश शुक्ला, एस. के. लाल, प्रभाकर मिश्रा, ऋषि, आफताब आलम, सत्यम चौहान, भजनलाल, अनिल चौरसिया, राजेश सिंह, हरीश बंसल, नन्दलाल शर्मा सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराना है। समिति का मानना है कि जब नागरिक एकजुट होकर अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए आवाज उठाते हैं, तो व्यवस्था को भी उनकी आवाज सुननी पड़ती है। समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से एकजुट होकर जगदीश्वरम् विहार को स्वच्छ, सुरक्षित, सुविधायुक्त एवं विकसित कॉलोनी बनाने के अभियान में सहयोग करने की अपील की।

जोन-4 में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई 19,700 रुपये शुल्क वसूला

❐ चन्दन हॉस्पिटल से चिनहट तिराहा तक चला अभियान, अतिक्रमणकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम जोन-4 में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार, 05 अक्टूबर 2026 को जोन-4 क्षेत्र में चन्दन हॉस्पिटल से चिनहट तिराहा, गोमतीनगर तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया।

जोनल अधिकारी जोन-4 श्रीमती शिल्पा कुमारी जी के निर्देशन में तथा कर अधीक्षक श्री राजनारायण कमल के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान अतिक्रमण शुल्क के रूप में 19,700 रुपये की धनराशि जमा कराई गई। अभियान में लिपिक श्री शिव शंकर राय, श्री राकेश चौधरी, श्री बीरेंद्र कुमार, श्री अजय यादव एवं श्री अर्पित शुक्ला सहित नगर निगम के 296 स्टाफ का सहयोग रहा। नगर निगम द्वारा जोन-4 क्षेत्र में सार्वजनिक मार्गों एवं स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए अभियान लगातार जारी रखा जा रहा है। अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को दोबारा अतिक्रमण न करने के लिए भी निर्देशित किया।

दाउदनगर में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए चौथे दिन भी जुटी विधायक डॉ. नीरज बोरा की टीम

❐ घर-घर पहुंचाया राशन व पानी समेत अन्य जरूरतों के सामान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोमती नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण दाउदनगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बने बाढ़ जैसे हालात के बीच क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा की टीम लगातार चौथे दिन भी राहत कार्य में जुटी रही। टीम के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित लोगों तक राशन सामग्री एवं पानी की बोतलें पहुंचाकर उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई।

राहत कार्य के दौरान टीम के सदस्यों ने जलभराव वाले रास्तों से गुजर रही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की मदद की। वहीं कई स्थानों पर फंसे पालतू जानवरों को भी सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का कार्य किया गया।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से दाउदनगर क्षेत्र में गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। बड़ी संख्या में लोग अपने घरों में ही रहने को मजबूर हैं। ऐसे में विधायक डॉ. नीरज बोरा के निर्देश पर राहत सामग्री पहुंचाने के लिए टीमों का गठन कर उन्हें अलग-अलग प्रभावित क्षेत्रों में रवाना किया गया।

विधायक की टीमों ने लोहरा मऊ, गणेशपुर, कैलाश विहार, बदनाम होटल क्षेत्र, आका विहार और मुर्दहिया सहित विभिन्न बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को राशन खाद्य सामग्री एवं पानी की बोतलें वितरित कीं। राहत कार्य में सतीश वर्मा, लवकेश सिंह, बबलू चौधरी, आशुतोष सिंह, राजीव सिंह, शिवम श्रीवास्तव, शैलेंद्र स्वर्णकार, सत्यम तिवारी, आयुष यादव, सनी दीक्षित, शैलेंद्र मौर्य, विवेक राजपूत, शिवम गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

सीएम के आगमन की भनक लगते ही बाढ़ग्रस्त इलाकों में पहुंची एसडीएम



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नदियों में छोड़े गए पानी से इलाके के आधा दर्जन गांवों में बाढ़ के पानी ने तबाही मचा रखी है। जिससे फसलें जलमग्न हो गयी हैं और ग्रामीणों के सामने पशुओं के चारे की बिकराल समस्या खड़ी हो गयी है। उधर लगभग हफ्तेभर से गोमती के जलस्तर में वृद्धि के बावजूद मलिहाबाद तहसील का कोई भी जिम्मेदार बाढ़ ग्रस्त इलाके को देखने तक नहीं पहुंचा था। वहीं इटौंजा क्षेत्र में मुख्यमंत्री के आगमन की भनक लगते ही एसडीएम मलीहाबाद अपराजिता आर्यन तहसीलदार सहित बाढ़ क्षेत्र ग्रसित गांवों टिकरी कला, बदैयां, बहरोरा और निकरोजपुर गांवों में पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों से जानकारी ली।साथ ही बहरउरा गांव में लोगों को आश्वासन दिया कि यदि बाढ़ का पानी अधिक बढ़ता है और कोई संकट की समस्या बनती है तो आप लोग गांव के दक्षिण में ऊंचे स्थान पर परिवारों को लेकर पहुंच जाये। निकरोपुर गांव में गोमती नदी का पानी लगभग दर्जनभर घरों में पहुंच गया है। जहां एसडीएम ने ग्रामीणों ने कहा कि आप लोग स्कूल में तब तक ठहर जाएं आप को वहीं राशन पानी दिया जाएगा। वहीं स्कूल के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया है कि बाढ़ पीड़ितों के लिए स्कूल को रात दिन खुला रखा जाय, जिससे बाढ़ पीड़ित उसमें सेन ले सकें। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि फसलों के नुकसान के लिए सभी लोग अपने अपने हल्के के लेखपाल को नुकसान का ब्यौरा नोट करा दें जिससे नुकसान का आंकलन कर सहायता मुहैया कराई जा सके। एसडीएम के साथ कई लेखपाल व नायब तहसीलदार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

बेहता नाले का जलस्तर घटते ही स्वास्थ्य विभाग ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



मलिहाबाद,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेहता नाले का जलस्तर घटने के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक बीमारियों के खतरे को देखते हुए उपजिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में 131 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान लोगों को जलजनित और संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक भी किया गया। बताते चलें कि शनिवार को नगर पंचायत निवासी अमान हसन खां ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में नगर पंचायत के तीन वार्डों समेत कई गांवों में जलभराव, तालाबों में गंदगी और जलजनित बीमारियों के खतरे का मुद्दा उठाया था। उन्होंने बेहता नाले में पानी छोड़े जाने पर तत्काल रोक लगाने समेत अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने जलभराव और गंदगी के चलते संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका जताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। सोमवार को बेहता नाले का जलस्तर कम होने के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुए उपजिलाधिकारी अपराजिता आर्यन (आईएएस) के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार के निर्देशन और डॉ. शालिनी वर्मा की देखरेख में आयोजित शिविर में कुल 131 मरीजों की जांच की गई। इनमें 58 महिलाएं, 31 बच्चे और 42 पुरुष शामिल रहे। जांच के दौरान बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी, त्वचा रोग, पेट दर्द, उल्टी-दस्त समेत बारिश और जलभराव से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से पीड़ित मरीज मिले। चिकित्सकों ने जांच के बाद मरीजों को आवश्यक दवाएं निःशुल्क वितरित कीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को साफ-सफाई रखने, पानी उबालकर पीने, क्लोरीन की गोलियों का इस्तेमाल करने और आसपास ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने के लिए जागरूक किया। साथ ही जलभराव वाले क्षेत्रों में संक्रमण से बचाव के जरूरी उपाय भी बताए गए। शिविर में स्टाफ नर्स शालिनी पॉल, एएनएम रिचा पटेल, आशा संगिनी रूबी समेत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

कान्हा उपवन गौशाला की व्यवस्थाओं का मनोज कुमार सिंह ने किया अवलोकन

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ। पूर्व मुख्य सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को नादरगंज-अमौसी स्थित कान्हा उपवन गौशाला का औपचारिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बाड़ों में जाकर गोवंशों की स्थिति, उनके रख-रखाव, चारा-पानी, साफ-सफाई और देखभाल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गोवंशों को गुड़ भी खिलाया।

निरीक्षण के दौरान मनोज कुमार सिंह ने गौशाला की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों तथा कर्मचारियों से गोवंशों की देखभाल से जुड़ी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने चारा, स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था को अच्छा बताया।

डॉ. अरविंद कुमार राव के नेतृत्व की विशेष सराहना

मनोज कुमार सिंह ने गौशाला के संचालन और व्यवस्थाओं की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. अरविंद कुमार राव के सक्षम नेतृत्व में कान्हा उपवन को अच्छी तरह विकसित और संचालित किया गया है। उन्होंने यहां गोवंशों के रख-रखाव और देखभाल के स्तर को उच्च मानक का बताया।

विजिटर बुक में लिखा- दोबारा देखने पर पूरी तरह बदली नजर आई व्यवस्था

निरीक्षण के बाद श्री मनोज कुमार सिंह ने विजिटर बुक में अपनी टिप्पणी दर्ज की। उन्होंने लिखा कि डॉ. अरविंद कुमार राव के सक्षम नेतृत्व में कान्हा गौशाला को बहुत अच्छी तरह स्थापित किया गया है। यहां रख-रखाव का स्तर बहुत ऊंचा है और गौशाला में रखे गए गोवंश एवं नंदी स्वस्थ हैं तथा उनकी अच्छी तरह देखभाल की जा रही है। उन्होंने "Excellent Work" लिखते हुए गौशाला की टीम के कार्य की सराहना की तथा सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि गौशाला से तैयार होने वाले बाय-प्रोडक्ट को अब अगले स्तर तक ले जाने की दिशा में काम किया जाए।

10 हजार से अधिक गोवंशों के संरक्षण की व्यवस्था

कान्हा उपवन लखनऊ नगर निगम द्वारा संचालित प्रमुख गोशालाओं में है। यहां करीब 10 हजार से अधिक निराश्रित गोवंशों के संरक्षण, भरण-पोषण, चिकित्सा और देखभाल की व्यवस्था है। वर्ष 2025 में इसे ऋह्म 9001:2015 प्रमाणन मिला था और मार्च 2026 में प्रबंधन एवं संचालन की गुणवत्ता के लिए ढ्ढख्रघ्र प्रमाणन मिला था।

मनोज कुमार सिंह की टिप्पणी में भी इसी दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत पर जोर दिया गया। उनके निरीक्षण और टिप्पणी से स्पष्ट है कि अच्छी देखभाल के साथ गौशाला से जुड़े बाय-प्रोडक्ट को भी अगले स्तर तक ले जाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

सरकारी निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप, विधायक ने किया औचक निरीक्षण

❐ मोहनलालगंज विधायक अमरेश रावत ने एसडीएम से फोन वार्ता कर जांच के आदेश दिए

कैनविज टाइम्स संवाददात



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद भाजपा विधायक अमरेश रावत ने सोमवार को मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। विधायक ने बरवलिया-हिलगी गांव में चल रहे रामलीला मैदान निर्माण कार्य का मौके पर जाकर जायजा लिया, जहां निर्माण में खामियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

निरीक्षण के दौरान पीली ईंट और घटिया सामग्री से निर्माण कार्य कराए जाने की पुष्टि सामने आई। इस पर विधायक अमरेश कुमार रावत ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को फटकार लगाई और निर्माण कार्य में लापरवाही पर कड़ी आपत्ति जताई। विधायक ने धरनी इंफ्रा द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर एसडीएम मोहनलालगंज से वार्ता कर पूरे मामले की जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी धन से हो रहे निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई होगी। विधायक के औचक निरीक्षण से निर्माण एजेंसी में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने विधायक की इस पहल की सराहना की है।

घर में घुसकर लाखों के जेवर चोरी, छत के रास्ते दाखिल हुए चोर

सरोजनीनगर, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। हाइडिल कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर आलमारी का ताला तोड़ लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। राजकमल विहार हाइडिल कॉलोनी निवासी दीपक शाह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 अक्टूबर की रात से 4 अक्टूबर की सुबह के बीच अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। इसके बाद आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने और चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक चोरी हुए सामान में सोने के कान के झुमके, नथ, मांग टीका, चार कंगन, हाथ का पैजाब, चांदी की एक जोड़ी पायल, कमरबंद और बिछिया शामिल हैं। पीड़ित ने चोरी हुए जेवरात की कीमत लाखों रुपये बताई है। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने थाना सरोजनीनगर में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर चोरी हुए जेवरात बरामद कराने और अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खाद्यान्न घोटाला मामले में सीतापुर में बड़ी कार्रवाई

❐ डिप्टी आरएमओ और जिला पूर्ति अधिकारी हटाए गए प्रभारी मंत्री के निर्देश के बाद शासन ने लिया फैसला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। सरकारी खाद्यान्न वितरण में सामने आई अनियमितताओं के मामले में शासन ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। डिप्टी टफ्ग और जिला पूर्ति अधिकारी को सीतापुर से हटा दिया गया है। यह कार्रवाई सीतापुर के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय के निर्देशों के बाद किए जाने की जानकारी सामने आई है।

दरअसल सीतापुर में मिड-डे मील के खाद्यान्न की आपूर्ति में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया था। परिवहन ठेकेदार रवि मिश्रा द्वारा निर्धारित उचित दर दुकानों तक खाद्यान्न नहीं पहुंचाए जाने के मामले में मंत्री ने जिलाधिकारी को एफआईआर दर्ज कराने संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करने तथा निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए थे। मामले में प्रशासनिक स्तर पर जिम्मेदारी तय किए जाने के बाद अब डिप्टी टफ्ग और जिला पूर्ति अधिकारी को हटाए जाने की कार्रवाई को खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में जवाबदेही तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस प्रकरण में पहले ही 1793 क्विंटल खाद्यान्न की हेराफ़ेरी के मामले में ठेकेदार दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने और पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी के लिए ?20 हजार का इनाम घोषित किया जा चुका हैं।

अब आगे की कार्रवाई पर नजर

शासन की इस कार्रवाई के बाद यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रकरण में अन्य जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका पर क्या कार्रवाई होती है तथा सरकारी खाद्यान्न की कथित हेराफ़ेरी की पूरी रकम की वसूली कब तक होती है।

09 अक्टूबर से शुरू होगी ओसीएफ रामलीला, 10 अक्टूबर से होगा मंचन शुरू

❐ प्रमुख स्थानों पर लगेगें सीसीटीवी कैमरे, मेले में रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। ओसीएफ रामलीला का शुभारम्भ 09 अक्टूबर को गणेश पूजन से होगा और 10 अक्टूबर से रामलीला मंचन समिति के कलाकार मंचन शुरू करेंगे। यह जानकारी आर्डनेंस क्लब में हुई प्रेसवार्ता के दौरान रामलीला समिति के संरक्षक। ओसीएफ के मुख्य महाप्रबंधक श्रीकांत एस डोईफोडे ने दी है। उन्होंने बताया कि रामलीला का मंचन प्रतिदिन शाम सात से रात दस बजे तक होगा। जबकि 21 अक्टूबर को रावण वध तथा पुतला दहन और 22 अक्टूबर को शोभा यात्रा व रात्रि में भरत मिलाप एवं श्रीराम राज्याभिषेक का मंचन होगा। 30 अक्टूबर को रात्रि 08 बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन श्रीरामलीला मैदान में किया जाएगा। बताया कि रामलीला मंचन का सीधा प्रसारण भी होगा। साथ ही 02 बड़े एलईडी वाल्स भी मंच के सामने लगाए जाएंगे। दर्शकों की सुविधा के लिए मैदान में 40 से 50 फिट चौड़े रास्ते दिए जा रहे हैं। दर्शकों के लिए पीने का पानी तथा शौचालयों का समुचित प्रबंध रहेगा। साथ ही निश्चित स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था भी होगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए ओसीएफ की सुरक्षा टीम के साथ ही पुलिस कैम्प, होमगार्ड कैम्प तथा सीएमपी कैम्प लगाए जाएंगें। लोकल इन्टेलिजेंस की सहायता से संदिग्ध व्यक्तियों पर निगाह रखी जाएगी। इसके अलावा मैदान के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगें। साथ ही दुर्गा पूजा के समय ड्रोन कैमरों की भी व्यवस्था रहेगी। पूरे मेले पर नजर रखने के लिए काफी ऊंचाई पर वाच टावर लगाए जा रहे हैं तथा प्रकाश व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जाएगा। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के छोटे-बड़े झूले व खेल तमाशे भी लगाए जा रहे हैं। बताया कि मेले में मेडिकल तथा फायर ब्रिगेड कैम्प भी लगेगें। जिनमें एम्बुलेंस तथा फायर ब्रिगेड वाहन, फायर टेण्डर उपलब्ध रहेंगे। रामलीला मैदान में कोई भी वाहन प्रवेश नहीं करेगा और मैदान के चारों तरफ पार्किंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। बताया कि इस वर्ष समिति की ओर से तीन स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था रहेगी। कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि मेला पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो और विशेषकर महिलाओं तथा बच्चों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। इस दौरान समिति के अध्यक्ष एसएस मीणा, महासचिव ऋषि बाबू, मदन मोहन त्रिपाठी, बलवीर सिंह, एचएल कुमावत, विनीत श्रीवास्तव, राजेश कंचन, गोविन्द कृष्ण बाजपेयी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बड़ा गांव का पशु अस्पताल बना सफ़ेद हाथी! डॉक्टर नदारद, ताले में कैद इलाज, पशुपालक बेहाल

❐ सरकारी अस्पताल है या सिर्फ नाम का बोर्ड? महीनों से चिकित्सक के इंतजार में पशुपालक, निजी डॉक्टरों के भरोसे इलाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नकहा, खीरी। विकासखंड नकहा की ग्राम पंचायत बड़ा गांव में बना सरकारी पशु चिकित्सालय इन दिनों अपनी बदहाली को लेकर सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों की सरकारी व्यवस्था के बावजूद अस्पताल पशुपालकों के किसी काम नहीं आ रहा। अस्पताल कभी खुलता है तो कभी ताले में बंद नजर आता है और सबसे बड़ा सवाल–आखिर पशुओं का इलाज करेगा कौन?

ग्रामीणों के मुताबिक अस्पताल पर नियमित रूप से पशु चिकित्सक की मौजूदगी नहीं रहती। कई बार पशुपालक अपने बीमार पशुओं को लेकर अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन वहां चिकित्सक नहीं मिलने से उन्हें 10 से 15 किलोमीटर दूर निजी डॉक्टरों के पास जाना पड़ता है। इससे गरीब और छोटे पशुपालकों पर इलाज का अतिरिक्त खर्च और समय दोनों का बोझ पड़ रहा है।

ताला लटका या डॉक्टर गायब–जवाबदेही किसकी?

ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी पशु चिकित्सालय होने के बावजूद यदि समय पर चिकित्सकीय सुविधा ही नहीं मिलती तो इस अस्पताल का संचालन आखिर किस उद्देश्य से किया जा रहा है? पशुओं में बीमारी फैलने या किसी आपात स्थिति में समय पर इलाज न मिलने से पशुपालकों को आर्थिक नुकसान का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों और जिला प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर अस्पताल की वास्तविक स्थिति की जांच कराने, नियमित पशु चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने और अस्पताल को निर्धारित समय पर संचालित कराने की मांग की है। अब सवाल बड़ा है–सरकार ग्रामीण पशुपालकों को स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए अस्पताल तो बना रही है, लेकिन जब अस्पताल में डॉक्टर ही नहीं मिलेगा तो इलाज की व्यवस्था किसके भरोसे चलेगी?

ग्रामीणों की मांग है कि सिर्फ कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर भी बड़ा गांव का पशु अस्पताल पूरी तरह सक्रिय दिखाई दे।

तमंचा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना कोतवाली पुलिस ने देशी तमंचा और कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। बीती शाम थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति मोहल्ला मघईटोला से बरेली-लखनऊ हाईवे की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित कान्हा गौशाला के पास बने ट्यूबवेल के पास खड़ा है, जिसके पास तमंचा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ट्यूबवेल के पास से तमंचा कारतूस समेत अभियुक्त को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रहीश अहमद उर्फ गुड्डू पुत्र सगीर अहमद निवासी मोहल्ला हयातपुरा थाना कोतवाली बताया। पुलिस ने अभियुक्त रहीश अहमद के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया और विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक विवेक कुमार के साथ हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल सुकांत सागर, अजय शर्मा मौजूद रहे।

जागृति ग्रुप फाउंडेशन के निःशुल्क नेत्र शिविर में 237 मरीजों की जांच

❐ शिविर में 30 मोतियाबिंद रोगी सर्जरी के लिए चिन्हित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। समाजसेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में सक्रिय जागृति ग्रुप फाउंडेशन के सहयोग से 04 अक्टूबर को सिटी पार्क स्थित ईश्वर प्रकाश आई क्लीनिक में निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। यह क्लीनिक डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मोहम्मदी की शाखा है। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को नेत्र संबंधी जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही आमजन को आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में लगभग 237 मरीजों की जांच की गई। इनमें से 120 मरीजों को रिफ्रैक्टिव एरर के आधार पर चश्मे का नंबर दिया गया, जबकि 30 मरीजों को मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया। चिन्हित मरीजों को सर्जरी के लिए डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मोहम्मदी भेजा गया है, जहां उनकी सर्जरी निःशुल्क की जाएगी।

शिविर में डॉ. तनीषा मित्तल, डॉ. युक्ति अग्रवाल एवं डॉ. नौरीन बाटुल ने विभिन्न नेत्र संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, कॉर्निया, रेटिना, बच्चों की आंखों से संबंधित समस्याओं एवं ओकुलोप्लास्टी से जुड़ी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची महिला कल्याण विभाग की जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने जागृति ग्रुप फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और महिलाओं के कल्याण के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। अध्यक्ष निधि बहल ने कहा कि आंखें हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और समय रहते आंखों की जांच एवं उचित उपचार बेहद जरूरी है। एडमिन उषा मिश्रा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम प्रभारी रेनू अग्रवाल ने कहा कि शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग इसका लाभ उठा सकें। सचिव रिद्धि बहल ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की नेत्र संबंधी परेशानी को नजरअंदाज न करें और समय-समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से आंखों की जांच अवश्य कराएं। अस्पताल के प्रबंधक दीपक त्रिपाठी ने बताया कि डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल लगातार नेत्र रोगों के निवारण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है और जरूरतमंद मरीजों को बेहतर एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक नमिता यादव, रचना चिनारिया, नीति रस्तोगी, बबीता सिन्हा, ममता अग्रवाल, रजनी बहल, सीमा सिंह, नीरू सक्सेना समेत अन्य लोग मौजू रहे।

समाजसेवी अरिंजय चौधरी ने निकाली भव्य बाइक रैली, 600 से अधिक हेलमेट बांटे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां। सड़क सुरक्षा और हेलमेट के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से समाजसेवी अरिंजय चौधरी के नेतृत्व में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत कंदुनी से हुई, जो मानपुर और महाराजनगर होते हुए बिसवां स्थित श्री सौभाग्यम रिसॉर्ट पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं और क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य बाइक चलाते समय हेलमेट के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस दौरान 600 से अधिक हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही लोगों को हेलमेट पहनने के सही तरीके और दोपहिया वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने के बारे में भी जानकारी दी गई। आयोजकों ने कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटना के दौरान जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

रैली के समापन पर श्री सौभाग्यम रिसॉर्ट में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लकी ड्रॉ भी कराया गया। लकी ड्रॉ में सिरसी सरैया निवासी ओंकार का नाम निकला, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप ई-स्कूटी प्रदान की गई। ई-स्कूटी मिलने पर ओंकार ने खुशी जताई। आयोजन में लोगों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प भी लिया।

निघासन में मासूम को छोड़कर कौन हुआ फरार? नवजात मिलने से मचा हड़कंप

❐ लालपुर पंचायत के बुद्धा पुरवा में मिला करीब एक दिन का नवजात, ग्रामीणों की जुटी भीड़; मासूम को छोड़ने वाले की तलाश में उठे कई सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। लखीमपुर खीरी के निघासन क्षेत्र से सोमवार को ऐसी खबर सामने आई, जिसने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। लालपुर ग्राम पंचायत के बुद्धा पुरवा में एक नवजात बच्चा मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि मासूम की उम्र करीब एक दिन की है। नवजात को वहां कौन छोड़ गया, यह फिलहाल रहस्य बना हुआ है।

नवजात मिलने की खबर जैसे ही ग्रामीणों तक पहुंची, मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हर किसी की जुबां पर एक ही सवाल था–आखिर इस मासूम को जन्म के बाद यहां किसने और क्यों छोड़ दिया? मामले की सूचना पुलिस और संबंधित अधिकारियों को दी जा रही है। अब जांच के बाद ही सामने आएगा कि नवजात को यहां लाने वाला कौन था और उसे किन परिस्थितियों में छोड़कर चला गया।

सबसे बड़ा सवाल–मासूम का गुनहगार कौन?

एक तरफ जहां नवजात की सुरक्षित देखभाल सबसे बड़ी प्राथमिकता है, वहीं दूसरी ओर मासूम को लावारिस छोड़ने की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस की जांच में आसपास के लोगों से पूछताछ और घटनास्थल के आसपास की परिस्थितियों की पड़ताल अहम साबित हो सकती है।

फिलहाल मासूम सुरक्षित रहे और उसे उसके परिवार तक पहुंचाया जा सके, यही सबसे बड़ी उम्मीद है। अब निगाहें पुलिस की जांच पर टिकी हैं कि इस पूरे मामले का सच आखिर कब सामने आता है।

कांग्रेस ने घोषित किया 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' 2 से 8 अक्टूबर तक जिले में होंगे कार्यक्रम

❐ 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च के जरिए चुनाव आयोग को लेकर उठाए सवाल, INDIA गठबंधन के सहयोगी दलों से समन्वय के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के सभी जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटियों को 2 से 8 अक्टूबर 2026 तक 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' मनाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राज बहादुर की ओर से 1 अक्टूबर को पत्र जारी किया गया है।

पत्र में कांग्रेस ने भारत निर्वाचन आयोग के कामकाज को लेकर सवाल उठाते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने, उनके खिलाफ मुकदमा चलाने और गिरफ्तारी की मांग के समर्थन में आंदोलन को आगे बढ़ाने की बात कही है। पत्र के अनुसार, इस मुद्दे को लेकर ऋाकफ्ह गठबंधन की बैठक में आगामी सप्ताह को 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

तीन चरणों में होंगे कार्यक्रम

प्रदेश कांग्रेस ने अभियान के शुरुआती चरण में जिला स्तर पर INDIA गठबंधन के दलों के साथ संयुक्त बैठक और प्रेस कॉन्फ्रेंस कराने के निर्देश दिए हैं। प्रमुख राज्य स्तरीय नेताओं की अपने-अपने जिलों में जिला/शहर नेतृत्व के साथ बैठकों में मौजूदगी सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। दूसरे दिन गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ ब्लॉक एवं वार्ड स्तर पर तैयारी बैठकें आयोजित कर रणनीति बनाने, जमीनी कार्यकर्ताओं को संगठित करने और जिला स्तर पर मार्च की तैयारियां करने के निर्देश दिए गए हैं। तीसरे दिन INDIA गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ बड़े पैमाने पर जिला स्तरीय मार्च निकालने का निर्देश है। पत्र के मुताबिक मार्च बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा अथवा जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय तक निकाला जा सकता है।

जिला कांग्रेस को दिए गए समन्वय के निर्देश

प्रदेश कांग्रेस ने स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने और INDIA गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया है। साथ ही कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी प्रदेश एवं जिला सोशल मीडिया विभाग को भी दी गई है। कांग्रेस ने अपने पत्र में कहा है कि यह अभियान INDIA गठबंधन की संयुक्त पहल है और इसके सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित दलों के साथ तालमेल बनाकर कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। फिलहाल, प्रदेश कांग्रेस के निर्देश के बाद जिले में 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' के तहत होने वाले कार्यक्रमों को लेकर कांग्रेस संगठन और ऋाकफ्ह गठबंधन के सहयोगी दलों की सक्रियता बढ़ने की संभावना है।

महिला सिपाहियों पर फब्तियां कसने वाले चार युवक हिरासत में, पुलिस ने मोहल्ले में कराई परेड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। निघासन कस्बे में मेडिकल परीक्षण कराकर लौट रहीं महिला सिपाहियों पर फब्तियां कसने और अभद्र कमेंट करने के आरोप में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार युवकों को हिरासत में लिया है। घटना के बाद पुलिस आरोपियों को उसी मोहल्ले में ले गई और उनकी परेड कराकर सख्त चेतावनी दी।

मिली जानकारी के अनुसार, निघासन कस्बे में मेडिकल परीक्षण कराकर लौट रही महिला सिपाहियों को देखकर कुछ युवकों ने कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मौके से चार युवकों को हिरासत में ले लिया।

पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा माफी मांगने की बात सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने जनसामान्य के बीच कड़ा संदेश देने के उद्देश्य से संबंधित मोहल्ले में उनकी परेड कराई। पुलिस का कहना है कि महिलाओं व महिला पुलिसकर्मियों के साथ सार्वजनिक स्थानों पर अभद्र व्यवहार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

समाजसेवी अरिंजय चौधरी ने निकाली भव्य बाइक रैली, 600 से अधिक हेलमेट बांटे

बिसवां,कैनविज टाइम्स संवाददाता। सड़क सुरक्षा और हेलमेट के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से समाजसेवी अरिंजय चौधरी के नेतृत्व में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत कंदुनी से हुई, जो मानपुर और महाराजनगर होते हुए बिसवां स्थित श्री सौभाग्यम रिसॉर्ट पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं और क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बाइक चलाते समय हेलमेट के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस दौरान 600 से अधिक हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही लोगों को हेलमेट पहनने के सही तरीके और दोपहिया वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने के बारे में भी जानकारी दी गई।आयोजकों ने कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटना के दौरान जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। रैली के समापन पर श्री सौभाग्यम रिसॉर्ट में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लकी ड्रॉ भी कराया गया। लकी ड्रॉ में सिरसी सरैया निवासी ओंकार का नाम निकला, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप ई-स्कूटी प्रदान की गई। ई-स्कूटी मिलने पर ओंकार ने खुशी जताई। आयोजन में लोगों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प भी लिया।

मनीषी ताइक्वांडो एसोसिएशन ने लगाया निरोगी काया हेल्थ चेकअप कैम्प



शाहजहांपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता। मनीषी ताइक्वांडो वेलफ़ेयर एसोसिएशन ने रोशनगंज स्थित संस्था के कार्यालय पर रविवार को निरोगी काया हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया। शिविर में न्यूट्रीशन कोच सीमा सिंह एवं संतोष सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। न्यूट्रीशन कोच खुशबू कटियार एवं आशीष कटियार ने भी लोगों को स्वस्थ खान-पान एवं जीवनशैली के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सचिव डॉ. गौरव कौशल ने अतिथियों को बैज लगाकर किया। न्यूट्रीशन कोच सीमा सिंह ने कहा कि आज लोग स्वाद के चक्कर में अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर रहे हैं। जंक फूड का सेवन शरीर में अतिरिक्त कैलोरी और विजुअल फैट बढ़ा सकता है। लोगों को पौष्टिक भोजन, फल, हरी सब्जियां, दाल, सलाद और पर्याप्त पानी को दैनिक आहार का हिस्सा बनाना चाहिए। संतोष सिंह ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए व्यक्ति को अपनी उम्र, वजन और शारीरिक गतिविधि के अनुसार डाइट निर्धारित करनी चाहिए। खुशबू कटियार ने कहा कि संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या को अपनाकर शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। आशीष कटियार ने कहा कि बच्चों की सेहत के लिए भोजन के साथ-साथ पर्याप्त नींद और नियमित शारीरिक गतिविधि भी आवश्यक है। संचालन कर रहे एसोसिएशन के महासचिव डॉ. पुनीत मनीषी ने कहा कि आज की व्यस्त दिनचर्या में माता-पिता कई बार बच्चों के खान-पान पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते, बच्चे घर के पौष्टिक भोजन की जगह बाहर की चीजों को अधिक पसंद कर रहे हैं। इससे कई बच्चे अपनी उम्र के अनुसार अंडरवेट या ओवरवेट हो रहे हैं। बच्चों को बचपन से ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, खेलकूद और स्वस्थ जीवनशैली की आदत डालना जरूरी है। कहा कि निरोगी काया का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य जांच करना नहीं, बल्कि लोगों को अपने खान-पान और जीवनशैली के प्रति जागरूक करना भी है। शिविर में कुल 53 लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया तथा उनकी डाइट, वजन और स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान अवनीश किशोर, ओंकार मनीषी, नेहा मनीषी, आदिबा, आसमा, अफसा, आलिमा, अलीशा, अलीसफा, परवीन, मुस्कान, तसलीम, कमल आदि मौजूद रहे।

घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट, फायरिंग, रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।। बीती रात थाना सदर बाजार क्षेत्र में घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और फायरिंग की गई। मारपीट में दो लोग चोटिल हुए हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला महमंद जलालनगर निवासी मनीष शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार को उसकी भतीजी का जन्मदिन था, घर में जन्मदिन की पार्टी चल रही थी। रात करीब साढ़े दस बजे मोहल्ले का रहने वाला कन्हैया और अभिषेक अपने अज्ञात साथियों के साथ लाठी- डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। कन्हैया ने जान से मारने की नीयत से उस पर तमंचे से फायरिंग की। इसके बाद तमंचे की बट से उसके मुंह पर कई प्रहार किए। जिससे उसके छह दांत टूट गये और वो गंभीर घायल हो गया। बीच-बचाव करने आए उसके चचेरे भाई को भी हमलावरों ने लाठी-डंडों से पीटा। डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, जब तक हमलावर भाग चुके थे। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मनीष की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

भाजपा के डबल इंजन में बदायूं का विकास चौथाई भी नहीं हुआ : आदित्य यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। शहर के लालपुल स्थित आरफीन मैरिज लॉन में सोमवार को बदायूं और शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र का संयुक्त पीडीए महासम्मेलन आयोजित किया गया। पूर्व मंत्री आबिद रजा के नेतृत्व में आयोजित महासम्मेलन के मुख्य अतिथि सपा सांसद आदित्य यादव रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व मंत्री आबिद रजा ने की। सम्मेलन में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए सांसद आदित्य यादव ने बिना नाम लिए भाजपा विधायकों और केंद्रीय राज्यमंत्री पर तीखे राजनीतिक हमले किए। वहीं पूर्व मंत्री आबिद रजा ने 'हम' के नारे के जरिए हिंदू-मुस्लिम एकजुटता और पीडीए की मजबूती का संदेश दिया। सपा सांसद आदित्य यादव ने कहा कि बदायूं से दिल्ली और बदायूं से लखनऊ तक ट्रेन चलवाने के मुद्दे को लोकसभा में उठाने में पूर्व मंत्री आबिद रजा का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने बार-बार इस मुद्दे को उनके सामने उठाया, जिसके बाद उन्होंने इसे लोकसभा में प्रमुखता से उठाया। आदित्य यादव ने कहा कि सपा सत्ता में नहीं है, इसलिए वह ट्रेन का उद्घाटन नहीं कर सकती थी।



जितना विकास हुआ, डबल इंजन की सरकार बदायूं में उसका चौथाई विकास भी नहीं करा सकी। बदायूं में भाजपा के विधायक हैं और केंद्र में मंत्री भी हैं, इसके बावजूद जिले की सड़कों की हालत किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने बदायूं को मेडिकल कॉलेज, ओवरब्रिज, बरेली फोरलेन, डिग्री कॉलेज और सड़कों समेत अनेक विकास कार्य दिए। आदित्य यादव ने भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधियों से सवाल किया कि दस साल के कार्यकाल में बदायूं को क्या मिला। उन्होंने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिस मेडिकल कॉलेज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र होना चाहिए था, उसकी हालत खराब है। वहां जाने वाले मरीजों को कई बार रेफर कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जनता विकास के दावों और जमीनी हकीकत को अच्छी तरह समझ रही है।

सपा सांसद ने कहा कि वर्तमान में उनकी ताकत अधूरी है। केंद्र और प्रदेश में सपा की सरकार नहीं है। उनके पास मंत्री और विधायक भी नहीं हैं, इसके बावजूद सपा जनता के मुद्दे उठाती रहती है। जो काम उनके स्तर से संभव है, उसे करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवा है, लेकिन आज युवा सड़कों पर है और अपने अधिकारों के लिए आंदोलन कर रहा है। किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं और व्यापारी सभी परेशान हैं। महंगाई चरम पर है। उन्होंने भाजपा पर चुनावों में प्रशासन के कथित दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रशासन और पुलिस की भूमिका सभी ने देखी थी। विपक्ष के लिए बैठक करना तक मुश्किल हो रहा था। आदित्य यादव ने एसआईआर, चुनाव आयोग, राम मंदिर में चोरी, खाद संकट सहित विभिन्न मुद्दों पर भी भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता की मूल समस्याओं पर जवाब देना चाहिए। युवाओं को रोजगार, किसानों को पर्याप्त खाद और उचित व्यवस्था तथा आम लोगों को महंगाई से राहत मिलनी चाहिए। महासम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंत्री आबिद रजा ने अपने संबोधन में इस बार 'हम' के नारे को प्रमुखता दी। उन्होंने कहा कि पहले उन्होंने 'दम' का नारा दिया था, लेकिन इस बार पीडीए महासम्मेलन में उनका नारा 'हम' है। उन्होंने कहा कि 'ह' से हिंदू और 'म' से मुस्लिम, दोनों जब एकजुट होकर देश और समाज के हित में खड़े होंगे तो सत्ता परिवर्तन हो जाएगा। आबिद रजा ने हिंदू-मुस्लिम समाज से भाजपा की कथित नफरत की राजनीति से दूर रहकर एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में न हिंदू का भला हो रहा है और न मुस्लिम का। दोनों धर्मों के लोगों के उत्पीड़न और शोषण की शिकायतें सामने आ रही हैं। जाति और धर्म के नाम पर किसी का भला नहीं हो रहा है। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही और बेगुनाह लोगों के उत्पीड़न के मामले सामने आ रहे हैं। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि सरकार हिंदू-मुसलमान और पाकिस्तान जैसे मुद्दों के जरिए जनता को मूल समस्याओं से भटकाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में अंग्रेजों की तरह 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर चल रही है। उन्होंने कहा कि समाज को धर्म और जाति के नाम पर बांटने के बजाय सभी वर्गों को एकजुट होना चाहिए। आबिद रजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अब करीब तीन माह का समय बचा है। उन्होंने विशेष रूप से यादव समाज से अपील की कि अपने साथ अन्य हिंदू जातियों को जोड़ें, परिवार बड़ा करें और पीडीए को मजबूत करें, जिससे 2027 में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाया जा सके। उन्होंने नौकरशाही को भी निष्पक्ष होकर काम करने की नसीहत दी। आबिद रजा ने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं। अधिकारियों को किसी के दबाव में काम करने के बजाय निष्पक्ष होकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। यदि कोई अधिकारी दबाव में काम करेगा तो आने वाले समय में उसे मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आबिद रजा ने अपने संबोधन में 'जेन जी', किसान, नौजवान, महंगाई, वोट चोरी और पेपर लीक जैसे मुद्दों को भी जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां को भी याद किया तथा उनसे जुड़े कई संस्मरण सुनाए। उन्होंने समाजवाद को देश और समाज के हित में बताते हुए कार्यकर्ताओं से विचारधारा के साथ मजबूती से खड़े रहने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री ने भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए चुनावों के दौरान पुलिस और प्रशासन पर लगे उत्पीड़न के आरोपों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रशासन की भूमिका निष्पक्ष होनी चाहिए और सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर मिलना चाहिए। आबिद रजा ने कहा कि सपा सांसद आदित्य यादव के नेतृत्व में 2027 के विधानसभा चुनाव में बदायूं की सभी छह विधानसभा सीटों पर सपा प्रत्याशियों को जीत दिलाकर विधानसभा भेजना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और पीडीए की एकजुटता का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। बदायूं और शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के संयुक्त पीडीए महासम्मेलन में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। आरफीन मैरिज लॉन में काफी देर तक कार्यकर्ताओं की भीड़ बनी रही। सम्मेलन के दौरान नेताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने और भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। वहीं पूर्व मंत्री आबिद रजा ने पीडीए महासम्मेलन में 'हम' के नारे को राजनीतिक संदेश के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा कि 'ह' से हिंदू और 'म' से मुस्लिम हैं। दोनों समाज जब एकजुट होकर देश और समाज के हित में खड़े होंगे तो सत्ता परिवर्तन का रास्ता तैयार होगा। उन्होंने कहा कि समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांटने के बजाय सभी वर्गों को साथ लेकर चलना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पीडीए की एकजुटता को मजबूत करने और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुटने का आह्वान किया। वहीं पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कहा कि सपा सांसद आदित्य यादव के नेतृत्व में 2027 के विधानसभा चुनाव में बदायूं की सभी छह विधानसभा सीटों पर सपा प्रत्याशियों को जीत दिलाकर विधानसभा भेजना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, पीडीए की एकजुटता बढ़ाने और गांव-गांव जाकर जनता के मुद्दों को उठाने का आह्वान किया। सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ताओं से उन्होंने चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने की अपील की।

भव्य शिव महापुराण कथा का सोमवार को विधिवत समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कैनविज टाइम्स संवाददाता बिसौली। गांव करनपुर स्थित शिव शक्ति लॉन में आयोजित भव्य शिव महापुराण कथा का सोमवार को विधिवत समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास महामंडलेश्वर अमृत दास खाकी महाराज ने शिव महापुराण के महात्म्य का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भगवान शिव की भक्ति, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

महामंडलेश्वर अमृत दास खाकी महाराज ने कहा कि बिना भगवान शिव की कृपा के शिव महापुराण की कथा का आयोजन और श्रवण संभव नहीं है। जिस व्यक्ति पर भगवान शिव की कृपा होती है, उसके जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। उन्होंने कहा कि शिव की आराधना मनुष्य को अहंकार, मोह और सांसारिक विकारों से दूर कर सत्य और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने जिस श्रद्धा और भक्ति के साथ कथा का श्रवण किया, वह भगवान शिव की कृपा का ही प्रतिफल है। कथा के अंतिम दिन नीम करौली बाबा के शिष्य बच्चा बाबा के आगमन को भी उन्होंने विशेष आध्यात्मिक अवसर बताया। उन्होंने कहा कि बच्चा बाबा के आगमन से कथा के पूर्ण विराम के अवसर पर ऐसा लगा मानो हनुमान बाबा और नीम करौली बाबा स्वयं साक्षात उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद प्रदान कर रहे हों।

कथा के दौरान भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और हनुमान जी के जयकारों से कथा स्थल भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लेकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। कथा के समापन अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

महामंडलेश्वर ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि कथा के संदेश को केवल आयोजन तक सीमित न रखें, बल्कि अपने जीवन में सत्य, सेवा, संस्कार, माता-पिता का सम्मान और जरूरतमंदों की सहायता को अपनाएं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की सच्ची भक्ति वही है, जिसमें मनुष्य के भीतर प्रेम, करुणा और परोपकार की भावना उत्पन्न हो। अंत में आयोजकों राहुल कुमार सिंह, अनुराग सिंह अखंड प्रताप सिंह, भानुप्रताप सिंह, सचिन प्रताप सिंह, विक्की सिंह ने कथा में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की प्रार्थना की। यहाँ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चंद्रा, सुषमा मौर्य, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक,जिला उपाध्यक्ष संदीप चौहान, दुर्गेश वार्ष्णेय,मुकेश शर्मा,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष केशव चौहान, सनवीर पाल,शिवम शंख्यधार आदि मौजूद रहे।

मिट्टी से साकार हो रही आस्था, नवरात्र की तैयारियां तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। शारदीय नवरात्र के आगमन के साथ ही क्षेत्र में देवी प्रतिमाओं के निर्माण का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। संग्रामपुर क्षेत्र के बड़गांव बाजार, टीकरमाफी तथा अमेठी क्षेत्र के खेरौना में मूर्तिकार मां दुर्गा, भगवान गणेश, माता लक्ष्मी सहित विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। कार्यशालाओं में दिनभर रंगाई, सजावट और फिनिशिंग का कार्य चल रहा है, जिससे नवरात्र की तैयारियां तेज हो गई हैं।

मूर्तिकारों के अनुसार प्रतिमा निर्माण में चिकनी मिट्टी के साथ गंगा तट से लाई गई विशेष मिट्टी का उपयोग किया जाता है। यह मिट्टी प्रतिमाओं के चेहरे और अन्य हिस्सों की बारीक बनावट के लिए उपयुक्त मानी जाती है। इससे प्रतिमाओं की सुंदरता बढ़ती है और सूखने के बाद दरार पड़ने की संभावना भी कम रहती है।

खेरौना स्थित जेपी आर्ट के संचालक एवं मूर्तिकार जय प्रकाश चौरसिया ने बताया कि प्रतिमा निर्माण की शुरुआत



लकड़ी का ढांचा तैयार करने से होती है। इसके बाद धान की पराली और भूसे की सहायता से प्रतिमा का आकार दिया जाता है। कई चरणों में मिट्टी का लेप करने के बाद प्रतिमा को अंतिम स्वरूप दिया जाता है। रंग-रोगन और आकर्षक सजावट पूरी होने के बाद इन्हें पूजा पंडालों के लिए तैयार किया जाता है।

करीब 15 से 20 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्य कर रहे मूर्तिकारों का कहना है कि पहले प्रतिमा निर्माण के लिए विशेष मिट्टी कोलकाता से मंगाई जाती थी, लेकिन बढ़ती लागत के कारण अब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध गंगा तट की मिट्टी का अधिक उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष तीन हजार रुपये से लेकर 40 हजार रुपये तक की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। नवरात्र के मद्देनजर दर्जनों ऑर्डर मिलने से मूर्तिकारों में उत्साह का माहौल है।

थाना उझानी पुलिस द्वारा महिन्द्रा ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सोमवार को थाना उझानी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर संबंधित मे वांछित चोरी की घटना कारित करने वाले तीन अभियुक्तगण बृजपाल, सद्दाम, साजिद को गिरफ्तार किया गया। वहीं जिनके कब्जे से एक अदद ट्रैक्टर महिंद्रा एक अदद ट्राला चार अदद टायर मय टयूब थाना उझानी पुलिस नें बरामद किया है,वहीं गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना उझानी पर धारा में वृद्दि कर गिरफ्तार अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश कर उझानी पुलिस ने जेल भेजने की कार्रवाई की है।

डीएम के कड़े रुख पर हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग की एक टीम तहसील बिसौली के ग्राम सर्वा पहुंचकर बुखार से पीड़ितों की जांच कर उन्हें बेहतर इलाज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डीएम के उक्त निर्देशों के क्रम में सोमवार को उप जिलाधिकारी बिसौली के नेतृत्व में एसीएमओ, एमओआईसी तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव में पहुंचकर बुखार से पीड़ित मरीजों को देखा और उनकी जांच की। मौके पर केवल 75 लोग बुखार से पीड़ित पाए गए, जिसमें मलेरिया पैरासाइड के 52 टेस्ट किए गए, जो सभी नेगेटिव पाए गए। डेंगू के 30 टेस्ट किए गए, जो सभी नेगेटिव पाए गए। एक व्यक्ति के डेंगू की पुष्टि के लिए एलिसा टेस्ट भेजा गया है। टायफाइड की जांच के लिए 10



सैंपल लिए गए, जो सभी नेगेटिव पाए गए। स्वास्थ्य टीम ने जिलाधिकारी को रिपोर्ट दी है कि सर्वा गांव में जो लोग बीमार हैं उनकी जांच की गई हैं, उनमें वह सभी नेगेटिब आए हैं, संभवतः एक दो दिन के बाद पुनः जांच करने पर उनकी रिपोर्ट पॉजीटिव आ सकती है। उन्होंने रिपोर्ट में कहा है कि बुखार के कारण दवा एवं एंटीवायटिव खाने से भी मलेरिया, डेंगू और टायफाइड जांच में जल्द नहीं आता है। कभी-कभी वायरल फीवर होने पर मलेरिया, डेंगू और टायफाइड जांचों में नहीं आता है। टीम ने पाया कि गांव के वायरल फीवर से पीड़ित 09 लोग प्राइवेट अस्पताल में पहले से भर्ती हैं।

आंगन मिलन समारोह का कार्यक्रम अभियान का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता बिसौली। तहसील क्षेत्र के ग्राम मदनजुड़ी में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, सेवा संकल्प आंगनवाड़ी अभियान, आंगन मिलन समारोह, का कार्यक्रम अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान के तहत ग्राम मदनजुड़ी में मुख्य आंगनवाड़ी कार्यकत्री कुमारी जौली ने आगन मिलन का कार्यक्रम मनाया इस कार्यक्रम में अल्पना जौहरी सीडीपी बिसौली, सुपरवाइजर पार्वती देवी, कृष्ण गुप्ता, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा, प्रवेश सिंह, कार्यक्रम की अतिथि रही अगन मिलन समारोह में सेक्टर की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही कार्यक्रम में गोद भराई का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया कार्यक्रम में कुमारी जौली ने सीडीपीओ को फूल माला पहनाकर स्वागत किया तथा दीप्रज्वलित कर सीडीपीओ नें कार्यक्रम को आगे बढ़ाया इस अवसर पर आंगनवाड़ी शशि कला, आंगनबाड़ी मीना देवी, सहायिका रंजना भारती, गंगादेवी, भगवान देवी , ग्राम खजूरी, पनोली, आदि ग्राम की कार्यकत्री आंगनबाड़ी सहायिका मौजूद रही।

किसान सम्मान निधि व आयुष्मान योजना के लाभार्थियों के लिए विशेष कैंप

भेटुआ/अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत भेटुआ ब्लॉक मुख्यालय पर किसानों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य किसानों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा किसी कारणवश वंचित रह गए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। एक अक्टूबर से सात अक्टूबर तक आयोजित इस शिविर में किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत कार्ड समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। शिविर में किसानों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण भी किया जा रहा है। शिविर में भाजपा भेटुआ मंडल अध्यक्ष श्रीमती निमिषा त्रिपाठी एवं मंडल उपाध्यक्ष महात्मा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में ब्लॉक के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे तथा किसानों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान की कार्रवाई की गई।

संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला किशोरी का शव

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जर्जर कच्चे मकान की बड़ेर के सहारे किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चौकी अंतर्गत मरियमपुर गांव से जुड़ा है। जहां सोमवार को सुबह शिवानी उर्फ नैना(17) पुत्री संजय का शव पुराने आधे गिरे घर की बड़ेर में दुपट्टे के सहारे लटका मिला। सुबह जब परिजनो ने किशोरी को लटका देखा तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना परिवारजनों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज भटमई सुनील कुमार सिंह ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अखंडदेव मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत पांच दिवसीय सेवा शिविर शुरू

जयसिंहपुर/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेवा संकल्प अभियान के तहत पांच दिवसीय बहुउद्देश्यीय सेवा शिविर का आयोजन सोमवार को जयसिंहपुर ब्लॉक सभागार में किया गया। शिविर का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल ने फीता काटकर किया। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खाद्य एवं रसद, समाज कल्याण, लघु सिंचाई, स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम्य विकास समेत विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। स्टालों के माध्यम से विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में भी बताया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। कृषि विभाग ने किसानों को विभागीय योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं खाद्य एवं रसद विभाग ने राशन से संबंधित योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। यह पांच दिवसीय शिविर सोमवार से शुक्रवार तक चलेगा। अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और पात्रता के अनुसार उनका लाभ लेने की अपील की। इस मौके पर बीडीओ श्याम नारायण चतुर्वेदी, डॉ. सुरेंद्र कुमार पटेल, पूर्ति निरीक्षक अभिषेक सिंह, हरिशंकर वर्मा, रामजीत पाल, एडीओ पंचायत रामजी लाल, प्रधान राजमणि मिश्र, बजरंग बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

पीडीए महापंचायत में गरजे सपा नेता भाजपा सरकार पर साधा निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जायस/अमेठी। समाजवादी पार्टी द्वारा सोमवार को जायस में आयोजित पीडीए महापंचायत में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ जुटी। कार्यक्रम में नेताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया। महापंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी तथा सांसद नीरज मौर्य मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरचंदपुर (रायबरेली) के विधायक राहुल लोधी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रामउदित यादव ने की। इस दौरान जिला प्रवक्ता एडवोकेट राजेश मिश्र, सिंधुजीत सिंह, राम सिंह यादव, गुंजन सिंह, शिव प्रताप यादव, दीपू तिवारी, उदय प्रताप सिंह, जय सिंह प्रताप यादव, एजाज अहमद, गौरी शंकर और मनीराम वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा को संबोधित



करते हुए नेताओं ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और विभिन्न जनसमस्याओं से परेशान है तथा बदलाव चाहती है। सांसद नीरज मौर्य ने कहा कि पीडीए महापंचायत में उमड़ा जनसैलाब समाजवादी पार्टी के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाने और पूर्ण बहुमत की सपा सरकार बनाने के लिए जुट जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पक्ष में जोरदार नारेबाजी करते हुए आगामी चुनाव में जीत का संकल्प लिया।

बारिश में ढहे कई मकान, राहत सहायता की आस में पीड़ित परिवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भेटुआ/अमेठी। विकासखंड भेटुआ क्षेत्र में लगातार हुई बारिश और तेज हवा से कई ग्रामीणों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मकान गिरने के बाद प्रभावित परिवारों के सामने रहने और दैनिक जरूरतों को पूरा करने का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ितों का आरोप है कि सर्वे के बावजूद अब तक उन्हें कोई आर्थिक सहायता नहीं मिल सकी है। हारीपुर गांव निवासी कर्मराज यादव सहित कई ग्रामीणों के मकान बारिश के दौरान ढह गए। वहीं गैरिकपुर ग्रामसभा के पूरे हरिराम तिवारी का पुरवा में सोनू तिवारी, अंतिम तिवारी, कपिल देव तथा विजय सिंह के मकान भी बारिश की भेंट चढ़ गए। सूचना पर ग्राम प्रधान और लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया तथा फोटो और आवश्यक विवरण भी एकत्र किए। पीड़ित परिवारों का कहना है कि सर्वे होने के बाद भी राहत सहायता नहीं मिली है, जिससे उन्हें खुले आसमान के नीचे अथवा असुरक्षित घरों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।

समाजवादी पार्टी बरखेड़ा विधानसभा की मासिक बैठक संपन्न, 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च को लेकर बनी रणनीति

पीलीभीत।समाजवादी पार्टी 128 विधानसभा बरखेड़ा की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 08 अक्टूबर 2026 को जिला कैंप कार्यालय पीलीभीत में आयोजित होने वाले ''वोट बचाओ, देश बचाओ'' मार्च को सफल बनाने को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों एवं पार्टी की गतिविधियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

पुलिस की निगरानी धरी रह गई, अंबेडकर चौराहे पर सपाइयों ने फूंका ज्ञानेश कुमार का पुतला

मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नाम काटे जाने का आरोप, वोट चोर गद्दी छोड़' और लोकतंत्र की हत्या बंद करो के नारों से गूंजा चौराहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिला फ सोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया।सपा नेताओं के हाउस अरेस्ट होने के बाद अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष मो. अफजल खान ने ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका और मुर्दाबाद के नारे लगाए।पुलिस की निगरानी के बीच सपा कार्यकर्ता पुलिस को चकमा देकर बाबा सा हब भीमराव अंबेडकर चौराहे पर पहुंचे और ज्ञाने श कुमार की तस्वीर को पुतला बनाकर आग के हवाले कर दिया।अचानक हुए प्रदर्शन से पुलिस में हलचल मच गई।पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाई और प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाया।प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने वोट चोर गद्दी छोड़ लोकतंत्र की हत्या बंद करो और ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो जैसे नारे लगाए।कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं और इससे लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार प्रभा वित हो रहे हैं।सपा नेताओं ने निर्वाचन आयोग की निष्पक्ष ता पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगा या कि चु नाव प्रक्रिया में पारदर्शिता के बजाय भा जपा के प क्ष में काम किया जा रहा है।उन्होंने मत दाता सूची में कथित गड़बड़ियों को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की।नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मतदाता सूची की खामियों को दूर नहीं किया गया तो आंदो लन को और व्यापक किया जाएगा।पुलि स की मौ जूदगी के बावजूद कार्यकर्ताओं के चौरा हे तक पहुं चकर पुतला फूंकने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था प र भी सवाल खड़े कर दिए,हालांकि गों डा पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेपकर स्थिति को नियं त्रित कर लिया प्रदर्शन के दौरान किसी अप्रिय घट ना की सूचना नहीं है।

थांग - ता में नवाबगंज का दमखम, अब्दुल-रुद्र ने जीते गोल्ड

स्कूल स्टेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन, 'स्कूल नेशनल गेम्स' के लिए दोनों खिलाड़ियों का चयन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । ग्रामीण अंचल की प्रतिभा ने एक बार फिर खेल के बड़े मंच पर अपनी चमक बिखेरी है।नवा बगंज के दो होनहार खिलाड़ियों अब्दुल सलाम और रुद्र सिंह ने फैजाबाद के डॉ.भीमराव अंबेड कर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित स्कूल स्टेट थांग-ता मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। दोनों खिला ड़ियों ने अपनी-अपनी आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब स्कूल नेशनल गेम्स के लिए जगह पक्की कर ली है। तीन से छः अक्टूबर तक आयो जित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने क ड़े मुकाबलों के बीच अपनी तकनीक,फुर्ती और अ नुशासन का शानदार प्रदर्शन किया।गुरु इमरान अ ली के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे दोनों खिलाड़ि यों की स्वर्णिम सफलता ने देवीपाटन मंडल के खे ल जगत में नई उम्मीद जगाई है।

अब्दुल सलाम ने अंडर-17 में मारी बाजी

डीएवी इंटर कॉलेज के कक्षा 11 के छात्र अब्दुल सलाम ने अंडर-17 वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विष्णोहरपुर गांव निवासी अब्दुल के पिता का नाम फक्रुद्दीन है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन ने उन्हें स्कूल नेशनल की दावेदारी में पहुंचा दिया।


रुद्र सिंह ने अंडर-14 में जीता स्वर्ण

वहीं, बाबा गुरुकुल एकेडमी के कक्षा आठ के छात्र रुद्र सिंह ने अंडर-14 वर्ग में शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।अनभुला गांव निवासी रुद्र के पिता का नाम सूरज सिंह है,रुद्र की सफलता ने यह साबित किया कि सीमित संसाध नों के बीच भी ग्रामीण प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का दम रखती हैं।

अब राष्ट्रीय मंच पर गोल्ड का लक्ष्य

कोच गुरु इमरान अली ने खिलाड़ियों की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर राज्य स्तर पर स्वर्ण हासिल किया है।अब लक्ष्य स्कूल नेशनल में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतना और देवीपाटन मंडल व उत्तर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करना है,दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर डीएवी इंटर कॉ लेज बाबा गुरुकुल एकेडमी के प्रबंधन व शिक्षकों के साथ खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने बधाई दी ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर राज्य स्तर पर स्वर्ण जी तने वाले इन खिलाड़ियों से अब राष्ट्रीय प्रतियोगि ता में भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो लोकतंत्र बचाओ के नारों से गूंजा चौराहा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफ़े की मांग को लेकर सपा का पैदल मार्च

गोंडा । मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्ती फ़े की मांग को लेकर सोमवार को समाजवादी पा र्टी ने गोंडा में जोरदार पैदल मार्च निकाला।जिला ध्यक्ष अरशद हुसैन के नेतृत्व में जिला कार्यालय से शुरू हुआ मार्च अंबेडकर चौराहे तक पहुंचा।रास्ते भर कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो लो कतंत्र बचाओ' के नारे लगाते हुए चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। मार्च में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता शामिल रहे। जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग आज गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है।उन्होंने कहा कि एसआईआर के नाम पर गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों के मताधिकार को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है।उनका दावा था कि पार्टी इस मुद्दे को लेकर पीछे हटने वाली नहीं है और निष्पक्ष जांच होने तक मुख्य चुनाव आयु क्त के इस्तीफ़े की मांग जारी रहेगी।अरशद हुसैन ने यह भी आरोप लगाया कि मार्च को रोकने के लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घरों में नजरबंद किया।उन्होंने कहा कि ह्समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता न डरने वाला है और न झुकने वाला।ङ्क चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर पा र्टी आंदोलन को सड़क से सदन तक ले जाएगी।

पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्य चुना व आयुक्त जैसे संवैधानिक पद की विश्वसनीयता सर्वोपरि है।उन्होंने कहा कि पद पर बैठे व्यक्ति पर भ्रष्टाचार और बाहरी दबाव जैसे आरोप लगना गं भीर विषय है और आयोग की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए नैतिक आधार पर इस्तीफा देना चा हिए।पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेता बैजनाथ दुबे ने भाजपा सरकार पर चुनाव आयोग के कथित राज नीतिक इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यकर्ता इस मुद्दे को गांव-गांव तक ले जाएंगे।

अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण

मार्च अंबेडकर चौराहे पहुंचा, जहां सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबे डकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इसके बाद संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।मार्च में सरफराज हुसैन,राहुल शुक्ला,सुरेश शुक्ला,जावे द मंटू,अजय गौतम, हाजी जकी, पंकज गोस्वामी, वकार खां, राज कुमार सिंह, मतीन सिद्दीकी, लाल चंद गौतम,पवन सिंह,अशोक तिवारी,सुरेंद्र पासवा न,देव सिंह,यार मोहम्मद,कुलदीप श्रीवास्तव, हम्मा द हुसैन, संजय साहू, संजू खान,इस्लाम चौधरी,सं जय शर्मा, अयोध्या चौहान समेत युवजन सभा,लो हिया वाहिनी के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न आरोपी पकड़े गए, प्रदीप की मौत के मामले में 16 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

परिजन हत्या बता रहे, पुलिस मान रही संदिग्ध पोस्टमार्टम में हेड इंजरी से मौत की पुष्टि

हत्या या हादसा : जांच अब भी उलझी, नामजद पांच आरोपियों पर कार्रवाई नहीं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । प्रदीप दुबे की मौत को 16 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक यह तय नहीं कर सकी है कि उसकी मौत हादसे में हुई या फिर उसके साथ कोई आपराधिक घटना हुई थी,नामजद रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद किसी आरोपी की गिरफ्तारी न होने और घटना का खुलासा नहीं होने से पुलिस की जांच और कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। 19 सितंबर को थाना क्षेत्र के अशोकपुर दुबे पुरवा निवासी प्रदीप दुबे मदरहवा चौराहे से सब्जी लेकर घर लौट रहे थे। गांव से कुछ दूरी पर नहर किनारे वह बेहोशी की हालत में पड़े मिले। उनके सिर और पैर में गंभीर चोट के निशान थे।परिजन उन्हें अ स्पताल ले जा रहे थे, तभी उनकी मौत हो गई।मृत क के परिजनों ने गांव के ही तीन नामजद लोगों स मेत दो अन्य पर धारदार हथियार से हमला कर ह त्या किए जाने का आरोप लगाया।इसके बाद पुलि स ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया।हालांकि, घटना के शुरुआती दौर से ही पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच की बात कहती रही।

पोस्टमार्टम में हेड इंजरी, हत्या के आरोप की जांच

कटरा बजार थाना प्रभारी थानाध्यक्ष अजय कुमार तिवारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हेड इंजरी के चलते अधिक रक्तस्राव बता या गया है। वहीं, परिजनों का आरोप है कि प्रदीप पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। ऐसे में पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि चोट किन परिस्थितियों में लगी और प्रदीप नहर किनारे बेहोशी की हालत में कैसे पहुंचे।पुलिस अ ब मृतक के मोबाइल की लोकेशन, घटना के समय हुई बातचीत और अन्य परिस्थितिजन्य तथ्यों को जोड़कर जांच आगे बढ़ाने की बात कह रही है।था नाध्यक्ष का कहना है कि जांच इस दिशा में की जा रही है कि वास्तविक घटना सामने आए, मृतक के परिजनों को न्याय मिले और किसी निर्दोष को आ रोपी न बनाया जाए।लेकिन पंद्रह दिन गुजरने के बाद भी न गिरफ्तारी हुई और न ही घटना की त स्वीर साफ हो सकी है। ऐसे में पुलिस की जांच पर परिजनों और स्थानीय लोगों की निगाहें टिकी हैं।

पत्रकारों पर मुकदमे तो सड़क पर उतरेगा संगठन

उमरी बेगमगंज एसओ पर कार्रवाई न होने से बढ़ा आक्रोश,प्रदेशभर के पत्रकारों को गोंडा पहुंचने का ऐलान

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष का दो टूक संदेश पत्रकार उत्पीड़न पर अब आश्वासन नहीं, कार्रवाई चाहिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । पत्रकारों के खिलाफ मुकदमों और उत्पीड़न के आरोपों को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने अब आर-पार के आंदोलन का संकेत दिया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रनाथ सिंह ने साफ कहा कि पत्रकारों को निशाना बनाए जाने के आ रोपों पर प्रशासन की चुप्पी ज्यादा देर तक स्वी कार नहीं की जाएगी। कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश भर के पत्रकार गोंडा पहुंचकर सड़क पर उतरेंगे और आंदोलन करेंगे। उन्होंने इसकी पूरी जिम्मे दारी शासन-प्रशासन की तय की।प्रदेश अध्यक्ष ने गोंडा के पत्रकार अतुल तिवारी, सत्यम मिश्रा और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी से जुड़े मामलों का हवाला देते हुए कहा कि इन प्रकरणों ने संगठन की चिंता बढ़ाई है विशे ष रूप से अतुल तिवारी के मामले में उन्होंने आरो प लगाया कि उमरी बेगमगंज के थानाध्यक्ष पर मारपीट के आरोप हैं और पत्रकार का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।उनके मुताबिक संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ अब तक कठोर कार्रवाई न होने से संगठन में रोष बढ़ रहा है।

स्थानीय मामला नहीं,...प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

महेंद्रनाथ सिंह ने कहा कि पत्रकारों से जुड़े मामलों को केवल स्थानीय स्तर तक सीमित रखकर संगठ न चुप नहीं बैठेगा।यदि प्रशासन ने तत्काल प्रभावी कदम नहीं उठाए तो आंदोलन का दायरा बढ़ाया जाएगा।प्रदेशभर से पत्रकारों को गोंडा बुलाकर सड़क पर आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि पत्रकारों के मामलों में निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई जरूरी है।उन्होंने पत्रकारों से जुड़े दर्ज मुकदमों की समीक्षा की मांग भी उठाई।संगठन का कहना है कि पत्रकारों को लेकर दर्ज मामलों में निष्पक्षता सुनिश्चित की जानी चाहिए और यदि कहीं उत्पी ड़न या मारपीट के आरोप सही पाए जाते हैं तो जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।महेंद्र नाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि अब संगठन केवल आश्वासन के भरोसे नहीं बैठेगा। कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की शुरुआत गोंडा से होगी और इसकी अगली तस्वीर सड़क पर दिखाई देगी।

सेवा संकल्प की गूंज, कॉलेजों में जागा सामाजिक सरोकार

निबंध से नुक्कड़ नाटक तक, युवाओं ने दिया नशा मुक्ति और स्वच्छता का संदेश

सशक्त समाज', 'मेरे सपनों का भारत' जैसे विषयों पर प्रतियोगिताओं से बढ़ा राष्ट्रबोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के वि भिन्न महाविद्यालयों में निबंध, भाषण, संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटक समेत विविध प्रतियोगिताओं के मा ध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया गया। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में 'सशक्त समाज की ओर ए क सार्थक कदम' विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई सरस्वती देवी नारीज्ञानस्थली महाविद्यालय में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' पर नुक्कड़ नाटक सरयू डिग्री कॉलेज करनैलगंज में 'मेरे सपनों का भारत' पर प्रतियोगिता हुई,गोंडा एजुकेशनल इंस्टी ट्यूट बीरपुर कटरा बाजार में नशामुक्ति पर संगोष्ठी और रघुकुल विद्यापीठ में 'स्वच्छता ही सेवा है' वि षय पर भाषण व श्रमदान हुआ। एलबीएस डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य प्रो.जितेंद्र सिंह के निर्देशन और नोडल अधिकारी प्रो.अरविंद कुमा र शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ।प्रो.जितेंद्र सिंह ने क हा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध मजबूत करती हैं,निर्णायक मंडल में डॉ. नीर ज यादव समेत अन्य शिक्षक रहे।

जनपदीय युवा क्रीड़ा एवं सांस्कृति प्रतियोगिता का सांसद ने किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । श्री शंकर इंटर कॉलेज, नानपारा के तत्वावधान में इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित 75वीं जनपदीय युवा क्रीड़ा एवं सांस्कृति प्रतियोगिता का शुभारम्भ सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के साथ दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. गोंड ने जूनियर एवं सब-जूनियर बालक वर्ग की 100 दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग कले प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्द्धन किया तथा हरी झण्डी दिखाकर दौड़ को झण्डी दिखाई। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा और हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों द्वारा सांसद श्री गोंड को सलामी दी गयी। साथ ही आसमान में गुब्बारा छोड़कर हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद डॉ. गोंड ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। डॉ. गोंड ने कहा कि खेल के मैदान हमें हार कर जीतने का सबक देते हैं। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता में जीतने से ज्यादा महत्व अच्छी खेल भावना के साथ प्रतिभाग करना है। सांसद ने सभी प्रतिभागियों को स्पोर्टस मैंन स्प्रिट के साथ आयोजन में शामिल होने की सीख दी। को मजबूत करते हैं। सांसद डॉ. गोंड ने सभी प्रतिभागियों को खेलो, आगे बढ़ो और बहराइच का नाम रोशन करो का मंत्र देते हुए अपनी वाणी को विराम दिया।

इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला क्रीडा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव, प्रबंधक व अध्यक्ष प्रबंध कारिणी समिति श्री शंकर इण्टर कालेज नानपारा अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

नाबालिग से दुराचार के आरोप में 23 दिन बाद वांछित आरोपी गिरफ्तार

मुखबिर की सूचना पर पकड़ी कैशवार में कार्रवाई, आरोपी के खिलाफ विधिक प्रक्रिया शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । कोतवाली देहात क्षेत्र में नाबालिग बालिका से दुराचार के आरोप में वांछित आरोपी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनु सार आरोपी की पहचान ग्राम पकड़ी कैशवार नि वासी चुम्मन उर्फ अभिषेक वर्मा पुत्र सालिक राम वर्मा के रूप में हुई है,आरोपी के खिलाफ बालि का की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस के मुताबिक,12 सितंबर की रात नाबा लिग बालिका घर के बाहर बाथरूम के लिए गई थी।आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी चुम्मन उर्फ अभिषेक वर्मा उसे जबरन अपने घर ले गया और उसके साथ दुराचार किया।शिकायत में यह भी आ रोप लगाया गया कि घटना किसी को बताने पर आरोपी ने बालिका को जान से मारने की धमकी दी। वादिनी ने आरोपी पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गाली-गलौज और धमकी देने का भी आरोप लगाया था।तहरीर के आधार पर कोतवा ली देहात पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।विवेचना के दौरान पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही।सोमवार को मुख बिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी को उस के गांव स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाए गी।

उपाधि महाविद्यालय में सेबी द्वारा निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। उपाधि महाविद्यालय में सेबी की ओर से निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता, सुरक्षित निवेश, बचत तथा निवेश से संबंधित आवश्यक जानकारियों के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में सेबी के जागरूकता कार्यकर्ता आदर्श मिश्रा ने विद्यार्थियों को निवेश के विभिन्न माध्यमों, निवेश करते समय बरती जाने वाली सावधानियों तथा वित्तीय निर्णय सोच-समझकर लेने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निवेश करने से पहले उसके नियमों, जोखिमों और संबंधित जानकारी को समझना आवश्यक है। किसी भी निवेश योजना में धन लगाने से पूर्व उचित जानकारी प्राप्त करना बेहद जरूरी है।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. दुष्यंत कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वित्तीय जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक विद्यार्थी को बचत, निवेश एवं आर्थिक प्रबंधन की जानकारी होना आवश्यक है। सही जानकारी और विवेकपूर्ण निर्णय व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गजेंद्र सिंह एवं डॉ. कविता कनौजिया ने भी विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक रहने तथा प्राप्त जानकारी को अपने परिवार और समाज तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर डॉ. प्रणव शास्त्री, दुर्गेश धर द्विवेदी, रुद्रभान सिंह, डॉ. शेफाली सक्सेना, डॉ. अनुपम पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षणेत्तर कर्मचारी सोनू, अजय एवं शिव कुमार का विशेष सहयोग रहा।

शिक्षक दंपति हत्याकांड में दो गिरफ्तार

चोरी के दौरान पहचान लिए जाने पर की गई थी हत्या, आलाकत्ल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। कादीपुर थाना क्षेत्र के कुंभी डडिया गांव में सप्ताहभर पूर्व हुए शिक्षक दंपति हत्याकांड का पुलिस ने सोमवार को खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार विद्यालय में चोरी करने पहुंचे आरोपियों को महिला शिक्षिका ने पहचान लिया था। पकड़े जाने के डर से दोनों ने शिक्षक दंपति पर फावड़ा और कुल्हाड़ी से हमला कर उनकी हत्या कर दी थी।

बता दे कि 28-29 सितंबर की रात कुंभी डडिया स्थित मनराजी शिक्षण संस्थान की संचालिका विनीता सिंह (47) और उनके पति शिक्षक मुकेश सिंह की विद्यालय परिसर में हत्या कर दी गई थी। मृतका के भाई अखिलेश सिंह की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद शिक्षक संगठनों की ओर से लगातार प्रदर्शन कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की जा रही थी। सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि मामले में कुंभी डडिया निवासी राकेश यादव पुत्र लहुरी और आशीष पुत्र हरिनाथ को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों चोरी की नीयत से विद्यालय में घुसे थे। कार्यालय में रखे लॉकर से चोरी करते समय विनीता सिंह ने दोनों को पहचान लिया। पहचान उजागर होने के डर से आरोपियों ने उन पर फावड़े से हमला कर दिया। जान बचाकर भागे मुकेश सिंह को भी दोनों ने दौड़ाकर फावड़ा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।एसपी के अनुसार राकेश यादव पहले इसी विद्यालय में पढ़ाता था और कोरोना काल से पहले रोजगार के सिलसिले में बाहर चला गया था। जुलाई में वापस आने के बाद वह विद्यालय के वाहन का चालक बन गया था। शिक्षक दंपति का विश्वासपात्र होने के कारण उसे परिवार और उनकी आर्थिक स्थिति से जुड़ी कई निजी जानकारियां थीं। पुलिस के मुताबिक उसे मृतका के खाते में सफेदा के पेड़ों की बिक्री की रकम जमा होने की भी जानकारी थी।हत्या के बाद आरोपी नगदी, विनीता सिंह का आधार कार्ड और मोबाइल लेकर फरार हो गए। आरोपियों ने मोबाइल में यूपीआई का पिन बदलकर खाते से करीब 6.20 लाख रुपये निकालने का प्रयास किया, लेकिन केवल पांच हजार रुपये का ही ट्रांजैक्शन कर सके। कई गेमिंग एप पर यूपीआई के माध्यम से रकम भेजने के प्रयास भी विफल रहे। पुलिस ने राकेश यादव के कब्जे से 18,220 रुपये और आशीष से 16,470 रुपये बरामद किए हैं। दोनों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा और कुल्हाड़ी भी बरामद की गई। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक तरुण पटेल, अरुण दुबे और दीवान विजय सोनी समेत पुलिसकर्मी शामिल रहे।

बज़्म-ए-राहत की तरही महफिल में शायरों ने पेश किए उम्दा कलाम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। बज़्म-ए-राहत नानपारा की ओर से रविवार को राहत जनता इंटर कॉलेज के अहाते में मासिक तरही मुशायरे का आयोजन किया गया। महफिल की सदारत नज्जन खां ने की, जबकि निजामत शहीद नानपारवी ने की। कार्यक्रम में हसन शंकर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। महफिल में स्थानीय एवं आमंत्रित शायरों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए, जिन्हें सुनकर श्रोताओं ने जमकर दाद दी। शायरों ने अपने अशआर के माध्यम से विभिन्न सामाजिक, मानवीय और जीवन से जुड़े पहलुओं को खूबसूरती से पेश किया। महफिल में सफीर नानपारवी ने पढ़ा–तौबा किए हुए अभी गुजरा न एक पल, ईमान खराब करने उधर जाम आ गए। कैफ नानपारवी ने कहा– हमने उनकी राह से कांटे हटा दिए, नेकी के बदले और भी इल्जाम आ गए। जमीर नानपारवी ने पढ़ा– खुद की नजर में गिर गए गैरों को छोड़िए, जब भी जमीर गर्दिश-ए-अय्याम आ गए। शम्स नानपारवी ने अपने अंदाज में कहा– पेरी ने शम्स कर दिए सर के सफ़ेद बाल, लगता हुजूर मौत के पैगाम आ गए। हयात नेपाली ने पढ़ा– हमको तबाह करने में एक शख्स ही नहीं, जब ढूंढने लगे तो कई नाम आ गए। मेराज शिवपुरी ने मौजूदा हालात पर व्यंग्य करते हुए कहा– इससे बड़ा विकास का मैं क्या सबूत दूं, एज्जाम भी हुए नहीं और नाम आ गए। शहीद नानपारवी ने पढ़ा– रौशन चिराग होने में कुछ देर है अभी, परवाने जान देने सरेशाम आ गए। वहीं मौलाना हसन शंकरपुरी ने कहा– दिल था, जिगर था, अक्ल थी, होशो-हवास थे, लेकिन वफा की राह में सब काम आ गए। महफिल में शायरों के अलावा पत्रकार शकील अंसारी, पत्रकार सरफराज सिद्दीकी, पत्रकार अय्यूब अंसारी, कवि एवं लेखक कलीम कुरैशी उर्फ नत्थू, डॉ ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में श्रोता एवं साहित्यप्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं ने शायरों के कलाम पर जमकर दाद दी और पूरी महफिल देर तक शेरो-शायरी से गुलजार रही।

मनुष्य को जीवन में कुसंग का त्याग कर सत्संग की राह पर चलना चाहिये : शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई में राज्यमंत्री द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

तिलोई अमेठी । आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के पंचम दिवस की कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने अयोध्या काण्ड की पावन मांगलिक प्रारंभिक चौपाइयों के गायन के साथ प्रारम्भ किया। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने एक माह के बाद जनकपुर से लौटकर श्री अयोध्या धाम और अयोध्या की स्थिति एकदम परिवर्तित हो चुकी है रिद्धि सिद्धि समृद्धि की बाढ़ आ गई एक माह के बाद आज राज्यसभा जा बैठी तो महाराज ने भरी सभा में शीशा देखा। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी ने शीशा देखने के तात्पर्य को स्पष्ट करते हुये कहा कि सही व्यक्ति का गुरु भी है दुश्मन भी है इसलिये शीशा जरूर देखना चाहिये। शीशा स्वयं के देखने से गुरु का काम करता है यदि दूसरा दिखाये तो दुश्मन का काम करता है शीशा देखने का अर्थ आत्मावलोकन आत्मचिंतन आत्म दर्शन आत्म संवाद से है जब महाराज को सफ़ेद बाल कान के दिखाई पड़े तो उन्होंने राज्य राम को सौंपने का मन बनाया ऐसे ही संकेत मिलता है चौथा बना जाये तो मनुष्य को धीरे धीरे जिम्मेदारियों से हटकर भजन में मन लगाना चाहिये। उन्होंने कहा कि राज्याभिषेक



की तैयारियां हो रही थी और देवता विघ्न की रचना कर रहे थे सरस्वती जी ने मंथरा की बुद्धि बिगाड़ी है और मंथरा ने पूरा को सत्यानाश कर दिया। कथा व्यास ने मंथरा के बारे में बताते हुए कहा कि मंथरा कुसंग है और साथ ही दहेज का सामान इन दोनों से बचना ही चाहिये कुसंग का जल बहुत भयानक होता है इसकी अवधि किसी के पास में होते और कुसंग को कभी छोटा नहीं समझना चाहिये।वरदान के प्रसंग को सुनाते हुये महाराज श्री ने कहा मां के के भगवान के वनवास का वरदान मांगा इस बात को महाराज दशरथ बर्दाश्त नहीं कर पाया बहुत उलाहना भी दी है विनती भी की है लेकिन कैकेई ने एक नहीं सुना इसी कारण से कुसंग से बचना चाहिये।श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर मेडिकल कालेज की प्राचार्या डॉ रीना शर्मा द्वारा श्रोताओं को प्रसाद वितरित किया गया। संचालन धर्मेश मिश्रा ने किया।श्रीराम कथा में परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह एवं बलिया के विधान परिषद सदस्य रवि शंकर सिंह,राजपरिवार की बहूरानी कृतिका सिंह के साथ डॉ अर्जिता सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन कर व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। राज्यमंत्री ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर प्रतापगढ़ के सदर विधायक राजेन्द्र मौर्या, सलोन के विधायक अशोक कोरी, रानी उपासना सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह, मुन्ना सिंह,उत्कर्ष सिंह,अंकित पासी, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, मनीष सिंह,रमेश सिंह, नटराज सिंह राठौर, कर्ण बाजपेयी,प्रदीप सिंह, भास्कर सिंह,सत्येंद्र तिवारी, आशीष मिश्रा, प्रमोद त्रिपाठी, कौशलेंद्र सिंह,राजेश पाण्डेय, संतोष तिवारी, अंकुर शुक्ला, रवि तिवारी, श्रीचन्द्र चौरसिया, शिरीष गुप्ता, अम्बरीश त्रिपाठी, अरुण प्रताप सिंह, बबलू मिश्रा, सूर्य प्रकाश मिश्रा सहित हजारों की संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

सुवर्ण प्राशन संस्कार से बच्चों को कराया भारतीय आयुर्वेदिक परंपरा से परिचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूरनपुर को बच्चों के स्वास्थ्य, संस्कार एवं सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सुवर्ण प्राशन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, आयुर्वेदिक परंपराओं तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सौरभ वार्ष्णेय एवं हरीश जी द्वारा भगवान धन्वंतरि की विधिवत पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद एवं आरोग्य का प्रतीक मानते हुए उनके समक्ष बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य को केवल रोगों से मुक्ति तक सीमित नहीं माना गया, बल्कि शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास को स्वस्थ जीवन का आधार माना गया है। आयुर्वेद हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें स्वस्थ जीवनशैली, उचित आहार-विहार और प्रकृति के साथ संतुलन पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं जीवन-मूल्यों से परिचित कराना भी आवश्यक है।उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या अपनाने, पौष्टिक भोजन लेने, स्वच्छता का ध्यान रखने, पर्याप्त नींद लेने तथा शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ मन और बेहतर व्यक्तित्व के विकास का आधार बनता है।इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण एवं निर्धारित विधि-विधान के साथ बच्चों को सुवर्ण प्राशन औषधि का सेवन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। विद्यालय परिवार की ओर से बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देते हुए इस आयोजन को भारतीय संस्कारों एवं स्वास्थ्य-जागरूकता से जोड़ने का प्रयास किया गया।विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। इसी उद्देश्य के अंतर्गत विद्यालय में समय-समय पर भारतीय संस्कृति, संस्कार, स्वास्थ्य, योग, अनुशासन एवं जीवन-मूल्यों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सुवर्ण प्राशन संस्कार कार्यक्रम भी इसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपनी समृद्ध भारतीय परंपराओं और ज्ञान-विरासत के प्रति सम्मान का भाव रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की आचार्या श्रीमती प्रभा प्रधान द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य-आचार्याओं एवं समस्त विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई।

दीपावली तक अमेठी को मिलेगी साइबर सुरक्षा की नई सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,जनपद अमेठी में साइबर अपराध की रोकथाम और विवेचना को नई तकनीकी ताकत देने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त साइबर क्राइम थाने के प्रशासनिक भवन का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। गौरीगंज थाना क्षेत्र के सैंठा रोड स्थित बाहापुर ग्राम पंचायत में 0.285 हेक्टेयर भूमि पर बन रहे इस भवन की लागत तीन करोड उनहत्तर लाख रुपये है। गृह एवं गोपनीय विभाग की ओर से वित्त पोषित परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की निर्माण इकाई अयोध्या द्वारा कराया जा रहा है। भवन का नब्बे प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है और दीपावली तक भवन पूरा होने की उम्मीद है। इसके पूरा होने के बाद अमेठी में साइबर अपराध से जुड़े मामलों की शिकायत, तकनीकी जांच, डिजिटल साक्ष्य के परीक्षण और विवेचना के लिये एक ही परिसर में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।सैंठा रोड पर बाहापुर ग्राम पंचायत में प्रस्तावित साइबर क्राइम थाने के प्रशासनिक भवन को भविष्य में बढ़ते साइबर अपराधों की चुनौती को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। भवन में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यालयों के साथ साइबर अपराध की तकनीकी जांच के लिए विशेष कक्ष बनाए जा रहे हैं। परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद निर्माण इकाई अयोध्या की ओर से कराया जा रहा है। निर्माण इकाई अयोध्या के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि भवन का 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य को भी तेजी से कराया जा रहा है। प्रयास है कि निर्माण कार्य दीपावली तक पूरा कर भवन को तैयार कर दिया जाय।भवन की सबसे महत्वपूर्ण सुविधाओं में साइबर लैब एवं डिजिटल फोरेंसिक कक्ष शामिल है।

तिलोई के दो मंदिरों का एक करोड़ सत्तर लाख रुपये की लागत से होगा जीर्णोद्धार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र तिलोई के दो प्राचीनतम शिवालयों को पर्यटन स्थल बनाया जायेगा और एक करोड़ सत्तर लाख रुपये की लागत से इन दोनों प्राचीनतम मंदिरों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने राज्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रयास से प्रदेश सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के तहत विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत राजा फत्तेपुर स्थित प्राचीनतम पंचेश्वर महादेव मंदिर का एक करोड़ बीस लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। तिलोई विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमुरवां के गांव हरिहरपुर स्थित प्राचीनतम बीर बाबा मंदिर का पचास लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराया जायेगा।इन प्राचीनतम मंदिरों के प्रांगण में बहुउददेशीय हाल, सुलभ प्रसाधन, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था, साइनेज विथ क्यू आर कोड, यात्री बेंच, लैंडर कैंपिंग समेत अन्य कार्य कराये जायेंगे। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,ब्लाक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी ने बताया कि इन दोनों प्राचीनतम मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के उपरांत भव्य एवं दिव्य स्वरूप निखरकर सामने आयेगा तथा यह क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहचान बनेगा।इस पुनीत कार्य के लिये बिमलेश चंद्र द्विवेदी, मुरारी लाल मिश्रा, अवधेश त्रिपाठी, धर्मेश मिश्रा,शिवाकांत अवस्थी, डॉ सुरेन्द्र बहादुर सिंह, सुजीत पाण्डेय, अनुराग मिश्रा,मदन गोपाल मिश्र, विजय तिवारी सहित अन्य तमाम लोगों ने मुख्यमंत्री एवं राज्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

एमडीआर को लेकर व्यापारियों में रोष, एसडीएम को ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। यूपीआई आज देश में डिजिटल भुगतान का एक महत्वपूर्ण एवं व्यापक माध्यम बन चुका है। विशेष रूप से लघु एवं मध्यम वर्गीय व्यापारियों, उद्यमियों एवं उपभोक्ताओं के लिए यूपीआई ने भुगतान प्रक्रिया को सरल, त्वरित एवं सुविधाजनक बनाया है। इसी क्रम में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्रीय प्रभारी अवध क्षेत्र अमर बहादुर सिंह की अगुआई व जिला प्रभारी प्रविन्द्र भालोटिया की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री भारत सरकार को उनके द्वारा 15 अक्टूबर से ?2,000 से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर निर्धारित किए जाने तथा मासिक अधिकतम एमडीआर सीमा 1 लाख निर्धारित किए जाने के संदर्भ में जिलाध्यक्ष विजय प्रधान की सहमति से एसडीएम सदर गरिमा सोनकिया को ज्ञापन देना सुनिश्चित किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष गोपालजी सोनी, भोलानाथ सोनी, सुनील सिंह, विनय सिंह, चंद्रदेव मिश्रा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

राजकीय इण्टर कॉलेज लखैय्या कलां की छात्रा कौशल्या देवी का होमगार्ड में चयन

नानपारा बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय इण्टर कॉलेज, लखैय्या कलां, नानपारा की पूर्व छात्रा कौशल्या देवी ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 के अंतिम परिणाम में कौशल्या देवी का होमगार्ड पद पर चयन हुआ है। कौशल्या देवी ने वर्ष 2023 में राजकीय इण्टर कॉलेज लखैय्या कलां से कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपने लक्ष्य की ओर निरंतर मेहनत जारी रखी और अब होमगार्ड के रूप में चयनित होकर अपनी सफलता का परचम लहराया है। कौशल्या देवी की इस सफलता में विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रेरणा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्हें विद्यालय में अरुण कुमार, प्रवक्ता, राजित राम सिंह, आनंद जी राव एवं डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने शिक्षित एवं मार्गदर्शित किया। छात्रा की सफलता पर राजकीय इण्टर कॉलेज लखैय्या कलां के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कौशल्या देवी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय हैं और अन्य छात्र-छात्राओं को भी निरंतर मेहनत एवं लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। कौशल्या देवी के होमगार्ड में चयन से उनके परिवार, गुरुजनों और विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

शेरो-शायरी के क्षेत्र में योगदान के लिए शायर रोशन ज़मीर को मिला बज़्म-ए-फातमी अवार्ड

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। शेरो-शायरी एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नानपारा के शायर एवं साहित्यकार रोशन ज़मीर को बज़्म-ए-फातमी अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। नेपाल में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर शेरो-शायरी के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई। सम्मान समारोह नेपालगंज, नेपाल में आयोजित हुआ, जिसमें साहित्य एवं शायरी से जुड़े लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान रोशन ज़मीर को उनकी साहित्यिक एवं शायराना सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर रोशन ज़मीर ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के सम्मान साहित्य और शेरो-शायरी के क्षेत्र में काम करने वालों का उत्साह बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि वह आगे भी अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्य और शायरी की सेवा करते रहेंगे।

तिलोई के दो मंदिरों का एक करोड़ सत्तर लाख रुपये की लागत से होगा जीर्णोद्धार

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र तिलोई के दो प्राचीनतम शिवालयों को पर्यटन स्थल बनाया जायेगा और एक करोड़ सत्तर लाख रुपये की लागत से इन दोनों प्राचीनतम मंदिरों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने राज्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रयास से प्रदेश सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के तहत विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत राजा फत्तेपुर स्थित प्राचीनतम पंचेश्वर महादेव मंदिर का एक करोड़ बीस लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। तिलोई विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमुरवां के गांव हरिहरपुर स्थित प्राचीनतम बीर बाबा मंदिर का पचास लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराया जायेगा।इन प्राचीनतम मंदिरों के प्रांगण में बहुउददेशीय हाल, सुलभ प्रसाधन, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था, साइनेज विथ क्यू आर कोड, यात्री बेंच, लैंडर कैंपिंग समेत अन्य कार्य कराये जायेंगे। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,ब्लाक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी ने बताया कि इन दोनों प्राचीनतम मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के उपरांत भव्य एवं दिव्य स्वरूप निखरकर सामने आयेगा तथा यह क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहचान बनेगा।इस पुनीत कार्य के लिये बिमलेश चंद्र द्विवेदी, मुरारी लाल मिश्रा, अवधेश त्रिपाठी, धर्मेश मिश्रा,शिवाकांत अवस्थी, डॉ सुरेन्द्र बहादुर सिंह, सुजीत पाण्डेय, अनुराग मिश्रा,मदन गोपाल मिश्र, विजय तिवारी सहित अन्य तमाम लोगों ने मुख्यमंत्री एवं राज्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

चोरी की योजना बना रहे तीन युवक उपकरणों के साथ गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना फुरसतगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत चोरी की योजना बना रहे तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से चोरी में प्रयुक्त करने के विभिन्न उपकरण बरामद हुये है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग तथा अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत सोमवार को क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोरी की योजना बना रहे सनोज पुत्र राम मिलन निवासी राधेश्याम कुटी वादे सिंह का पुरवा मजरे रामपुर जमालपुर थाना फुरसतगंज, कल्लू पुत्र स्व. रामकुमार निवासी बंझोलिया मजरे बसौनी थाना फुरसतगंज एवं विपिन कुमार पुत्र अवधेश कुमार निवासी ग्राम दाऊद नगर थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न उपकरण एक प्लास, एक हथौड़ा,एक पेचकस, एक सरिया बरामद हुई। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि बरामद उन्हीं उपकरणों का प्रयोग करके वह घरों का ताला तोड़कर चोरी करते हैं। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये तीनों युवकों को जेल भेज दिया गया है।

सुनगढ़ी पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना सुनगढ़ी पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को चोरी के ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 05.10.2026 को थाना सुनगढ़ी पुलिस ने थाना सुनगढ़ी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 41/2026 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित अभियोग में प्रकाश में आए अभियुक्त मिथिलेश कुमार पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम सिंगाई खुर्द, कस्बा व थाना सम्पूर्णानगर, जनपद खीरी को मुखबिर खास की सूचना पर चोरी किए गए ट्रैक्टर सोनालिका संख्या ठद 26 ट्ट 9487 मय ट्रॉली के साथ गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2)/3(5) बीएनएस की वृद्धि की गई है।अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। दिनांक 03.02.2026 को वादी अख्तर खां पुत्र अफसर खां निवासी पकड़िया नौगवां, थाना सुनगढ़ी, जनपद पीलीभीत द्वारा तहरीर दी गई कि दिनांक 28.01.2026 की रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनका ट्रैक्टर सोनालिका संख्या ठद 26 ट्ट 9487 चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर थाना सुनगढ़ी पर मु0अ0सं0 41/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

सम्पादकीय

बदलती दुनिया में भारत की बढ़ती भूमिका

दुनिया जिस तेजी से बदल रही है, उसमें भारत के सामने केवल आर्थिक विकास की संभावना नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित करने का अवसर भी पैदा हो रहा है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का यह आकलन कि भारत आने वाले दशकों तक उच्च आर्थिक वृद्धि की क्षमता रखता है, महज उत्साह बढ़ाने वाला बयान नहीं है। इसके पीछे भारत की युवा आबादी, बदलती आर्थिक परिस्थितियां और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में अपनी भूमिका बढ़ाने की संभावनाएं मौजूद हैं। लेकिन इन अवसरों को वास्तविक उपलब्धि में बदलने के लिए भारत को अपनी क्षमताओं के साथ-साथ अपनी कमजोरियों पर भी गंभीरता से काम करना होगा। आज की दुनिया शीत युद्ध जैसी दो ध्रुवीय व्यवस्था में बंटी हुई नहीं है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच भारत जैसी उभरती शक्तियों के लिए अपनी स्वतंत्र रणनीति बनाने की गुंजाइश बढ़ी है। क्वाड, ब्रिक्स, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा जैसे मंच इसी बदलती कूटनीति की तस्वीर पेश करते हैं। भारत का रास्ता किसी एक शक्ति के खेमे में खड़े होने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर अलग-अलग देशों के साथ संबंध बनाने का है। यही भारत की कूटनीतिक ताकत भी है और परीक्षा भी। अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी, रूस के साथ पुराने संबंध, यूरोप के साथ व्यापारिक संभावनाएं और वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ सहयोग–इन सभी को एक साथ साधना आसान नहीं है। आने वाले वर्षों में भारत की विदेश नीति की सफलता इस बात से तय होगी कि वह बदलते शक्ति-संतुलन के बीच अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को किस तरह बनाए रखता है। आर्थिक मोर्चे पर सबसे बड़ी चुनौती विकास की गति को रोजगार और सामाजिक अवसरों में बदलने की है। केवल बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना पर्याप्त नहीं है। भारत को ऐसी औद्योगिक और तकनीकी क्षमता विकसित करनी होगी, जो करोड़ों युवाओं के लिए सम्मानजनक रोजगार पैदा करे। चिप निर्माण, मशीनरी, दवा और एपीआई जैसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का भी विषय बन चुकी है। महामारी और युद्धों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी देश की वास्तविक ताकत उसकी आपूर्ति शृंखला की मजबूती से भी तय होती है। यूरोप के साथ मुक्त व्यापार समझौते की संभावना इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। यदि भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापारिक संबंध अधिक मजबूत होते हैं, तो इसका लाभ केवल निर्यात और आयात तक सीमित नहीं रहेगा। तकनीक, निवेश, नियमन और औद्योगिक सहयोग के नए रास्ते खुल सकते हैं। लेकिन इसके लिए भारत को अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, गुणवत्ता और नियामक व्यवस्था को भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लगातार मजबूत करना होगा। ऊर्जा सुरक्षा भी आने वाले समय की बड़ी चुनौती है। रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के तनाव ने दिखा दिया है कि वैश्विक संघर्ष का असर किसी देश की सीमा तक सीमित नहीं रहता। तेल और गैस की कीमतों में बदलाव सीधे आम आदमी की रसोई, परिवहन, उद्योग और रोजगार को प्रभावित करता है। ऐसे में नवीकरणीय ऊर्जा में भारत का निवेश केवल पर्यावरण बचाने की कोशिश नहीं, बल्कि भविष्य की आर्थिक और रणनीतिक सुरक्षा की जरूरत है। यूरोप की तकनीक और भारत की विशाल ऊर्जा जरूरतें मिलकर एक महत्वपूर्ण साझेदारी का आधार बन सकती हैं। भारत-रूस संबंध भी इसी संतुलित विदेश नीति का उदाहरण हैं। बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत ने रूस के साथ अपने पुराने संबंध बनाए रखे हैं, वहीं अमेरिका और यूरोप के साथ भी अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाया है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के मामले में भारत का लगातार बातचीत और कूटनीति पर जोर इस बात को दर्शाता है कि नई दिल्ली किसी भी संघर्ष का स्थायी समाधान युद्ध में नहीं, बल्कि संवाद में देखती है।

अर्थव्यवस्था मजबूत, फिर शेयर बाजार क्यों गिर रहा है?

सेंसेक्स 1 अक्टूबर 2025 के 80,983 अंक से घटकर 1 अक्टूबर 2026 को 71,910 अंक और निफ्टी 24,836 से गिरकर 22,422 अंक पर आ गया। यानी एक वर्ष में दोनों प्रमुख सूचकांक में लगभग 10 से 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। क्या यह गिरावट भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोरी का संकेत है? उपलब्ध आर्थिक संकेतक इसका समर्थन करते दिखाई नहीं देते। शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था के बीच संबंध अवश्य है, पर दोनों हमेशा एक दिशा में नहीं चलते। शेयर बाजार मुख्यतः सूचीबद्ध कंपनियों की भविष्य की आय, लाभप्रदता और निवेशकों की अपेक्षाओं के आधार पर मूल्य तय करता है। इसके साथ वैश्विक पूंजी का प्रवाह भी बाजार की दिशा प्रभावित करता है। मौजूदा गिरावट को समझने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों के व्यवहार, अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, कच्चे तेल की कीमतों, डॉलर की मजबूती और भारतीय शेयरों के अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन को देखना होगा। वर्ष 2026 में अब तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से लगभग 2.8 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। वैश्विक निवेशकों के लिए इस समय अमेरिका के बॉन्ड, अमेरिकी शेयर बाजार और कुछ उभरते बाजार अधिक आकर्षक दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में बॉन्ड यील्ड का ऊंचा स्तर सुरक्षित निवेश के साथ बेहतर रिटर्न का विकल्प प्रस्तुत करता है। अमेरिकी तकनीकी कंपनियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नवाचार से उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ने की उम्मीद भी वहां निवेश आकर्षित कर रही है। वियतनाम और दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा तकनीकी क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की संभावनाएं विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। चीन भी इस दौड़ में महत्वपूर्ण है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर तेज बनी हुई है। उद्योगों की गतिविधियां बढ़ रही हैं। बैंकिंग व्यवस्था मजबूत हो रही है। निर्यात में विस्तार दिखाई दे रहा है और कर संग्रह लगातार ऊंचे स्तर पर पहुंच रहा है। इसके बावजूद शेयर बाजार में लगातार गिरावट ने कई सवाल खड़े किए हैं। सेंसेक्स 1 अक्टूबर 2025 के 80,983 अंक से घटकर 1 अक्टूबर 2026 को 71,910 अंक और निफ्टी 24,836 से गिरकर 22,422 अंक पर आ गया। यानी एक वर्ष में दोनों प्रमुख सूचकांक में लगभग 10 से 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। क्या यह गिरावट भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोरी का संकेत है? उपलब्ध आर्थिक संकेतक इसका समर्थन करते दिखाई नहीं देते। शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था के बीच संबंध अवश्य है, पर दोनों हमेशा एक दिशा में नहीं चलते। शेयर बाजार मुख्यतः सूचीबद्ध कंपनियों की भविष्य की आय, लाभप्रदता और निवेशकों की अपेक्षाओं के आधार पर मूल्य तय करता है। इसके साथ वैश्विक पूंजी का प्रवाह भी बाजार की दिशा प्रभावित करता है। मौजूदा गिरावट को समझने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों के व्यवहार, अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, कच्चे तेल की कीमतों, डॉलर की मजबूती और भारतीय शेयरों के अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन को देखना होगा। वर्ष 2026 में अब तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से लगभग 2.8 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। वैश्विक निवेशकों के लिए इस समय अमेरिका के बॉन्ड, अमेरिकी शेयर बाजार और कुछ उभरते बाजार अधिक आकर्षक दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में बॉन्ड यील्ड का ऊंचा स्तर सुरक्षित निवेश के साथ बेहतर रिटर्न का विकल्प प्रस्तुत करता है। अमेरिकी तकनीकी कंपनियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नवाचार से उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ने की उम्मीद भी वहां निवेश आकर्षित कर रही है। वियतनाम और दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा तकनीकी क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की संभावनाएं विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। चीन भी इस दौड़ में महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक कमजोर प्रदर्शन के कारण चीनी कंपनियों का कीमत-आय अनुपात भारतीय कंपनियों की तुलना में अधिक आकर्षक हो गया है। जहां चीन में औसत पीई अनुपात 12 के नीचे बताया जा रहा है, वहीं भारत में यह 20 से ऊपर है। ऐसे में वैश्विक निवेशक समान पूंजी से अधिक संभावित मूल्य प्राप्त करने के लिए चीन की ओर भी देख रहे हैं। यहां एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच भारतीय संस्थागत निवेशक बाजार में पूंजी लगा रहे हैं। म्यूचुअल फंडों के माध्यम से हर महीने 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश भारतीय शेयर बाजार में हो रहा है। इसका अर्थ है कि बाजार से पूंजी पूरी तरह बाहर नहीं जा रही, उसका स्वामित्व और प्रवाह एक हिस्से में विदेशी निवेशकों से घरेलू निवेशकों की ओर स्थानांतरित हो रहा है। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव ने भी बाजार की चिंता बढ़ाई है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष और अन्य अंतरराष्ट्रीय तनावों का असर ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गई हैं, जबकि एक वर्ष पहले यह लगभग 65 डॉलर थीं। भारत अपनी कच्चे तेल की खपत का 90 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। इसलिए तेल की कीमतों में बड़ी वृद्धि से आयात बिल, चालू खाते और रुपये पर दबाव बढ़ सकता है। फिर भी यह समझना आवश्यक है कि आशंका और वास्तविक आर्थिक स्थिति दो अलग-अलग चीजें हैं। भारत में महंगाई को नियंत्रण में रखने के प्रयास अब तक प्रभावी रहे हैं। बाजार भविष्य की संभावित चुनौतियों को वर्तमान कीमतों में शामिल करता है। इसी कारण किसी वैश्विक जोखिम की आशंका भी शेयरों की कीमतों को प्रभावित कर सकती है। डॉलर की मजबूती ने दबाव और बढ़ाया है। डॉलर इंडेक्स 1 अक्टूबर 2025 के 97.71 से बढ़कर 1 अक्टूबर 2026 को 101.80 के स्तर पर पहुंच गया। इसी अवधि में रुपया लगभग 96 रुपये प्रति डॉलर तक कमजोर हुआ। सोने की कीमत भी 3,871 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर 4,170 डॉलर पहुंच गई है। भारत सोने का बड़ा आयातक है और इसके भुगतान के लिए डॉलर की आवश्यकता होती है। इससे रुपये पर अतिरिक्त दबाव बनता है। यदि शेयर बाजार की गिरावट को आर्थिक गतिविधियों के वास्तविक आंकड़ों के साथ रखकर देखा जाए तो तस्वीर काफी अलग दिखाई देती है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। यह वैश्विक अनुमानित वृद्धि दर लगभग 3 प्रतिशत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं की लगभग 3.8 प्रतिशत दर से काफी ऊपर है। अगस्त 2026 में औद्योगिक विकास दर 8 प्रतिशत रही, जबकि अगस्त 2025 में यह 4.7 प्रतिशत थी। अगस्त 2026 में वस्तुओं का निर्यात लगभग 4,380 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया, जबकि एक वर्ष पहले यह 3,480 करोड़ डॉलर था। 15 सितंबर 2026 को समाप्त पखवाड़े में बैंक ऋण वृद्धि 18.1 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 10.4 प्रतिशत थी। बैंक जमा की वृद्धि भी 9.5 प्रतिशत से बढ़कर 17.3 प्रतिशत हुई। ऋण-जमा अनुपात लगभग 81 प्रतिशत के स्तर पर पहुंचना अर्थव्यवस्था में बढ़ती ऋण मांग का संकेत देता है। बैंकिंग क्षेत्र की मजबूती भी महत्वपूर्ण है। सकल गैर-निष्पादित आस्तियां जुलाई 2025 के 2.2 प्रतिशत से घटकर जुलाई 2026 में 1.68 प्रतिशत रह गईं। शुद्ध एनपीए 0.5 प्रतिशत से घटकर 0.4 प्रतिशत रहा। पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.5 प्रतिशत से बढ़कर 17.8 प्रतिशत हो गया। यह बताता है कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली पहले की तुलना में अधिक मजबूत पूंजी आधार के साथ आर्थिक गतिविधियों को समर्थन दे रही है। उद्योगों द्वारा उत्पादन क्षमता का 75 प्रतिशत से अधिक उपयोग किया जाना भी अर्थव्यवस्था में मांग की मजबूती दर्शाता है। जब क्षमता उपयोग इस स्तर तक पहुंचता है तो कंपनियों के सामने उत्पादन क्षमता विस्तार की आवश्यकता उभरती है। जीएसटी संग्रह इसका एक और संकेतक है। सितंबर 2026 में 14.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ जीएसटी संग्रह 2.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा और लगातार तीसरे महीने यह आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा। डिजिटल अर्थव्यवस्था की गति भी उल्लेखनीय है। सितंबर 2026 में यूपीआई के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 80 करोड़ से अधिक लेन-देन दर्ज हुए। अगस्त में यह संख्या लगभग 79 करोड़ और सितंबर 2025 में 65 करोड़ से अधिक थी। यह भारत में औपचारिक अर्थव्यवस्था और डिजिटल भुगतान के विस्तार का स्पष्ट संकेत है। भारतीय शेयर बाजार की मौजूदा गिरावट को पूरी भारतीय अर्थव्यवस्था का आईना मानना उचित नहीं होगा। बाजार पर विदेशी पूंजी की निकासी, वैश्विक ब्याज दरें, डॉलर की मजबूती, तेल की कीमतें, भू-राजनीतिक तनाव और कंपनियों के मूल्यांकन जैसे अनेक कारक एक साथ प्रभाव डाल रहे हैं। इसका अर्थ यह भी नहीं कि भारत के सामने चुनौतियां नहीं हैं। महंगा कच्चा तेल, रुपये पर दबाव और वैश्विक पूंजी के बदलते रुझान अर्थव्यवस्था के लिए वास्तविक जोखिम हैं। इनसे निपटने के लिए ऊर्जा सुरक्षा, निर्यात प्रतिस्पर्धा, विनिर्माण विस्तार, घरेलू पूंजी निर्माण और वित्तीय अनुशासन पर निरंतर ध्यान आवश्यक है। फिर भी शेयर बाजार में 10-11 प्रतिशत की गिरावट को आधार बनाकर भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने किसी बड़े संकट की तस्वीर खींचना तथ्यों से मेल नहीं खाता। आर्थिक विकास, औद्योगिक उत्पादन, बैंक ऋण, जीएसटी संग्रह, निर्यात, बैंकिंग स्वास्थ्य और डिजिटल लेन-देन जैसे संकेतक व्यापक आर्थिक गतिविधियों में मजबूती दर्शा रहे हैं। इसलिए वर्तमान स्थिति को भारतीय अर्थव्यवस्था के संकट के रूप में देखने के बजाय वैश्विक पूंजी के पुनर्संयोजन और बाजार मूल्यांकन के सुधार के रूप में देखना अधिक तर्कसंगत होगा। शेयर बाजार का उतार-चढ़ाव अर्थव्यवस्था की पूरी कहानी नहीं होता। असली कसौटी उत्पादन, रोजगार, निवेश, आय, उपभोग और उत्पादकता की दीर्घकालिक दिशा है। इन मोर्चों पर भारत की तस्वीर फिलहाल आशावाद का आधार प्रस्तुत करती है। **–प्रहलाद सबनानी**

भाषणों तक सीमित नहीं रहीं नशा मुक्त पंजाब यात्राएं

केवल सिंह ढिल्लों

भाजपा की 13 दिन की नशा मुक्त पंजाब यात्रा कई मायनों में अहम रही। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि एक रणनीति थी। 13 दिन में चारों क्षेत्रों मालवा, दोआबा, माझा और पुआध को साधा। 4000 किलोमीटर का सफर किया। कुल 474 प्रोग्राम किए जिनमें जन सभाएं, रोड शो, स्वागत कार्यक्रम, नुक्कड़ सभाएं, आदि प्रमुख हैं। मंचों पर नाटक का आयोजन भी हुआ। और हर रैली, रोड शो, नाटक और भाषण में भाजपा ने जनता के बीच संदेश पहुंचाया कि यह यात्रा राजनीतिक फायदे के लिए नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ है। इस यात्रा से भाजपा ने अपने विरोधियों, राजनीतिक विशेषज्ञों और मीडिया संस्थानों को भी हैरत में डाल दिया है। पंजाब की राजनीति में लंबे समय से धारणा थी कि भारतीय जनता पार्टी शहरी पार्टी है। शहरों में तो इसकी पकड़ है लेकिन गांवों में, खेतों में, मंडियों में इसकी पहुंच नहीं। यात्रा ने इस मिथक को पूरी तरह तोड़ दिया है जोकि भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। साथ ही, जन संपर्क और नशा पीड़ित परिवारों से मिलना भी पार्टी की बड़ी उपलब्धि रही। इससे भाजपा अपने नशा विरोधी एजैंडे को जनता के सामने मजबूती के साथ रखने में कामयाब रही। इससे पहले पंजाब में किसी भी राष्ट्रीय पार्टी ने इतने कम समय में इतने बड़े स्तर पर नशे के मुद्दे पर ऐसे आवाज नहीं उठाई। यह सिर्फ भाषणों की यात्रा नहीं थी। न सिर्फ कार्यकर्त्ता, बल्कि पार्टी के बड़े नेता गांव-गांव गए। नशा पीड़ित परिवारों से मिले और उनकी पीड़ा सुनी। दुकानदारों, मजदूरों, किसानों, युवाओं और नशों के कारण बेटे खो चुकी मांओं से मिले। यही कारण है कि इसे यात्रा नहीं, जन-आंदोलन कहा जा रहा है। धार्मिक और सांस्कृतिक नब्ज को पकड़ा रू राज्य की धार्मिक और सांस्कृतिक नब्ज को भी भाजपा इस यात्रा से साधने में काफी हद तक कामयाब रही। इस यात्रा का रूट-मैप भी बहुत सोच-समझकर बनाया गया था। यात्रा की शुरुआत माधोपुर से हुई। माधोपुर वही धरती है जहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राण देने से पहले अनशन किया था। वहां से संदेश साफ था-भाजपा के लिए पंजाब सिर्फ एक राज्य नहीं, देश की एकता का प्रतीक है। दूसरी यात्रा फतेहगढ़ साहिब से निकली। सिख कौम के इतिहास का सबसे दर्दनाक और प्रेरणादायक स्थल। तीसरी तलवंडी साबो से, जो पांच तख्तों में से एक है, दमदमा साहिब। यहां जाकर भाजपा ने सिख परंपरा के प्रति अपना सम्मान दिखाया। चौथी यात्रा फाजिल्का के सदीकी से शुरू हुई, जहां 1971 के युद्ध में हमारे जवानों ने शहादत दी थी। इससे भाजपा ने जनता के बीच संदेश पहुंचाया कि पंजाब वीरों और गुरुओं की भूमि है। सब यात्राओं का समापन जालंधर के देवी तालाब मंदिर में हुआ। शक्ति की उपासना का केंद्र। वहीं से आशीर्वाद लेने के बाद नशा खत्म करने की तारीख और साल का ऐलान अमित शाह ने किया। यह एक प्रतीकात्मक संकल्प था, कि जैसे मां दुर्गा ने असुरों का नाश किया था, वैसे ही भाजपा पंजाब से नशे के असुर का नाश करेगी। यह पंजाब के लोगों को विश्वास दिलाने का सबसे मजबूत तरीका रहा। अपनी उपलब्धियों से जनता में विश्वास जगाया रू लोगों को यह भरोसा दिलाने के लिए कि सिर्फ वही एक पार्टी है जो नशे को खत्म कर सकती है, भाजपा ने अपनी राष्ट्रीय उपलब्धियों को भी पंजाब की सुरक्षा से जोड़ा। मंच से बार-बार तीन बातें दोहराई गईं-जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और आतंकवाद मिटाया, उत्तर प्रदेश से गैंगस्टरवाद तो छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म किया। जनता को सीधा संदेश दिया कि पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है। यहां स्थिरता, सुरक्षा और एकता सबसे बड़ी जरूरत है। जनता ने इस तर्क को समझा और सराहा। गांवों में विरोध नहीं, स्वागत हुआ रू कुछ साल पहले तक भाजपा को गांवों में विरोध का सामना करना पड़ता था। लेकिन इस यात्रा में तस्वीर बिल्कुल बदली हुई दिखी, बल्कि किसान, मजदूर, छोटे कारोबारी, दुकानदार, युवा और महिलाएं खुद बढ़-चढ़कर रैलियों में पहुंचे। ट्रैक्टरों पर झंडे लगे देखे गए। गांवों की चौपालों में लोगों ने स्वेच्छा से यात्रा का समर्थन किया और नशे के खात्मे के लिए भाजपा से उम्मीद जताई। 13 दिन, एक ही मुद्दा-नशा रू केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भाषण हो या पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का या किसी अन्य नेता की जनसभा, पूरे 13 दिन का फोकस सिर्फ एक मुद्दे पर रहा-नशा। भाजपा राज्य के दूसरे मुद्दों के जाल में उलझने से बची।

सेहत मंत्र

आपकी रसोई में ही मौजूद हैं कई पेनकिलर, दवाइयों से करें परहेज

शरीर में विभिन्न हिस्सों में दर्द होना एक आम बात है। कभी जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करने से, चोट लगने से या गलत पॉश्चर आदि के कारण शरीर में दर्द होता है। अमूमन लोग दर्द होने पर पेनकिलर लेना उचित समझते हैं क्योंकि इससे सारा दर्द झट से गायब हो जाता है। लेकिन वास्तव में अगर आप नेचुरल तरीके से अपने दर्द को दूर करना चाहते हैं तो इसके लिए अपनी किचन का रूख कीजिए। किचन में आपको ऐसी ढेरों चीजें मिल जाएंगी, जो एक पेनकिलर की तरह काम करेंगी। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में? हल्दी- हल्दी का प्रयोग अक्सर घरों में चोट लगने पर या दर्द होने पर किया जाता है। इसमें कुछ एंटी-इंफलेमेंटरी गुण पाए जाते हैं, जो दर्द को दूर करने में मददगार होते हैं। हल्दी का सेवन ज्वांइट व मसल्स पेन को दूर करने के साथ-साथ चोट की सूजन आदि को भी कम करता है। अदरक- हल्दी की तरह ही अदरक में भी एंटीइंफलेमेंटरी गुण होते हैं। अदरक का प्रयोग कई तरह के दर्द जैसे अर्थराइटिस, पेट में दर्द, सीने में दर्द, मासिक धर्म के दर्द व मांसपेशियों के दर्द को भी दूर करता है। आप चाहें तो अदरक का सेवन खाने के रूप में करें या फिर इसका पेस्ट बनाकर प्रभावित स्थान पर लगाएं। लाल अंगूर- बहुत से लोगों को पता नहीं होता, लेकिन लाल अंगूर भी एक पेनकिलर की तरह काम करते हैं। दरअसल, इसमें रेसर्वटोल नामक एंटी?ऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो ज्वाइंट व पीठ के दर्द को कम करने में मददगार है। अगर आपको भी कमर दर्द की शिकायत है तो प्रतिदिन कुछ लाल अंगूर खाने की आदत डालें। नमक-आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन नमक भी एक दर्द निवारक है। इसके इस्तेमाल के लिए करीबन एक कप नमक को नहाने के पानी में डालें। अब इस पानी में करीबन पन्द्रह से बीस मिनट के लिए बैठें। नमक का पानी बॉडी सेल्स के निर्जलीकरण में मदद करता है, जिसके चलते शरीर का दर्द व सूजन दूर होती है।

धर्म मंत्र

बिलासपुर में विराजमान हैं भोलेनाथ घास चढ़ाने से पूर्ण होती है मनोकामनाएं

देवभूमि हिमाचल में बहुत सारे देवी-देवताओं के कई मंदिर स्थित है। जहां भक्त पूर्ण श्रद्धा से मंदिरों में दर्शन कर दान देते हैं। हिमाचल में एक ऐसा ही मंदिर है, जहां घास अर्पित किया जाता है। प्रतिदिन इस मंदिर में कई लोग इस तरह दान करने के लिए आते हैं।

हिमाचल के बिलासपुर जिले के भगेड़ में नंदीश्वर महादेव मंदिर स्थित है। यहां घायल गोवंश की पूजा होती है। माना जाता है कि मंदिर में घास की गड्डी चढ़ाने से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

मंदिर में घायल गोवंश की पूजा होती है और इसके साथ ही इलाज भी किया जाता है। कहा जाता है कि जहां मंदिर स्थापित है, वहां करीब चार साल पहले एक घायल बैल का इलाज किया गया था। उसके बाद यहां पशुओं की संख्या बढ़ती गई और मंदिर निर्माण का विकल्प ढूंढ़ा गया। अब मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यहां मंदिर परिसर में शिव परिवार, शनिदेव और हनुमान की प्रतिमा स्थापित की गई है। मंदिर में सुबह 6 बजे और शाम को साढ़े 7 बजे आरती होती है। इसके साथ ही हर सप्ताह भजन-कार्तन का आयोजन किया जाता है, जिसमें गो महिमा का गुणगान किया जाता है।

पर्यटन



दूध जैसे सफ़ेद पानी में अगर रॉफ्टिंग करनी है तो चले आइये दांदेली

घूमने-फिरने के दौरान अगर आपको एडवेंचर पसंद है तो दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य में स्थित दांदेली जरूर जाएं। दांदेली बहुत ही खूबसूरत ट्रैवल डेस्टिनेशन है जहां पर आप तमाम तरह के एडवेंचर एक्टिविटीज भी कर सकते हैं। ये जगह कर्नाटक और गोवा के बॉर्डर के पास होने के कारण यहां पर विदेशी सैलानियों का जमावड़ा लगता है। यहां पर आप रॉफ्टिंग, बोटिंग, रैपलिंग, एडवेंचर ट्रैकिंग, जंगल सफारी, रिवर साइड फिशिंग इस तरह की कई सारी एक्टिविटीज कर सकते हैं। अगर आप यहा आ रहे हैं तो इन सबके अलावा यहां आसपास स्थित गुफाओं और भगवान के मंदिरों को देखना भी अच्छा एक्सपीरियंस रहेगा। मनाली- ऋषिकेश के अलावा अगर आपको सफ़ेद पानी में रॉफ्टिंग करनी है तो आप कर्नाटक के दांदेली में कर सकते हैं पर ध्यान रहे यहां के पानी का बहाव काफी तेज होता है लेकिन इस तेज बहाव के पानी में रॉफ्टिंग का मजा अलग ही होता हैं। आप यहां पर पहाड़ों से गिरते हुए झरनों में रैपलिंग भी कर सकते हैं। ये झरने काफी खूबसूरत हैं यहां का नजारा आपके लिए यादगार रहेगा। एडवेंचर ट्रैकिंग-एडवेंचर एक्टिविटीज में जब तक ट्रैकिंग न हो तब-तक एडवेंचर अधूरा रहता है अपको अगर ट्रैकिंग करना पसंद है तो आप यहा एडवेंचर ट्रैकिंग भी कर सकते हैं। यहां के पहाड़ी रास्ते ट्रैकिंग के लिए काफी अच्छे हैं जो स्पेशल ट्रैकिंग के लिए मशहूर हैं। इस रास्ते पर आपको कई मैगी प्वाइंट् मिलेंगे जहां आप रूक कर आराम कर सकते हैं और खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठा सकते हैं। कयाकिंग और बर्ड वॉचिंग-आप अगर पानी और पक्षियों को देखना पसंद करते हैं तो आप यहां जरूर आयें। यहां पर आपको कयाकिंग करने के दौरान कई तरह के पक्षी भी देखने को मिलेंगे। ये लम्हा आप कभी नहीं भूलेंगे कि जब आप पानी के बीचों बीच हों और आप के आसपास तमाम तरह के पक्षी। आप यहां मैगपाई रॉबिन, बार विंग्ड फ्लाइकैचर, ब्लू हेडेड ग्राउंड थ्रस, ग्रीन पिज़न, गोल्डेन बैक, वुडपैकर, बुलबुल, सर्पेंट ईगल जैसे कई खूबसूरत पक्षी देखे सकते हैं।

डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी, अक्टूबर। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-अयोध्या के हैदरगढ़ एवं सतरिख अंडरपास के नीचे क्षतिग्रस्त सड़क को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। नवीन उपनिबंधक कार्यालय सदर के सामने दारापुर कट के समीप सड़क पर अवैध रूप से पार्क किए जाने वाले वाहनों को तत्काल हटवाकर उनके लिए पृथक पार्किंग स्थल चिन्हित करने तथा चयनित स्थल पर ही वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस संबंध



में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी नवाबगंज, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, एआरटीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आज ही स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील एवं अनावश्यक कटों को तत्काल बंद कराया जाए तथा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक स्थानों पर रम्बल स्ट्रिप, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने रामनगर तिराहा पुलिस चौकी के सामने स्थित कट से लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित करने तथा भारी वाहनों का आवागमन चौपुला की ओर से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

आगामी 27 अक्टूबर से प्रारम्भ होने वाले देवा मेला के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने बाराबंकी-देवा मार्ग की पटरियों एवं मुख्य मार्ग को निर्धारित मानकों के अनुरूप दुरुस्त कराने तथा आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण सड़कों पर हुए गड्ढों को दुरुस्त कराने के लिए चलाए जा रहे गड्ढा मुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। ग्रामीण एवं प्रमुख मार्गों के साथ-साथ नगरीय क्षेत्र की सड़कों को भी प्राथमिकता के आधार पर गड्ढा मुक्त कराया जाए, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और सड़क

दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील अवैध कटों को तत्काल बंद कराने के निर्देश

आगामी देवा मेला के दृष्टिगत बाराबंकी-देवा मार्ग की पटरियों एवं सड़क को दुरुस्त कराने के निर्देश

बरसात से क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने के अभियान में तेजी लाने के निर्देश

दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम नवाबगंज सुश्री गुंजिता अग्रवाल, एएसपी उत्तरी श्री मोहम्मद आफताब, एआरटीओ सहित लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

साहब पति परदेश में है पड़ोसी जबरिया निकाल रहे नाली रोकने पर दे रहे धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। घर के सामने जबरन नाली निकालने और विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट तथा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने असंद्रा थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्रवाई तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।प्रार्थना पत्र के अनुसार, ग्राम खेवराजपुर मजरे टिकरा निवासी बीनम शुक्ला पत्नी विनोद कुमार शुक्ला अपने सास और बच्चों के साथ घर पर रहती हैं, जबकि उनके पति रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर रहते हैं। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों द्वारा उनके घर के सामने जबरन नाली निकाली जा रही है। पीड़िता का कहना है कि उक्त स्थान पर पहले कभी नाली नहीं थी।जब पीड़िता की सास ने नाली

पुलिसकर्मी को मिलता है साइकिल भत्ता, लेकिन सवारी पल्सर की

बाराबंकी में पुलिस व्यवस्था से जुड़ा एक हैरान करने वाला मामला सामने आया।मुकामी थाने में तैनात एक हेड कांस्टेबल ने बताया कि पुलिसकर्मियों को साइकिल का भत्ता मिलता है, जबकि खुद मौके पर पल्सर मोटरसाइकिल से पहुंचते नजर आए।वहीं, एक महिला को कुछ लोगों द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत पर जब पुलिसकर्मी से जल्दी मौके पर पहुंचने की बात कही गई तो कथित तौर पर जवाब मिला—ल्लकोई हेलिकॉप्टर नहीं लिया है।ङ्घपुलिसकर्मी के इस कथित जवाब और साइकिल भत्ते को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं। क्या साइकिल भत्ता लेने वाले पुलिसकर्मी वास्तव में साइकिल से गश्त करते हैं? मामला चर्चा में है। क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट सौरभ श्रीवास्तव ने बताया की मामले की जांच की जाएगी।

निकालने का विरोध किया तो आरोप है कि संबंधित लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा कि उनकी संख्या अधिक है और नाली उसी स्थान से निकाली जाएगी, इसके लिए पूरे परिवार को खत्म करना पड़े तो भी पीछे नहीं हटेंगे।पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी बड़ी बेटी के सामने भी अभद्र एवं अशोभनीय गालियां दी गईं, जिससे बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और परिवार में भय का माहौल बना हुआ है।पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने, परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जबरन नाली निकाले जाने के मामले में भी जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

देवस्थान की भूमि पर अवैध कब्जा,आरोप से गरमाया विवाद, डीएम से कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौली गौसपुर, बाराबंकी। ग्राम अइमा वाजिदपुर में देवस्थान की भूमि को लेकर विवाद सामने आया है। ग्रामीण ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर गांव में स्थित देवस्थान की भूमि पर कथित कब्जे और दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने में अड़ंगा डालने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ गई है। शिकायती पत्र के मुताबिक गांव में गाटा संख्या 131/126 में देवस्थान दर्ज भूमि पर पिछले आधा दशक से मूर्ति स्थापित कर नवरात्र में पूजा-अर्चना की जाती रही है। आरोप है कि इस वर्ष गांव के ही कुछ लोगों ने देवस्थान की भूमि पर मिट्टी व लकड़ियां डालकर कथित रूप से कब्जा कर लिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उक्त भूमि पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया गया तो संबंधित लोगों ने इसका विरोध करते हुए भूमि को अपना बताया। मामले में ग्रामीणों ने दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति के लिए उपजिलाधिकारी सिरौली गौसपुर के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर कथित रूप से आपत्ति भी दर्ज कराई गई। शिकायती पत्र में कहा गया है कि 1 अक्टूबर को हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर भूमि की नाप की, लेकिन विवाद का स्थायी समाधान नहीं हो सका। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि कथित कब्जेदार दबंगई के बल पर देवस्थान की भूमि पर कब्जा बनाए हुए हैं। साथ ही संबंधित लेखपाल से उनकी निकटता होने का भी आरोप लगाया गया है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। अब सवाल यह है कि यदि राजस्व अभिलेखों में भूमि देवस्थान के नाम दर्ज है तो मौके पर कथित कब्जे की स्थिति कैसे बनी और नाप के बाद भी विवाद का समाधान क्यों नहीं हुआ? वहीं यदि भूमि को लेकर कोई राजस्व विवाद है तो प्रशासन द्वारा स्थिति स्पष्ट कर ग्रामीणों को भरोसे में क्यों नहीं लिया गया? ग्रामीण ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर देवस्थान की भूमि को कथित कब्जे से मुक्त कराने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

एमएलसी निर्वाचन की तैयारियों को लेकर डीएम ने नोडल एवं अपर नोडल अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी, 05 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन की घोषणा के दृष्टिगत आगामी 23 अक्टूबर, 2026 को होने वाले मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में नामित नोडल एवं अपर नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने विभिन्न निर्वाचन कार्यों के लिए नामित अधिकारियों से उनके दायित्वों के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि निर्वाचन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसओपी



एवं दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक कार्य में समयबद्धता, पारदर्शिता एवं समन्वय का विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में मतदान कार्मिकों, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, यातायात व्यवस्था, वाहनों की उपलब्धता एवं रूट चार्ट, मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं, निर्वाचन सामग्री की छपाई, पैकिंग एवं पोलिंग स्टेशनवार बंडलिंग, बैलेट बॉक्स एवं निर्वाचन सामग्री के वितरण तथा मतदान के पश्चात सामग्री जमा कराने की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इसके साथ ही गोपनीय अभिलेखों एवं सील्ड मतपेटिकाओं की सुरक्षित जमा एवं परिवहन व्यवस्था, प्रेक्षकों के ठहरने, वाहन एवं सुरक्षा व्यवस्था, मतदान कार्मिकों को आवश्यक सुविधाएं, चिकित्सा व्यवस्था, निर्वाचन संबंधी सांख्यिकीय सूचनाओं का समयबद्ध प्रेषण, मतदान केंद्रों पर आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, मतदाता सूची की प्रतियां तैयार कराने तथा प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने दायित्वों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए संबंधित विभागों के साथ प्रभावी समन्वय बनाए रखें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा विलंब न होने दें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित व्यवस्थाओं को भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों एवं एसओपी के अनुरूप पूर्ण किया जाए, ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में उप जिलानिर्वाचन अधिकारी/एडीएम(वि/रा) श्री निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री राजकुमार यादव सहित विभिन्न निर्वाचन कार्यों के लिए नामित नोडल एवं अपर नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

मीट की दुकानों का संचालन जारी, बजरंगदल नाराज

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बीते शनिवार को धरना प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक को संबोधित 6 सूत्रीय मांग पत्र क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत एवं नायब तहसीलदार को सौंपकर कार्यवाही की मांग करते हुए 48 घंटे का समय विहिप जिला संगठन मंत्री अखिल ने दिया था।बजरंग दल जिला सहसंयोजक विनय वर्मा ने बताया कि प्रशासन को कार्रवाई के लिए दिया गया निर्धारित समय पूर्ण हो रहा है रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मंदिर के समीप मीट की दुकानें प्रशासन की सह पर अभी भी धड़ल्ले से चल रही हैं। कोतवाली रामनगर में तैनात प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठने शुरू हो गए हैं उनकी कार्यशैली से क्षेत्रीय जनता सहित हिंदू जनमानस काफी आहत है।ज्ञात हो कि विगत 48 घंटे पूर्व क्षेत्रीय जनता की मांग पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पंचमुखी हनुमान मंदिर रामनगर पर धरना देकर 6 सूत्रीय मांग पत्र पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय को क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत के माध्यम से भेजा गया था। जिसमें पुलिस के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया था लेकिन समय पूरा हो जाने के बावजूद पुलिस के अधिकारियों के दिमाग में जू नहीं रेगी इसे क्या समझा जाए पुलिस की मनमानी या शासन के निर्देशो की अवहेलना अब कोतवाल के द्वारा किए गए सनातन विरोधी कार्यों को लेकर बजरंग दल जिला स्तर पर भव्य विरोध प्रदर्शन करेगा।

सिद्धौर में बहुउद्देशीय सेवा शिविर शुरू

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेवा सेतु अभियान के तहत सिद्धौर ब्लॉक सभागार में सोमवार को बहुउद्देशीय सेवा शिविर का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और पात्र लोगों को लाभ दिलाने की व्यवस्था की गई। ब्लॉक प्रमुख आरती रावत और बीडीओ पूजा सिंह ने स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बाल विकास विभाग के स्टाल पर बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी कराई गई। स्वास्थ्य, आयुष्मान, कृषि, सहकारिता, विधिक परामर्श और स्वच्छता विभाग के स्टालों पर ग्रामीणों को सेवाएं एवं जानकारी दी गई। बीडीओ पूजा सिंह ने बताया कि शिविर पांच से नौ अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

स्वान टावर पर गिरी आकाशीय बिजली, उपकरण बंद

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार को तेज बारिश के दौरान ब्लॉक परिसर में लगे स्वान टावर पर आकाशीय बिजली गिरने से अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। बिजली गिरने के बाद ब्लॉक परिसर के कई कंप्यूटर, इनवर्टर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों ने काम करना बंद कर दिया। तेज आवाज के साथ हुई घटना से कर्मचारी सहम गए। कर्मचारियों के अनुसार बिजली गिरने से उपकरणों को नुकसान पहुंचने की आशंका है, जिसकी जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। गनीमत रही कि आकाशीय बिजली किसी कार्यालय या भवन पर नहीं गिरी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद काफी देर तक ब्लॉक परिसर में दहशत का माहौल रहा।

दिव्यांग सहायता शिविर की अनुमति न मिलने पर संगठन ने डीएम से लगाई गुहार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जागृति मिशन दिव्यांग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता ने पंचायत भवन बेनीपुर में प्रस्तावित दिव्यांग एवं वृद्धजन कृत्रिम उपकरण सहायता शिविर को अनुमति न मिलने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है। दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 9 अक्टूबर 2026 को सुबह 10 बजे बेनीपुर पंचायत भवन में दिव्यांगजनों और वृद्धजनों के लिए कृत्रिम उपकरण सहायता शिविर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए उन्होंने खंड विकास अधिकारी अमेठी दिव्या सिंह को प्रार्थना पत्र देकर अनुमति मांगी थी। उनका आरोप है कि खंड विकास अधिकारी ने यह कहते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया कि मामला उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।
उन्होंने कहा कि शिविर पूरी तरह जनहित से जुड़ा है और इससे जरूरतमंद दिव्यांगजनों व वृद्धजनों को कृत्रिम उपकरण एवं अन्य सहायता उपलब्ध कराई जानी है। आरोप है कि उनकी बात पूरी तरह सुने बिना ही उन्हें वापस कर दिया गया। मामले को लेकर दिनेश कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी से जांच कराकर उचित कार्रवाई करने तथा शिविर के आयोजन में प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रकरण में उचित कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन दिव्यांगजनों के हित में आंदोलन करने को बाध्य होगा।

अंतरजनपदीय स्थानांतरण में देरी पर दिव्यांग शिक्षकों का आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जागृति मिशन दिव्यांग संघ ने बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत दिव्यांग, असाध्य रोगी एवं दिव्यांग दंपति शिक्षकों के लंबित अंतरजनपदीय स्थानांतरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी अमेठी को सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी न होने पर 12 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शासनादेश तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत दिव्यांग शिक्षकों एवं दिव्यांग व्यक्तियों के अभिभावक/संरक्षक शिक्षकों के अंतरजनपदीय स्थानांतरण का प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद लंबे समय से स्थानांतरण प्रक्रिया लंबित है और अब तक सूची जारी नहीं की गई है, जिससे दिव्यांग शिक्षकों में नाराजगी बढ़ रही है। ज्ञापन में शासन से मांग की गई है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशों के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग के पात्र दिव्यांग शिक्षकों का अंतरजनपदीय स्थानांतरण शीघ्र कराया जाए। संगठन ने कहा कि मांगों की अनदेखी होने पर प्रदेशभर के दिव्यांग शिक्षक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

पहले ही पत्र ने जताई थी आशंका, वही सत्य हुआ : परोसे गए, फिर वही गिने-चुने स्थल, निरीक्षण औपचारिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। जिसका डर था वही हुआ। समाचार पत्र ने दौरे से पहले ही आशंका जताई थी कि 88 ग्राम पंचायतों वाले आकांक्षी विकासखंड निंदूरा में निरीक्षण के नाम पर फिर वही चंद चिन्हित स्थान ही परोसे जाएंगे। सोमवार को हुआ भी वही।

निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार हर्षिता माथुर ने सोमवार को निंदूरा का निरीक्षण किया। उनके भ्रमण के लिए चुने गए स्थान थे - कंपोजिट विद्यालय बहरौली, उसी परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन ओदार और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुंघटेर।

दो दिन पहले से चमकाए गए दफ्तर -

स्थानीय लोगों के अनुसार निदेशक के संभावित दौरे की सूचना मिलते ही दो दिन पहले से इन चारों स्थलों पर विशेष सफाई अभियान, पुताई और कागजों को दुरुस्त करने का काम शुरू हो गया था। अखबार ने रविवार को ही सवाल उठाया था कि क्या अधिकारी अचानक किसी दूसरे गांव में भी जाएंगे या पहले से सजाए गए स्थलों पर ही औपचारिकता पूरी होगी? सोमवार को उस सवाल पर मुहर लग गई।

डेढ़ साल का ट्रैक रिकॉर्ड - स्थान वही, तारीख नई -

- अप्रैल 2026: नीति आयोग के



अतिरिक्त निदेशक महेंद्र कुमार - बहरौली स्कूल, आंगनबाड़ी, सीएचसी घुंघटेर।

- सितंबर 2025: 75 सहायक अनुभाग अधिकारियों का दल - पंचायत भवन ओदार।

- नवंबर 2025: प्रशिक्षु आईएएस - हेमापुरवा, चकिया।

- मई 2025: नोडल अधिकारी अवधेश तिवारी - सीएससी घुंघटेर।

जबकि ब्लॉक में 88 ग्राम पंचायत, करीब 200 परिषदीय विद्यालय, सैकड़ों आंगनबाड़ी और 88 पंचायत भवन हैं। बाकी की बारी कब आएगी, इसका जवाब किसी के पास नहीं।

निरीक्षण में क्या मिला - बहरौली कंपोजिट में: पुस्तक वितरण रजिस्टर में कई बच्चों के हस्ताक्षर नहीं। 680 पंजीकृत बच्चों पर औसतन 540 को एमडीएम। आईसीटी लैब देखी, सफाईकर्मी,सुरक्षा गार्ड और अतिरिक्त कमरों की मांग उठी।

आंगनबाड़ी में: रोज पढ़ाई की आधारशिला और एनबीटी की किताबें नहीं मिलीं। दो महिलाओं की गोदभराई और एक बच्चे का अन्नप्राशन कराकर खानापूर्ति।

ओदार पंचायत भवन में: ग्रामीणों ने बताया - माह में 10 ट्रांजेक्शन ही होते हैं। ग्रामीणों ने खुलकर शिकायत की - जल जीवन मिशन में टोटियां नहीं, पानी नहीं। एक ग्रामीण ने किसान सम्मान निधि के लिए ब्लॉक के चक्कर काटने की पीड़ा बताई।

सीएचसी घुंघटेर में: पैथोलॉजी लैब, दवा स्टॉक के रजिस्टर देखे गए।

''पर्दे वाली समीक्षा बैठक-''

निरीक्षण के बाद बीडीओ कार्यालय के छोटे से कक्ष में समीक्षा बैठक बुलाई गई,



जबकि बड़ा सभागार खाली था। पत्रकारों द्वारा फोटो लिए जाने के बाद कांच के दरवाजे पर पर्दा डालकर दरवाजा बंद कर दिया गया। 20 मिनट बाद, पत्रकारों के जाने का अंदाजा लगते ही दरवाजा खुला । सवाल यह है - यदि समीक्षा पारदर्शी थी तो पर्दा क्यों?

ग्रामीणों के तंज जो खबर से ज्यादा गहरे हैं -

''ये हमारे ब्लॉक के ताजमहल हैं, इन्हें ही सजाकर रखा जाता है। बाकी 88 पंचायतें क्या नक्शे में नहीं हैं?'' ''सफाई जनता के लिए नहीं, साहब के आने पर होती है।''''ये निरीक्षण है या फिक्स टूर पैकेज? हर साहब को वही रूट।''

''जब काम साफ है तो केबिन में पर्दा क्यों?''

निंदूरा के ग्रामीणों की मांग है - कभी बिना पूर्व सूचना के किसी दूरदराज की पंचायत में औचक निरीक्षण हो, तब असली जमीनी हकीकत सामने आएगी। वरना आकांक्षी ब्लॉक का सपना सिर्फ बहरौली-ओदार-घुंघटेर की चमकती दीवारों तक ही सीमित रह जाएगा। काली पट्टी बांधकर जताया विरोध सिद्धौर, बाराबंकी। विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धौर में काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर अपनी मांगों के समर्थन में विरोध जताया। इस दौरान डॉ. अजय रावत, प्रमोद अभिषेक, एसके मौर्य, भूपेंद्र कुमार समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने मांगों के निस्तारण की मांग उठाई।

सूर्यवंशी पर सैमसन को प्राथमिकता दे सकता है एशियाई खेलों का चैंपियन भारत

एजेंसी

लखनऊ। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए सबसे बड़ी दुविधा संजू सैमसन और युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी में से किसी एक का चयन करने को लेकर होगी। एशियाई खेलों में वीवीएस लक्ष्मण कोच थे और उन्होंने सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को अंतिम एकादश में रखा था लेकिन अब गंभीर कोच है और ऐसे में रणनीतिक बदलाव होना तय है, भले ही दोनों कोच आठवें नंबर तक बल्लेबाजी रखने में विश्वास रखते हैं। लेकिन अगर गंभीर की रणनीति को करीबी नजर से देखें तो वह सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को एक साथ अंतिम एकादश में नहीं रखेंगे। अभिषेक शर्मा सलामी बल्लेबाज के रूप पसंद बने हुए हैं। निशिन सिटी के कोरोगी स्पोर्ट्स



पार्क में खराब पिचों पर लक्ष्मण ने इन तीनों बल्लेबाजों को टीम में रखा। सूर्यवंशी और विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरुआत की, जबकि सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। यह फैसला पिच की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। लेकिन लखनऊ के एकाना स्टेडियम की पिच पर गंभीर एक बार फिर सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में वापस लाने के बारे में सोच सकते हैं, क्योंकि निचले क्रम में ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी का बैकअप मौजूद है। सैमसन नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में दो अर्धशतक बनाए थे। मध्य क्रम में पहले से ही कप्तान श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, उप कप्तान तिलक वर्मा, ऑलराउंडर शिवम दुबे और रेड्डी के साथ-साथ अक्षर पटेल भी मौजूद हैं। ऐसे में सूर्यवंशी और सैमसन दोनों को अंतिम एकादश में रखने की संभावना बहुत कम है। कोच गंभीर के लिए एक और सिरदर्द तेज गेंदबाजी आक्रमण होगा जिसमें अनुभवी अर्शदीप सिंह के साथ-साथ अपेक्षाकृत अनुभवहीन मयंक यादव (छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) और प्रिंस यादव (तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) शामिल हैं। स्पिन गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी अक्षर पटेल और कुलदीप यादव संभालेंगे। अगर गंभीर बल्लेबाजी को मजबूत करना चाहते हैं, तो नमन धीर को प्रिंस या मयंक की जगह लिया जा सकता है। यह भी देखना बाकी है कि अय्यर स्पिनर के रूप में अभिषेक का इस्तेमाल करते हैं नहीं। इस बाएं हाथ के स्पिनर ने एशियाई खेलों में कुछ विकेट लेकर अपने गेंदबाजी कौशल का प्रदर्शन किया था। यह सीरीज अय्यर की कप्तानी की भी एक बड़ी परीक्षा होगी, क्योंकि उन्हें एक मजबूत टी20 टीम के खिलाफ खेलना है। वेस्टइंडीज को इस प्रारूप में मजबूत टीम माना जाता है, जिसने 2012 और 2016 में दो बार टी20 विश्व कप जीता था।

बीच के ओवरों में तेजी से रन बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं: राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल का कहना है कि वह गेंद पुरानी पड़ जाने के बाद उसके सामने अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपने खेल में सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि बीच की ओवरों में अधिक से अधिक रन बना सकें। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में 87 गेंदों पर 129 रन बनाने वाले राहुल ने जिओस्टार से कहा, ''आखिरी 10 ओवरों में 80-90 रन बनाना आसान नहीं है। जब गेंद पुरानी और नरम हो जाती है और रिवर्स स्विंग करने लगती है और अगर लांग ऑन और डीप मिडविकेट की बाउंड्री बड़ी हो तो वहां खड़े क्षेत्ररक्षकों को देखते हुए लंबे शॉट खेलना आसान नहीं होता है। उन्होंने कहा, ''मुझे तेज गेंदबाजों का सामना करना पसंद है। मैं उनकी गति का फायदा उठा सकता हूं। मैं इसी पर काम कर रहा हूं। पुरानी गेंदों से खेलने की कोशिश कर रहा हूं और उन पर छक्के लगाने में सक्षम बनना चाहता हूं। राहुल ने कहा, ''मैं



लगातार अपने खेल में सुधार करने की कोशिश करता हूं। मैं अपनी भूमिका समझता हूं। मैं यह जानता हूं कि नंबर पांच और नंबर छह के बल्लेबाज को लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए क्या करना होता है। बेंगलुरु के इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि 350 का स्कोर भी अब सुरक्षित नहीं है और ऐसे में मध्य क्रम के बल्लेबाजों को पहले से कहीं अधिक तेजी से रन बनाने की जरूरत है। तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज ने 352 रन का लक्ष्य 48.2 ओवरों में हासिल कर लिया। इससे पहले गुवाहाटी में खेले गए दूसरे वनडे में भारत ने रिकॉर्ड 406 रन का लक्ष्य केवल 43.2 ओवरों में हासिल कर लिया था। राहुल ने कहा, ''अब तक हमारा लक्ष्य यह देखना रहा है कि क्या हम पहले बल्लेबाजी करते हुए 330-340 रन बना सकते हैं, लेकिन अब वनडे में 340 और 350 के स्कोर का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया जाता है। ऐसे में मध्यक्रम के बल्लेबाजों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा, ''कोच और कप्तान ने उन खिलाड़ियों के बारे में स्पष्ट रूप से बता दिया है जिन्हें वे विश्व कप की टीम में शामिल करना चाहते हैं। वे कुछ ऐसे खिलाड़ियों को अधिक समय देना चाहते हैं जो हमें लगता है कि विश्व कप के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

ब्राजील से मिले सबक का उपयोग उरुग्वे के खिलाफ करना चाहेगा भारत


एजेंसी

कोलकाता। भारत मंगलवार को यहां दो बार के विश्व चैंपियन उरुग्वे के खिलाफ होने वाले मैत्री फुटबॉल मैच में ब्राजील से 0-4 की करारी हार के सकारात्मक पक्षों पर ध्यान केंद्रित करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम का बेंगलुरु में विश्व रैंकिंग में 44वें स्थान पर काबिज पनामा को 1-1 से ड्रॉ पर रोकने का उत्साह जल्द ही फीका पड़ गया, क्योंकि ब्राजील ने शनिवार को यहां साल्ट लेक स्टेडियम में उसे फुटबॉल का कड़ा सबक सिखाया। लेकिन भारत के मुख्य कोच खालिद जमील को विशेषकर पहले 25 मिनट में टीम के बेहतर तालमेल, रक्षात्मक और जवाबी हमले करने की तत्परता के रूप में कुछ सकारात्मक पहलू नजर आए। यहां तक कि ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने भी भारतीय टीम के इन पहलुओं पर बात की थी। भारत अब विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद उरुग्वे के खिलाफ इन सीख का इस्तेमाल करना चाहेगा। भारत के लिए गोल करना भले ही आसान नहीं हो लेकिन अगर वह उरुग्वे को ड्रॉ पर रोक देता है तो यह विश्व रैंकिंग में 138वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम के लिए जीत से कम नहीं होगा। इसके लिए भारत की निगाहें ग्रयान विलियम्स पर टिकी होंगी, जिन्होंने पनामा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ हुए मैच में गोल दागा था। ऑस्ट्रेलिया में जन्में भारतीय मूल के खिलाड़ी विलियम्स ने बार-बार गेंद को डिफेंडरों के सामने ले जाकर मौका बनाने की कोशिश की है। विलियम्स, मनवीर सिंह और सहल अब्दुल समद के शानदार प्रदर्शन से भारत ने शुरू में ब्राजील पर दबाव बनाए रखा था। लालेंगमाविया राल्टे, अनवर अली और सहल की तिकड़ी ने यह भी दिखाया कि भारत दबाव में भी खेल सकता है। भारत के ऑफसाइड के कोच डिएगो फोरलान ने जापान में 1-3 की हार के साथ अपने कार्यकाल की शुरुआत की, लेकिन उरुग्वे ने चार दिन बाद दक्षिण कोरिया में 4-1 की जीत के साथ जोरदार वापसी की। खिलाड़ियों ने ब्राजील के पेड्रो को कई मौकों पर परेशान किया, जबकि अभिषेक सिंह टेकहम और अनिरुद्ध थापा ने विनीसियस जूनियर को खुलकर नहीं खेलने दिया। गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय रक्षापंक्ति को आगे बढ़ने और पीछे हटने के समय को लेकर बेहतर तालमेल बिठाना होगा, जबकि मिडफील्ड को फुल-बैक और सेंटर-बैक के बीच की जगहों पर ध्यान देना होगा। जहां तक उरुग्वे का सवाल है तो विश्व कप 2026 से ग्रुप चरण से बाहर होने और कोच मार्सेलो बिएल्सा के जाने के बाद वे एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। विश्व कप में उरुग्वे एक भी जीत हासिल नहीं कर पाया था। नए

मेरा ध्यान टीम के लिए ट्रॉफियां जीतने पर रहता है: अंगकृष रघुवंशी

एजेंसी

कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए कन्कशन और उंगली की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने वाले अंगकृष रघुवंशी अब पुनर्वास पूरा कर मैदान पर लौट आए हैं और उन्होंने क्रिकेट का आनंद लेते हुए दोहरा शतक जड़कर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि मेरा ध्यान इस बात पर है कि मैं अपनी टीम के लिए कितनी ट्रॉफियां जीत सकता हूं। 22 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2026-27 घरेलू सीजन की तैयारी के तहत कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) की के थिम्मप्पैया मेमोरियल ट्रॉफी में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने चेन्नई में शेष भारत की ओर से घरेलू अंडर 23 चैंपियन तमिलनाडु के खिलाफ चार दिवसीय मैच भी खेला। रघुवंशी ने रविवार को चेपॉक में कहा, कुछ तकनीकी पहलू हैं जिन पर मैं काम



कर रहा हूं और जिनमें सुधार करना चाहता हूं। लेकिन मैं व्यक्तिगत लक्ष्यों के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मेरा फ़ोकस इस बात पर है कि मैं अपनी टीम के लिए कितनी ट्रॉफ़ियां जीत सकता हूं। चाहे वह मेरी घरेलू टीम मुंबई हो या मेरा क्लब पारसी जिमखाना। यहां मैंने अपने खेल का पूरा आनंद लिया। हर क्रिकेटर मैदान पर रहना चाहता है, कोई भी चोटिल होकर घर पर नहीं बैठना चाहता। मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे फिर से मैदान पर लौटने का मौका मिला। बहुत मजा आया। उम्मीद है कि मैं पूरे सीजन फ़िट रहूंगा और अच्छा प्रदर्शन करूंगा।ङ्क पहली पारी में 51 रन बनाने के बाद रघुवंशी ने दूसरी पारी में और बड़ा स्कोर बनाया। उन्होंने चेन्नई की गर्म और उमस भरी परिस्थितियों में 281 गेंदों पर 203 रन बनाए, जो उनकी फ़िटनेस का भी प्रमाण था। उन्होंने असमान उछाल वाली पिच पर तमिलनाडु के स्पिनरों के खिलाफ तरह-तरह के स्वीप शॉट खेले। रघुवंशी ने कहा, मैं बस गेंद को देखकर खेलने और क्रिकेट का आनंद लेने की कोशिश कर रहा था। इतने लंबे समय बाद क्रिकेट खेल रहा हूं, इसलिए इस पारी ने मुझे काफी स्पष्टता दी।मैदान पर अपनी मौजूदगी से मुझे ख़ुशी मिलती है। इसलिए मैंने जितनी देर संभव हो बल्लेबाजी करने की कोशिश की। हर बल्लेबाज शतक और बड़ा शतक बनाना चाहता है। इसलिए मैं कहूंगा कि यह मेरे लिए अच्छा दिन था।ङ्क हाल के वर्षों में रघुवंशी को चोटों ने बहुत परेशान किया है।

द्विपक्षीय निवेश संधि के नए ढांचे को जल्द मिल सकती है मंत्रिमंडल की मंजूरी : सीतारमण

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि द्विपक्षीय निवेश संधियों के लिए नया खाका तैयार है और इसे निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल बनाने के उद्देश्य से जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल से तैयार किए जा रहे नए खाके का उद्देश्य 2016 में मंजूर किए गए खाके की खामियों को दूर करना और दोनों देशों के निवेशकों को अधिक प्रभावी सुरक्षा प्रदान करना है। सीतारमण ने यहां 'म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन' में कहा कि नए खाके को अंतिम रूप दिए जाने के बीच भी भारत ने निवेश संरक्षण समझौतों पर बातचीत जारी रखी है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब के साथ हुआ नवीनतम समझौता 2016 के ढांचे से आगे जाता है और इसमें दोनों देशों के निवेशकों के हितों की सुरक्षा पर अधिक स्पष्ट रूप से केंद्रित प्रावधान शामिल हैं।



सीतारमण ने कहा कि भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान और कुछ मध्य एशियाई देशों के साथ भी इसी तरह के समझौते किए हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे पास नया खाका है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। हालांकि, इस बीच हमने प्रक्रिया को रोका नहीं है। हम देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं और उनमें नए खाके में शामिल कई और प्रावधानों को शामिल किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि भारत की कनाडा और रूस समेत कई देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश संरक्षण समझौतों पर बातचीत जारी है। उन्होंने कहा, ''अगर चीजें अच्छी तरह आगे बढ़ती हैं, तो दिसंबर तक हमें कम से कम तीन और देशों के साथ समझौते कर लेने चाहिए। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि अगर बातचीत उम्मीद के मुताबिक आगे बढ़ती है तो कनाडा के साथ वार्ता दिसंबर या अगले साल की शुरुआत तक पूरी हो सकती है। वर्ष 2016 के द्विपक्षीय निवेश समझौते ने पहले के ढांचे की जगह ली थी और इसके बाद यह भारत की निवेश संधियों पर हुई बातचीत का आधार बना। द्विपक्षीय निवेश संधि दो देशों के बीच ऐसा समझौता है, जिसका उद्देश्य एक-दूसरे के क्षेत्र में उनके निवेशकों द्वारा किए गए निवेश को बढ़ावा देना और उसकी सुरक्षा करना है। निवेश संरक्षण संधियों के तहत निवेशक किसी संप्रभु सरकार के खिलाफ मध्यस्थता का सहारा ले सकते हैं। भारत से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (ओडीआई) बढ़ने के साथ घरेलू निवेशकों और विदेशों में निवेश करने वाली कंपनियों को भी पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत है।

एलएंडटी चेयरमैन ने पीएसयू प्रमुखों के लिए पांच साल के कार्यकाल की वकालत की

एजेंसी

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र की प्रमुख अवसंरचना कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस एन सुब्रमण्यन ने सोमवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के प्रमुखों को करीब पांच साल का कार्यकाल दिया जाना चाहिए, क्योंकि बार-बार नेतृत्व परिवर्तन से बड़ी परियोजनाओं की परिकल्पना, योजना और क्रियान्वयन प्रभावित होता है। सुब्रमण्यन ने गुणवत्ता प्रबंधन पर आयोजित 'आईएफक्यूएम संगोष्ठी 2026' में कहा कि सरकारी व्यवस्था में उच्च क्षमता और बेहतर क्रियान्वयन कौशल वाले लोग हैं, लेकिन एक-दो साल के छोटे कार्यकाल के कारण वे दीर्घकालिक दृष्टिकोण और योजना के साथ काम नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा, ''अगर कार्यकाल केवल एक साल या दो साल का है, तो व्यक्ति आकर अपने सेवानिवृत्त होने का इंतजार करता है। वह दीर्घकालिक दृष्टिकोण या योजना नहीं बना सकता। सुब्रमण्यन ने कहा कि परियोजनाओं की परिकल्पना से लेकर उन्हें पूरा करने तक के लिए पीएसयू प्रमुखों को करीब पांच साल या इसी तरह का कार्यकाल दिया जाना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब सरकार ने बुनियादी ढांचे पर अपना ध्यान बढ़ाया है और 2026-27 के बजट में इसके लिए कुल 12.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया है। हालांकि, केंद्र की निगरानी वाली परियोजनाओं में देरी और लागत बढ़ने की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने निजी क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां परियोजना निदेशक अक्सर लंबे समय तक अपने पद पर रहते हैं और इससे हितधारकों के प्रबंधन तथा परियोजनाओं को पूरा करने में निरंतरता बनी रहती है। उन्होंने कहा, ''सरकारी क्षेत्र में बदलाव वास्तव में परियोजनाओं के क्रियान्वयन को प्रभावित करते हैं... लागत, समय और गुणवत्ता पर असर पड़ता है।

संक्षिप्त समाचार

चोटिल एंड्रयू के बैकअप के तौर पर आमिर जांगू वेस्टइंडीज की टीम में शामिल

लखनऊ। वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाज आमिर जांगू को चोटिल ज्वेल एंड्रयू के विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहला मैच मंगलवार को लखनऊ में खेला जाएगा। मुल्लांपुर में शनिवार को खेले गए तीसरे वनडे के दौरान नमन धीर का कैच लेने के प्रयास में एंड्रयू की उंगली में चोट लग गई थी। हालांकि जांच में पता चला कि किसी तरह का फ्रैक्चर नहीं है। यह 19 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज वेस्टइंडीज के 352 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करने के दौरान बल्लेबाजी करने नहीं उतरा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सोमवार को बयान में कहा, भारत के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे के दौरान ज्वेल एंड्रयू की उंगली में चोट लगने के बाद उनकी जगह विकल्प के तौर पर आमिर जांगू को टीम में शामिल किया गया है। चिकित्सा दल एंड्रयू की स्थिति पर नजर रख रहा है।

एशियाई खेलों में स्वर्णिम प्रदर्शन के बाद तीरंदाजों ने कहा, अब दबाव हट गया है

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करके इतिहास रचने वाले भारतीय कंपाउंड और रिकर्व तीरंदाजों ने कहा कि उन पर से बहुत बड़ा दबाव हट गया है और वह राहत महसूस कर रहे हैं। भारतीय तीरंदाजों ने एशियाई खेलों में पांच स्वर्ण पदक जीते और दो ओलंपिक कोटा भी हासिल किए। उसने तीरंदाजी में सबसे ताकतवर टीम दक्षिण कोरिया को भी हराया। भारत के कंपाउंड तीरंदाजी कोच डेव कजिन्स ने कहा कि पांच स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदकों की इस उपलब्धि से आलोचकों का मुंह हमेशा के लिए बंद हो जाना चाहिए। रिकर्व तीरंदाजी टीम ने पांच और कंपाउंड तीरंदाजों ने चार पदक हासिल किए। कजिन्स ने भारतीय टीम के स्वदेश लौटने पर कहा, ''आलोचक शुरू से ही हमसे यह अनुमान लगाने को कह रहे थे कि हम कितने पदक जीत सकते हैं। हम केवल इस पर ध्यान दे रहे थे कि हमारे खिलाड़ी पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा, ''जब प्रशिक्षण सही हो, तैयारी सही हो और वातावरण अनुकूल हो, तो ऐसे परिणाम मिलते हैं। इसलिए हम इससे बहुत खुश हैं। ओलंपिक खेलों के लिए कंपाउंड तीरंदाजी में पहला कोटा हासिल करना हमारे लिए बेहद खुशी की बात है। यह हमारे लिए इस समय बहुत बड़ी उपलब्धि है। साहिल जाधव और चिकिता तनिपार्थू ने मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक कोटा हासिल किया। साहिल ने पुरुषों की कंपाउंड टीम स्पर्धा में भी हिस्सा लिया, जिसमें टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चिकिता ने अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रथिका प्रदीप के साथ मिलकर महिलाओं की कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। जाधव ने कहा, ''बहुत अच्छा लग रहा है और इस भव्य स्वागत को देखकर हमें और भी अधिक खुशी मिली है। हमने विशेष रूप से ऐसी स्थितियों के लिए अभ्यास किया था। हमने अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। अब दबाव हट गया है। चिकिता ने कहा, ''यह सुखद अहसास है। इससे हमें प्रेरणा मिलेगी कि हमें और अधिक जीत हासिल करनी है और अधिक मेहनत करनी है। रिकर्व में कुमकुम मोहद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता और महिला टीम वर्ग में स्वर्ण पदक के साथ-साथ मिश्रित वर्ग में रजत पदक हासिल करने में भारत की मदद की।

रुद्रांक्ष पाटिल का अगला लक्ष्य, राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करना

मुंबई। निशानेबाज बनने से पहले कई अन्य खेलों में हाथ आजमाने वाले युवा खिलाड़ी रुद्रांक्ष पाटिल का तात्कालिक लक्ष्य राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करना है और उन्हें उम्मीद है कि एशियाई खेलों में मिले आत्मविश्वास से वह आगामी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे जिनमें ओलंपिक क्वालीफायर भी शामिल हैं। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने पीटीआई से कहा, ''अभी मेरा लक्ष्य राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतना है ताकि मैं ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बना रहूं। पाटिल ने एशियाई खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक तथा पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन की टीम स्पर्धाओं में रजत पदक जीता था। पाटिल ने निशानेबाजी खेल से जुड़ने के बारे में बताया कि पहले उन्होंने कई अन्य खेलों में भाग लिया था। उन्होंने कहा, ''मेरे माता-पिता का लक्ष्य था कि मैं जितना हो सके उतने खेलों में हाथ आजमाऊं। मैंने जिम्नास्टिक्स से शुरुआत की और फिर टेबल टेनिस, बैडमिंटन, स्केटिंग, क्रिकेट और फुटबॉल में हाथ आजमाया, लेकिन किसी भी कोच ने मुझे वापस नहीं बुलाया। पाटिल ने कहा, ''इसके बाद मैंने निशानेबाजी शुरू की।

इंडिगो 6 अक्टूबर से घरेलू, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर बढ़ाएगी ईंधन अधिभार



एजेंसी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी बजट एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए ईंधन अधिभार बढ़ाने की ऐलान किया है। संशोधित शुल्क 6 अक्टूबर से लागू होंगे, जिससे हवाई किराये में बढ़ोतरी होगी। विमानन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को कहा कि घरेलू उड़ानों के लिए दूरी के आधार पर ईंधन अधिभार में 100 रुपये से 350 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए भी ईंधन अधिभार बढ़ाया गया है। इंडिगो ने कहा कि ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है और हाल में मासिक आधार पर वृद्धि 14 फीसदी से अधिक रही है। कंपनी ने कहा कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की लागत पिछले एक दशक के दौरान के सबसे ऊंचे स्तरों में पहुंच गई है। कंपनी ने कहा कि विमान ईंधन, विमानन कंपनियों की परिचालन लागत का एक अहम हिस्सा है। एटीएफ की कीमतों में इस बढ़ोतरी से इंडिगो समेत सभी विमानन कंपनियों की लागत संरचना और नेटवर्क से जुड़ी आर्थिक स्थिति प्रभावित होने की आशंका है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए उसने अपनी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर ईंधन अधिभार में मामूली बदलाव किया है।

भारत की परमाणु ऊर्ज़ा विस्तार योजना में महत्वपूर्ण योगदान देगा यूसीआईएल: अधिकारी

एजेंसी

जादूगोड़ा (झारखंड)। यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) भारत की परमाणु ऊर्ज़ा विस्तार योजना में महत्वपूर्ण योगदान देने की दिशा में काम कर रहा है। झारखंड के जादूगोड़ा में यूसीआईएल की 75वीं वर्षगांठ के समारोह में परमाणु ऊर्ज़ा आयोग की सदस्य-वित्त सीमा जैन ने कहा कि यह अवसर यूरेनियम के खनन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में कंपनी की छह दशक की यात्रा तथा देश के परमाणु ऊर्ज़ा कार्यक्रम में उसके योगदान को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''भारत परमाणु ऊर्ज़ा की विस्तारित भूमिका की ओर देख रहा है और ऐसे में यूसीआईएल का योगदान देश के परमाणु



ऊर्ज़ा कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका में होगा। जैन ने भारत में यूरेनियम खनन और प्रसंस्करण की क्षमताओं की नींव रखने वाले होमी जहांगीर भाभा और अन्य अग्रदूतों को भी याद किया। उन्होंने कहा, ''दशकों में यूसीआईएल के कर्मचारियों की कई पीढ़ियों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हुए राष्ट्रीय प्रयास को जारी रखने के लिए समर्पण और दृढ़ता का परिचय दिया है। जैन ने जादूगोड़ा स्थित कंपनी की अनुसंधान एवं विकास इकाई में प्रौद्योगिकी प्रायोगिक संयंत्र का भी दौरा किया। परमाणु ऊर्ज़ा आयोग के अध्यक्ष अजित कुमार मोहंती ने कहा कि यह उपलब्धि इस बात को फिर से रेखांकित करती है कि भारत के परमाणु ऊर्ज़ा मिशन को आगे बढ़ाने में नवाचार और क्षमता निर्माण महत्वपूर्ण हैं। यूसीआईएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक काचम आनंद राव ने कहा कि कंपनी ने छह दशक में यूरेनियम खनन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचा तैयार किया है। साथ ही प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को मजबूत किया है।

अपराधियों के मन में डर पैदा हों : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। विशेष संवाददाता महिलाओं के खिलाफ तेजी से बढ़ते अपराध पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कड़ा रूख अपनाते हुए कहा कि अपराधियों के मन में कानून का डर पैदा होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि अपराधियों को यह लगना चाहिए कि अब अगर कुछ करेंगे तो मारे जाएंगे।

न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि इसके लिए पुलिस को सख्त होना होगा। पीठ ने कहा कि हो सकता है कुछ लोग संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत जीवन के अधिकार की वकालत करेंगे, लेकिन पुलिस को इससे प्रभावित नहीं होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस को सख्त कदम उठाने होंगे। पीठ ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली पुलिस को निर्देश जारी करते हुए कहा कि सिर्फ सीसीटीवी कैमरे लगाना पर्याप्त नहीं है, उनकी निगरानी भी बेहद जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समाज की हर महिला हमारी माता-बहन-बेटी हैं, हमें उन्हें सुरक्षित महसूस करवाना होगा। पीठ ने कहा कि जिस तरह हम घर की महिलाओं की सुरक्षा का ख्याल रखते हैं, ठीक उसी तरह समाज की महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि कोई महिला अकेले यात्रा कर रही है तो सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की जिम्मेदारी है। पीठ ने कहा कि ऐसा लगता है कि राजधानी में, खासकर कुछ संवेदनशील इलाकों में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। पीठ ने कहा कि तंत्र की विफलता और कमियों की वजह से ऐसे हालात नहीं बनने चाहिए, जिनसे अपराध हो सकें। पीठ ने कहा कि यदि कुछ कमी है तो उससे दूर कर अपराध को बढ़ने से रोकना होगा। जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि सबसे जरूरी बात अपराध को रोकना है, न कि अपराध होने के बाद आप क्या करते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को ऐसे अपराधियों/ गुंडों और असामाजिक तत्वों के मन में डर पैदा करने की जरूरत है जो ऐसे अपराध करने की प्रवृत्ति रखते हैं। इसके साथ ही पीठ ने दिल्ली पुलिस को अपराध रोकने पर ध्यान केंद्रित करने का आदेश दिया। इसके लिए सीसीटीवी से निगरानी, पुलिस की गश्त बढ़ाने से सभी जरूरी कदम उठाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते यौन हिंसा और हाल के दुष्कर्म की कुछ घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लेने से जुड़े मामले में यह टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने 'इन री : दिल्ली-एनसीआर में हालिया रेप की घटनाएं' नाम से स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही है। शीर्ष अदालत ने कहा कि दुष्कर्म एक ऐसी चीज है जो किसी भी समाज को बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। अब मामले की सुनवाई नवंबर में होगी।

अवैध ढावों पर कार्रवाई

सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए राजधानी में चल रहे अवैध ढाबों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया। पीठ ने कहा किऐसी जगहों पर असमाजिक तत्वों का जमघट होता है, शराब मिलती है और सभी तरह की गैर कानूनी गतिविधियां होती है। पीठ ने पुलिस की गश्त बढ़ाने और सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग वाहन को रोकने का आदेश दिया है।

तंत्रिका तंत्र की कोशिकाओं पर नियंत्रण की खोज करने वाले तीन वैज्ञानिकों को नोबेल

एजेंसी

स्टॉकहोम। अमेरिकी वैज्ञानिक कार्ल डीसेरॉथ और जर्मन वैज्ञानिक पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल को चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार देने का ऐलान हुआ है। तीनों को तंत्रिका तंत्र की कोशिकाओं पर नियंत्रण (ऑप्टोजेनेटिक्स) क्षेत्र में उतकृष्ट काम के लिए ये पुरस्कार मिलेगा। स्वीडन स्थित द नोबेल एसेंबली ऑफ स्वीडन के कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट मेडिकल यूनिवर्सिटी ने सोमवार को इसकी घोषणा की। कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट के नोबेल एसेंबली के महासचिव थॉमस पर्लमैन ने बताया कि तकनीक की बदौलत जीवित मस्तिष्क में मौजूद तंत्रिका कोशिकाओं को बंद या शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दिमाग से जुड़े रहस्य को सुलझाने के लिए ये तकनीक दुनिया की कई प्रयोगशालाओं में इस्तेमाल हो रही। क्लीनिकल ट्रायल के दौरान लाइट सेंसिटिव प्रोटीन की मदद से आंख के गंभीर रोग रेटिनाइटिस पिगमेंटोसा से जूझ रहे लोगों की रोशनी वापस लाने में भी मदद मिली है। पुरस्कार के तौर पर तीनों वैज्ञानिकों को कुल 12 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी मिलेगी। पुरस्कारों की घोषण के बाद डीसेरॉथ ने बताया कि प्रारंभिक स्तर पर चूहों पर अध्ययन में ये कामयाबी मिली थी। नोबेल एसेंबली की ओर से पुरस्कार की जानकारी देने के लिए जब उन्हें फोन आया तो वे अपने छात्रों के शोध पत्र पढ़ रहे थे। कहा जाता है कि डीसेरॉथ नींद में नहीं आते हैं। हर पल उनके दिमाग में कुछ न कुछ चल रहा होता है। उन्होंने बताया कि जब उन्हें पुरस्कार की जानकारी मिली उसके कुछ घंटों बाद मैंने अपने बच्चों के लिए सैंडविच बनाया ताकि वे उसे स्कूल में खा सकें। आज भौतिकी के नोबेल पुरस्कार का ऐलान होगा। बुधवार को रसायन और गुरुवार को साहित्य के नोबेल पुरस्कार की घोषणा होगी।

ऑप्टोजेनेटिक्स से तंत्रिका तंत्र पर नियंत्रण

ऑप्टोजेनेटिक्स तंत्रिका विज्ञान की आधुनिक तकनीक है। इसमें रोशनी की मदद से तंत्रिका कोशिकाओं की गतिविधियों को नियंत्रित किया जाता है। तकनीक के जरिए वैज्ञानिक लाइट सेंसिटिव प्रोटीन कोशिकाओं तक पहुंचाते हैं। इसी प्रोटीन को वैज्ञानिक भाषा में ऑप्सिन कहते हैं। तरंग से लैस रोशनी जब कोशिकाओं पर पड़ती है तो ऑप्सिन सक्रिय हो जाता है और ऑप्सिन कोशिका की गतिविधि पर नियंत्रण कर लेता है। भविष्य में इसका प्रयोग पार्किंसंस, मिर्गी, अवसाद, दृष्टि संबंधी और न्यूरो संबंधी रोगों में संभव है। तंत्रिका तंत्र पर नियंत्रण हासिल करने की उपलब्धि प्रकाश की तरफ तैरते शैवाल से मिली थी। जर्मनी के वैज्ञानिक पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागेल इसके सूत्राधार हैं। हेगमैन ने अपने शोध से बताया कि हरा शैवाल कैसे रोशनी की दिशा में तैरता है और उसमें किस तरह के बदलाव होते हैं। इसी क्रम में वैज्ञानिक नागेल ने हरे शैवाल में चैनलरोडॉप्सिन-1 और चैनलरोडॉप्सिन-2 लाइट सेंसिटिव प्रोटीन की खोज की थी। इसके बाद अमेरिकी वैज्ञानिक कार्ल डीसेरॉथ ने चैनलरोडॉप्सिन के जीन को तंत्रिका कोशिकाओं में डालकर प्रकाश की मदद से न्यूरॉन्स को सक्रिय या निष्क्रिय करने में कामयाबी हासिल कर दुनिया को उम्मीद से भर दिया। नोबेल समिति के अनुसार वर्ष 2003 में वैज्ञानिक डीसेरॉथ ने एक शोध पत्र प्रकाशित किया जिसमें बताया कि लाइट सेंसिटिव प्रोटीन इंसानों और हैम्सटर चूहे की कोशिकाओं में डाली जा सकती है। इसमें रोशनी की मदद से विद्युत तरंग पैदा होती है। वर्ष 2005 में डीसेरॉथ ने इसे स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में चूहे की तंत्रिका तंत्र पर परीक्षण किया और 2006 में इस तकनीक को ऑप्टोजेनेटिक्स नाम दिया गया। वैज्ञानिक भाषा में लाइट सेंसिटिव प्रोटीन को फोटोरिसेप्टर प्रोटीन कहते हैं। ये विशेष तरह के अणु होते हैं जो रोशनी पड़ते ही अपना आकार और क्रिया को बदल लेते हैं।

भारत ने स्विट्जरलैंड में निर्यात व निवेश को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत ने स्विट्जरलैंड में अपने निर्यात के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने और दोनों देशों के बीच निवेश को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। इससे भारत के कृषि, दवा, कपड़ा एवं इंजीनियरिंग उत्पादों के स्विट्जरलैंड में निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, जैव प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, बैंकिंग, बीमा, खाद्य प्रसंस्करण और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में स्विस निवेश आकर्षित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी और स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन के बीच आज दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और स्विट्जरलैंड की दोस्ती पुरानी है और आज नवाचार, बुनियादी ढांचा तथा उन्नत प्रौद्योगिकी दोनों



देशों की साझेदारी के मजबूत स्तंभ बनकर उभरे हैं। दोनों देशों ने सैन्य आदान-प्रदान तथा रक्षा उत्पादन एवं सहयोग की नई संभावनाओं की पहचान की है और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने पर भी सहमति बनी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी दोनों देशों का सहयोग मजबूत हो रहा है। स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में नए संयुक्त शोध परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। उन्होंने भारतीय विज्ञान स्टार्टअप की क्षमता बढ़ाने के लिए ज्यूरिख विश्वविद्यालय के साथ हुए समझौते का स्वागत किया और योग एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की बात कही। मोदी ने कहा कि प्रवासन एवं गतिशीलता भागीदारी समझौते तथा युवा पेशेवर समझौते से भारतीय छात्रों, शोधकर्ताओं, पेशेवरों और युवाओं के लिए स्विट्जरलैंड में नए अवसर खुलेंगे। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं और वैश्विक शांति एवं स्थिरता के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर में उनके समर्थन से भारत और ईएफटीए देशों के बीच यह ऐतिहासिक समझौता लागू हुआ। यूरोप के किसी आर्थिक समूह के साथ यह भारत का पहला मुक्त व्यापार समझौता है। उन्होंने बताया कि सात अक्टूबर को उनकी मौजूदगी में 'भारत-ईएफटीए बिजनेस लीडर्स प्रॉस्पेरिटी समिट' आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन व्यापार एवं निवेश साझेदारी की संभावनाओं को ठोस परिणामों में बदलने के लिए महत्वपूर्ण मंच बनेगा। मोदी ने अगले वर्ष जिनेवा में होने वाले एआई शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए भी स्विट्जरलैंड को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) भारत में व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इससे 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

चीन के पांच सस्ते सामान की भारत ने शुरू की जांच

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने चीन से आने वाले पांच उत्पादों को बहुत कम कीमत पर बेचने की शिकायतों की जांच शुरू कर दी है। यह जांच कथित डंपिंग के तहत की जाएगी। इसमें किसी देश की कंपनी अपने सामान को दूसरे देश में बहुत कम कीमत पर बेचती है। इससे वहां की स्थानीय कंपनियों को नुकसान होता है। इसी के मद्देनजर देश की घरेलू कंपनियों की ओर से अलग-अलग शिकायतें मिलने के बाद यह जांच शुरू की गई। इनमें इंजीनियरिंग और रासायनिक क्षेत्र से जुड़े उत्पाद भी शामिल हैं। यह जांच वाणिज्य मंत्रालय के तहत काम करने वाले व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) द्वारा की जा रही है? डीजीटीआर की छह अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार, जिन उत्पादों की जांच की जा रही है, उनमें पर्सल्फ़ेट्स, क्लैवुलैनिक एसिड, कुछ काउंटरबैलेंस फोर्कलिफ्ट, अंदर से खांचे वाली तांबे की ट्यूब और पाइप तथा कैप्रोलैक्टम शामिल हैं। पर्सल्फ़ेट्स का इस्तेमाल कपड़ा उद्योग में किया जाता है। क्लैवुलैनिक एसिड दवाओं में इस्तेमाल होने वाला एक महत्वपूर्ण रासायनिक पदार्थ है। काउंटरबैलेंस फोर्कलिफ्ट सामान उठाने और ले जाने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं। अंदर से खांचे वाली तांबे की ट्यूब और पाइप औद्योगिक कामों में इस्तेमाल होते हैं, जबकि कैप्रोलैक्टम का इस्तेमाल कपड़ा और फाइबर बनाने में किया जाता है। घरेलू कंपनियों ने इन चीनी उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क (एंटी-डंपिंग शुल्क) लगाने की मांग की। अगर जांच में साबित होता है कि चीन से इन उत्पादों को बहुत कम कीमत पर भारत भेजे जाने के कारण भारतीय कंपनियों को वास्तविक और बड़ा नुकसान हुआ है, तो डीजीटीआर इन उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। इसके बाद इन अतिरिक्त शुल्कों को लगाने का अंतिम फैसला वित्त मंत्रालय करेगा। हाल के समय में भारत ने चीन से आने वाले कई अन्य सस्ते उत्पादों के खिलाफ भी कम कीमत पर आयात किए जाने की शिकायतों की ऐसी कई जांच शुरू की हैं। पिछले वित्त वर्ष में भारत ने चीन को 19.47 अरब डॉलर का सामान बेचा। वहीं, भारत ने चीन से 131.63 अरब डॉलर का सामान खरीदा। भारत ने चीन से जितना सामान खरीदा, उसके मुकाबले चीन को काफी कम सामान बेचा। इसी वजह से 2025-26 में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर रिकॉर्ड 112.6 अरब डॉलर हो गया। 2024-25 में यह घाटा 99.2 अरब डॉलर था?

पेज एक का शेष

विमान को बेन गुरियन...

लिए कौन-सी एयरलाइन उड़ान भरती है। इसी वजह से मैंने फ्लाईदुबई को चुना। मैंने इसमें शामिल होने से पहले ही इसकी साजिश रच ली थी। इससे पहले इटली के अखबार 'कोरिएरे डेला सेरा' ने इजरायली खुफिया आकलन के हवाले से दावा किया था कि हम्मामी किसी गगनचुंबी इमारत को निशाना बनाना चाहता था

नए चेहरों पर दांव...

नहीं उतारा है। यानी सभी चेहरे नए हैं। उम्मीदवारों के चयन में क्षेत्रीय संतुलन के साथ सामाजिक समीकरणों पर नजर रही है। यह फैसला प्रदेश में सांगठनिक व राजनीतिक संतुलन बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। यब सूची आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के दीर्घकालिक रोडमैप का शुरुआती खाका मानी जा रही है। इसमें पार्टी ने अपने कोर वोट बैंक के साथ-साथ पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों को साधे रखना प्रमुख है। पार्टी के आठ उम्मीदवारों में तीन पिछड़ा, दो दलित व तीन सामान्य वर्ग से हैं। इनमें दो महिलाएं भी हैं। धर्मपाल सिंह, प्रकाश पाल और श्रुति गंगवार के जरिए पिछड़ा वर्ग, प्रियंका रावत व विद्यासागर सोनकर के जरिए दलित व राधाकांत ओझा और गोपी कृष्ण पांडेय के जरिए ब्राह्मण प्रतिनिधित्व को संतुलित किया गया है। बृजलाल का कार्यकाल खत्म होने के बाद सोनकर को लाना दलित और पूर्वांचल समीकरण दोनों साधता है। वह सैदपुर (अनुसूचित जाति) से पूर्व लोकसभा सांसद, पूर्व एमएलसी हैं। वह प्रदेश भाजपा के महासचिव के रूप में भी काम कर चुके हैं, जबकि प्रियंका सिंह रावत बाराबंकी की पूर्व लोकसभा सांसद हैं। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में इस निर्वाचन क्षेत्र से कंाग्रेस के बड़े नेता पी एल पुनिया को हराया था। धर्मपाल सिंह मौजूदा योगी सरकार में मंत्री हैं। ऐसे में उनका राज्यसभा प्रत्याशी बनाया जाना सिर्फ विधानसभा से उच्च सदन की ओर बदलाव नहीं, बल्कि लंबे प्रशासनिक और विधायी अनुभव वाले नेता को राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका देने के फैसले के तौर पर भी देखा जा रहा है। उन्हें बरेली मंडल में लोधी समाज के प्रमुख भाजपा नेताओं में माना जाता है। प्रकाश पाल भाजपा के संगठनात्मक नेता और पार्टी के उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हैं। इससे पहले प्रकाश पाल कानपुर-बुंदेलखंड संगठनात्मक क्षेत्र का नेतृत्व कर चुके हैं। श्रुति गंगवार पूर्व केंद्रीय मंत्री और बरेली से 8 बार के सांसद रहे व झारखंड के वर्तमान राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी हैं। एक मजबूत राजनीतिक घराने में पली-बढ़ीं श्रुति लंबे समय से जनसेवा और पार्टी के संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय रही हैं। इसके अलावा वह बरेली के अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष के रूप में भी अपनी प्रशासनिक क्षमताएं दिखा चुकी हैं। राम प्रताप सिंह चौहान राजपूत समुदाय से आते हैं और राज्य भाजपा के महासचिव व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी भी हैं। यानी पार्टी ने संगठन में सक्रिय नेता को संसद में भेजने का फैसला किया है। राधाकांत ओझा वकील हैं और इलाहाबाद हाई कोर्ट की बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे हैं। गोपी कृष्ण पांडेय पार्टी के किसान मोर्चा से जुड़े रहे हैं और कई राज्यों में किसान मोर्चा के प्रभारी रह चुके हैं। राधाकांत ओझा और गोपी कृष्ण पांडेय को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने से आम लोगों को तो हैरानी हुई है,भाजपा के भीतर भी यह चौंकाने वाली खबर रही। क्षेत्रवार देखा जाए तो रुहेलखंड से धरमपाल सिंह और श्रुति गंगवार,अवध क्षेत्र से प्रियंका सिंह रावत, कानपुर-बुंदेलखंड पट्टी से प्रकाश पाल, गोपीकृष्ण पांडे, पश्चिमी उत्तर प्रदेश से राम प्रताप सिंह चौहान और पूर्वांचल से विद्यासागर सोनकर और राधाकांत ओझा के नाम हैं।

फैजुल्लागंज से...

लेकिन पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व नेपाल में हुई बारिश के कारण पांच-छह दिन बाद पानी नीचे आने से गोमती नदी का जलस्तर बढ़ गया। इस कारण बख्शी का तालाब, लखनऊ उत्तर, फैजुल्लागंज से लेकर नैमिष तक यह क्षेत्र जल पलावन और बाढ़ से जूझ रहा है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को विश्वास दिलाया कि डबल इंजन सरकार आपके साथ खड़ी है। मैं लगातार यहां की स्थिति का आकलन करते हुए इस पर नजर रखा हूं। आज पीड़ित क्षेत्रों में पहुंचकर राहत कार्यों को भी देखा है। हमारे जनप्रतिनिधि निरंतर राहत-बचाव कार्यों में जुटे हैं और प्रशासन के साथ पीड़ितों की हरसंभव मदद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राहत-बचाव कार्य के लिए प्रशासन को पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई गई है। बाढ़ से डूबे गांव- मोहल्लों में हर परिवार के लिए सूखा राशन (10 किलो चावल, 10 किलो आटा, 10 किलो आलू, दो किलो अरहर दाल, एक लीटर रिफाइंड/ सरसों का तेल, नमक, मिर्च, मसाला, बरसाती, बाल्टी, लाई-भूजा, मोमबत्ती, माचिस) आदि उपलब्ध कराया गया है। गाय, बकरी, भैंस, बकरी, घोड़ा आदि पालतू पशुओं के चारे, छोटे बच्चों के दूध, स्वास्थ्य/पशु चिकित्सालय शिविर के लिए भी प्रशासन को निर्देशित किया गया है। सीएम ने कहा कि हर व्यक्ति की जान बचाना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। बरसात में पानी भरने पर सांप-बिच्छू आदि के काटने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए हर स्वास्थ्य केंद्र में एंटी स्नेक वेनम की व्यवस्था की गई है। एंटी रैबीज इंजेक्शन भी उपलब्ध है। डूबने-आकाशीय बिजली से जनहानि पर परिवार को चार लाख की सहायता देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि घर क्षतिग्रस्त होने पर प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास, जनहानि, पशुहानि और किसानों की फसल के नुकसान पर सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा तत्काल दिलाया जाए, जिससे किसान के साथ सरकार का संबल दिखे। मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिया कि ग्रामीणों के बाहर आने पर रात में गांवों की सुरक्षा के लिए चौकीदार, होमगार्ड, पीआरडी, पुलिस की पेट्रोलिंग हो और वहां पेट्रोमैक्स जलाए जाएं। कैंप में पेट्रोमैक्स या सोलर लाइट की व्यवस्था कराई जाए, जिससे लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि आपदा पीड़ित चिंतित न हों, सरकार निरंतर राहत सामग्री कराएगी। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को विश्वास दिलाया कि आपदा की घड़ी में सरकार हरसंभव मदद करेगी। सीएम ने सभी के सुखी-स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक योगेश शुक्ल, डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, इटौंजा के नगर पंचायत अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

अमेरिकी चुनावी ...

के पहले दौर के लिए मतदान हुआ और देश के निर्वाचन प्राधिकरण के अनुसार, 12.527 करोड़ वैध मत दर्ज किए गए। मतदान शाम पांच बजे समाप्त हुआ और उसी समय से परिणाम आने शुरू हो गए। मतपत्रों की गिनती के साथ परिणामों के बारे में लगातार जानकारी दी जाती रही। ब्राजील के लोगों ने राष्ट्रपति चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा और पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के बेटे फ्लावियो बोल्सोनारो के बीच मुकाबले में मतदान किया। दोनों में से कोई भी पहले दौर में बहुमत हासिल नहीं कर सका, इसलिए 25 अक्टूबर को दूसरे दौर का चुनाव होगा। वहीं, भारत में राष्ट्रपति पद के लिए अभी कोई चुनाव नहीं हुआ है। जुलाई 2022 में पदभार संभालने वाली द्रौपदी मुर्मू भारत की वर्तमान राष्ट्रपति हैं। इसके अलावा, भारत में राष्ट्रपति का चुनाव जनता सीधे नहीं करती। राष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। यह चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से होता है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भारत में करीब 98 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे। ट्रंप इससे पहले भी अमेरिका में चुनाव सुधारों की वकालत करते हुए भारतीय चुनावों, खासकर देश की मतदाता सत्यापन व्यवस्था का उल्लेख कर चुके हैं। अगस्त में ट्रंप ने कहा था कि भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनके प्रशासन के अधिकारियों से बात की थी और पूछा था कि वैध फोटो पहचान पत्र के बिना अमेरिका में चुनाव कैसे कराए जा सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ये टिप्पणियां 'सेव अमेरिका एक्ट' के समर्थन में की थीं। इस विधेयक के तहत मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए अमेरिकी नागरिकों को नागरिकता का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा, पूरे देश में मतदाता सत्यापन की अनिवार्यता लागू होगी और डाक के जरिए मतदान की व्यवस्था पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

ईडी ने आजम...

गए निर्माण कार्यों के मामले में मनी लांड्रिंग के तहत केस दर्ज किया है। रामपुर में दर्ज 26 मुकदमों को आधार बना कर यह केस दर्ज किया गया था। ईडी ने मामले में बीते दिनों आजम खां के ड्रीम प्रोजेक्ट रामपुर स्थित जौहर यूनिवर्सिटी समेत उनके करीबियों के 10 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इनमें सहारनपुर निवासी सीए दीपक गोयल के आवास व कार्यालय में भी गहन छानबीन की गई थी और कई दस्तावेज कब्जे में लिए गए थे। छापेमारी में कई संदिग्ध लेनदेन के दस्तावेज भी मिले थे। काले धन को कई खातों में घुमाया गया था। आरोप है कि सरकारी ठेकेदारों के फंड को प्राइवेट कंट्रेक्टर्स के माध्यम से ट्रांसफर कर उसका उपयोग यूनिवर्सिटी/ट्रस्ट के लिए संपत्ति बनाने में किया गया। ईडी को कुछ ठेकेदारों व ट्रस्ट के बीच रकम के लेनदेन का भी पता चला था। इसी कड़ी में आजम के करीबी ठेकेदार सलीम से पूछताछ की गई थी। ईडी ने मामले में मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट के दो ट्रस्टियों को भी बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया है। ईडी मंगलवार को दोनों ट्रस्टी से पूछताछ करेगी। छापेमारी में बरामद दस्तावेजों के आधार पर ट्रस्ट को मिली रकम के श्रोत व अन्य बिंदुओं पर सवाल-जवाब किए जाएंगे।

पीएम आवास...

क्रियान्वयन से जुड़े सभी कार्मिकों का सामूहिक योगदान है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सोमवार को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में दोनों पुरस्कार राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) के निदेशक महेंद्र बहादुर सिंह ने ग्रहण किए। इस अवसर पर केंद्र सरकार के शहरी विकास विभाग के सचिव सत्येंद्र सिंह, डी. तारा तथा संयुक्त सचिव कुमार रविकांत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश प्रतिनिधिमंडल में वित्त नियंत्रक रजनीकांत वर्मा और कार्यक्रम अधिकारी अतुल सिंह चौहान भी मौजूद रहे।

मायावती ने आकाश...

यह भी कहा है कि वह बिना किसी पद के ही पार्टी में बसपा सुप्रीमो के दिशा-निर्देशन में अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से काम करेंगे। ऐसे में काफी सोच-विचार के बाद पार्टी व मूवमेंट के हित में आकाश को फिर से बसपा का राष्ट्रीय संयोजक बनाया जा रहा है। मायावती ने कहा कि उम्मीद है कि आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास लेने के बाद से अब पार्टी में सब कुछ ठीक व सुचारू ढंग से चलेगा और पार्टी संगठन में भी बार-बार परिवर्तन नहीं करना पड़ेगा। यह काफी हद तक आकाश पर भी निर्भर करेगा।

सीईसी को निलंबित...

कोई भी फैसला लेने से रोकने और उन्हें निलंबित करने की मांग की। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंह ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार को निलंबित करने की मांग पर जोर देते हुए कहा 'हर नागरिक वोटिंग के अधिकार को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहा है।' पीठ ने अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा दायर एक संबंधित याचिका पर भी नोटिस जारी किया और उसे सिंह की याचिका के साथ जोड़ दिया। सुप्रीम कोर्ट

अमेरिका से राजनयिकों को निकाले जाने पर अराघची का पलटवार

वॉशिंगटन। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में शामिल होने वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल के दो सदस्यों को अमेरिका से निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि यूएनजीए में शामिल होने वाले सभी ईरानी राजनयिकों ने तय कार्यक्रम के अनुसार अमेरिका छोड़ दिया, जबकि एक राजनयिक पहले ही रवाना हो गया था। अराघची ने एक्स पर एक रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए यह प्रतिक्रिया दी। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय के आदेश का कथित तौर पर पालन नहीं करने पर ईरानी प्रतिनिधिमंडल के दो सदस्यों को निकाल दिया गया। उन्होंने कथित निष्कासन को लेकर अमेरिकी रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि किसी राजनयिक को कथित तौर पर निष्कासित किए जाने पर गर्व करना उचित नहीं है। उन्होंने इसे हताशा और हार की बू बताया और कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र के मेजबान देश के दायित्वों के अनुरूप नहीं है।

चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव को 24 घंटे की मोहलत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अभिनेता राजपाल यादव को कड़ी फटकार लगाई। वे चेक-बाउंस के कई पुराने मामलों में एक प्राइवेट फर्म का बकाया पैसा जमा करने के अपने वादे को पूरा करने में नाकाम रहे थे। शीर्ष अदालत ने यादव को पैसा जमा कराने के लिए 24 घंटे की और मोहलत दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने 15 सितंबर को अभिनेता को प्राइवेट फर्म का बकाया पैसा चुकाने के लिए ठोस प्रस्ताव लाने का दो हफ्ते का आखिरी मौका दिया था और उन्हें सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री में 2 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया था।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.	**ई-निविदा सूचना संख्या :** टीआरडी-18-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-26
2.	**कार्य का नाम :** लखनऊ डिवीज़न के अंतर्गत आने वाले उन्नाव, लालगंज, आलमबाग, हैदरगढ़, सुल्तानपुर, ज़फ़राबाद और वाराणसी TRD डिपो के तहत लेवल क्रॉसिंग गेट्स (209 संख्या) पर बैरियर बूम टूटने से होने वाली OHE खराबी को रोकने के लिए अतिरिक्त तार की व्यवस्था करना।
3.	**अनुमानित लागत :** रु. 2,42,08,547.98
4.	**बयाना राशि :** रु. 4,84,200.00/-
5.	**कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह
6.	**निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 28.10.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद।
7.	**प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।
8.	**उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है।
9.	**पात्रता मापदण्ड :** निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करताः **1.** निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई है **2.** निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का **30 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का **40 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान एक कार्य का **60 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। **एक समान कार्य की परिभाषा होगी:** Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. **3.** निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबवाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

सं.: टीआरडी-18-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-26 दिनाँक: 05.10.2026 3442/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोक नायक अस्पताल स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को पुरानी दिल्ली जिले के अंतर्गत आने वाले लोक नायक अस्पताल स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, पीड़ित महिलाओं और बच्चियों को दी जा रही सेवाओं तथा शिकायतों के निस्तारण की पूरी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और सेंटर की टीम से विभिन्न मामलों की प्रक्रिया, काउंसलिंग, पुलिस सहायता, कानूनी सहयोग, मेडिकल सुविधा, अस्थायी आश्रय और मामलों पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हिंसा से पीड़ित प्रत्येक महिला और बच्ची को समयबद्ध, संवेदनशील एवं सम्मानजनक सहायता उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संकट की



स्थिति में अपने घर से निकलकर मदद के लिए सेंटर तक पहुंचने वाली महिला के लिए यह स्वयं में बड़ा कदम होता है। ऐसे में सेंटर पर पहुंचने के बाद उसे सुरक्षित और सहज वातावरण मिलना चाहिए, उसकी बात धैर्यपूर्वक सुनी जानी चाहिए और उसकी आवश्यकता के अनुसार तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सखी वन स्टॉप सेंटर का मूल उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को एक ही स्थान पर समग्र सहायता प्रदान करना है। यहां हिंसा प्रभावित महिलाओं और बच्चियों को तत्काल सुरक्षा, आपातकालीन चिकित्सा जांच, मनोवैज्ञानिक व सामाजिक काउंसलिंग, निःशुल्क कानूनी परामर्श और एफआईआर दर्ज कराने में पूर्ण सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही संकट की स्थिति में जरूरतमंद महिलाओं को अल्पकालिक सुरक्षित प्रवास, भोजन, वस्त्र और अन्य बुनियादी सामग्रियां भी एक ही छत के नीचे प्रदान की जाती हैं। सखी वन स्टॉप सेंटर व्यवस्था के तहत महिलाओं और बच्चियों को टोल-फ्री महिला हेल्पलाइन 181 के माध्यम से सहायता से जोड़ा जाता है। आवश्यकता के अनुसार आपातकालीन बचाव एवं सुरक्षा, मेडिकल सहायता, पुलिस सहायता, काउंसलिंग, कानूनी सहायता तथा अस्थायी आश्रय जैसी सेवाओं को एकीकृत रूप से उपलब्ध कराया जाता है। मुख्यमंत्री निरीक्षण के दौरान सेंटर पर आने वाले मामलों के रिकॉर्ड और उनके फॉलोअप की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अब से दिल्ली के सभी सखी वन स्टॉप सेंटरों की विस्तृत रिपोर्ट प्रतिमाह मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत की जाए। इस रिपोर्ट में केवल मामलों की संख्या दर्ज करना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि प्रत्येक मामले की पुलिस सूचना, एफआईआर की स्थिति, आरोपी के विरुद्ध की गई कार्रवाई और पीड़िता को मिली वास्तविक सहायता का स्पष्ट विवरण देना अनिवार्य होगा।

एनएसयूआई ने जंतर-मंतर पर 'जीवित लाश' बनकर किया प्रतीकात्मक प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने सोमवार को जंतर-मंतर पर 'वोट चोरी' के खिलाफ 'जीवित लाश' बनकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफ़े और गिरफ्तारी की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ सहित कई एनएसयूआई सदस्यों को हिरासत में लिया। एनएसयूआई ने पुलिस की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने वाले छात्रों को हिरासत में लेकर उनकी आवाज को दबाया नहीं जा सकता। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि आज एनएसयूआई के कार्यकर्ता जीवित लाश बनकर देश को एक स्पष्ट संदेश देने के लिए सड़कों पर उतरे हैं। जब नागरिकों के वोट चोरी किए जाएं और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर किया जाए, तो लोकतंत्र का क्या अर्थ रह जाता है? उन्होंने कहा कि एनएसयूआई की मांग स्पष्ट है चुनाव आयोग जवाबदेही तय करे और सीईसी ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें और उनके खिलाफ कार्रवाई हो। छात्रों को हिरासत में लिए जाने को निंदनीय बताते हुए विनोद जाखड़ ने कहा कि वोट चोरी और मतदाताओं के अधिकारों से जुड़े गंभीर सवालों का जवाब देने के बजाय छात्रों को पुलिस के माध्यम से हिरासत में लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर मतदाता के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए एनएसयूआई मजबूती के साथ खड़ी रहेगी। एनएसयूआई के मीडिया इंचार्ज रवि हनुमान पांडे ने कहा कि सरकार और चुनाव आयोग को समझना चाहिए कि लोकतांत्रिक असहमति को पुलिस कार्रवाई के जरिए दबाया नहीं जा सकता।


मुख्यमंत्री ने डीजेबी के पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा का किया शुभारंभ

कैनवजि टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 50,000 पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा का शुभारंभ किया। पहल की शुरुआत सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत केदारनाथ साहनी सभागार में की गई। उन्होंने कहा कि पहले इलाज का खर्च अपनी जेब से देना पड़ता था और अदायगी के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था, अब हमारी सरकार की नई कैशलेस व्यवस्था से इलाज के समय न भुगतान की चिंता होगी, न कागजों के लिए भटकना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष दिल्ली की सेवा में लगाए, उन्हें इस उम्र में इलाज के खर्च की चिंता न करनी पड़े, यह हमारी जिम्मेदारी है। अब सूचीबद्ध अस्पतालों में आपातकालीन, नियोजित और गैर-आपातकालीन उपचार के साथ चिकित्सा टेस्ट भी कैशलेस होंगे। इस मौके पर दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, महापौर प्रवेश वाही, दिल्ली सरकार के प्रमुख सचिव राजीव वर्मा, दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सज्जन सिंह यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से दिल्ली जल बोर्ड के पेंशनर्स एवं उनके परिवारों को उपचार के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में अधिक सुविधा और सरलता मिलेगी। महापौर ने कहा कि कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने वाली दिल्ली सरकार की यह पहल सराहनीय है। कैशलेस स्वास्थ्य सेवाएं उन्हें बेहतर और सुगम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

पंजाब के मुख्यमंत्री कार्यालय में भ्रष्टाचार के आरोपों पर हाई कोर्ट ने सीबीआई को सौंपी जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब के मुख्यमंत्री कार्यालय में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई को सौंप दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय में सरकारी टेंडर, ट्रांसफर-पोस्टिंग समेत कई मामलों में कथित भ्रष्टाचार को लेकर चर्चाओं का दौर पिछले कई माह से चल रहा है। उच्च न्यायालय ने सीबीआई को केस दर्ज कर 2 महीने के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है। चीफ जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की पीठ ने सोमवार को यह फैसला एडवोकेट निखिल सर्राफ की तरफ से दायर याचिका पर सुनाया है।

याचिका में कहा गया कि ईडी की तरफ से मुख्यमंत्री के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन के खिलाफ लगे आरोपों को लेकर डीजीपी पंजाब को कई पत्र भेजे गए थे, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। याचिका में दावा किया गया है कि नितिन गोहल नामक व्यक्ति सरकार से लाभ प्राप्त करने के इच्छुक लोगों के बीच बिचौलिए की भूमिका निभा रहा था। ये आरोप ट्रांसफर-पोस्टिंग, कॉन्फिडेंशियल सरकारी दस्तावेजों तक पहुंच, हथियार लाइसेंस दिलाने और अन्य लाभों से संबंधित हैं। ईडी की जांच में नितिन गोहल, रियल एस्टेट कारोबारी अजय सहगल, सुरेश कुमार बजाज और अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। जांच में मुख्यमंत्री के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन से जुड़े संपर्कों का भी उल्लेख किया गया है। आरोप है कि कुछ लोग सरकारी अधिकारियों की पोस्टिंग-ट्रांसफर और दूसरे प्रशासनिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए बिचौलिये की भूमिका निभा रहे थे। ईडी ने मई, 2026 में नितिन गोहल, अजय सहगल और अन्य से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली थी। एजेंसी ने इस दौरान दस्तावेज और डिजिटल सामग्री मिली। करीब एक करोड़ रुपये नकद बरामद होने का दावा किया है। ईडी के पत्र के बाद पंजाब पुलिस ने मामले को सीधे एफआईआर में बदलने के बजाय ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन से कानूनी राय मांगी। इसी बीच ईडी ने दोबारा पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की। सितंबर में ईडी ने उच्च न्यायालय को बताया कि पंजाब पुलिस को उसकी ओर से कई पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने अगस्त में इस मामले पर पंजाब सरकार से जवाब मांगा। कोर्ट ने कहा कि लगाए गए आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और राज्य से सावधानीपूर्वक जवाब अपेक्षित है। सितंबर में मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया। इसके बाद सोमवार को उच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच के आदेश किए हैं।

कर्मचारियों के डीए मुद्दे पर हाई कोर्ट ने पंजाब सरकार के मुख्य सचिव को दोबारा तलब किया

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने सरकारी कर्मचारियों के बकाया डीए के मामले में मुख्य सचिव से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कल फिर सुनवाई की तारीख तय की है, जिसमें मुख्य सचिव को भी हाजिर रहना होगा। उच्च न्यायालय ने सरकार को 15 दिन में बकाया डीए देने के आदेश दिए थे, लेकिन पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई। वहां अभी तक सुनवाई शुरू नहीं हुई। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार की तरफ से उच्च न्यायालय में मुख्य सचिव केएपी सिन्हा पेश हुए। इस मामले में उच्च न्यायालय ने कहा था कि अगर पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट में जल्द सुनवाई शुरू नहीं करा सकती, तो वह इस केस की सुनवाई करेंगे। इसके बाद पिछली सुनवाई में उच्च न्यायालय ने मुख्य सचिव को तलब कर लिया था। पंजाब के सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स डीए की लंबित किश्तों और उनके एरियर की मांग कर रहे हैं। विवाद का एक महत्वपूर्ण आधार 6वें पंजाब पे कमीशन की सिफारिश है, जिसमें डीए को केंद्र सरकार के पैटर्न पर जारी रखने की बात स्वीकार की गई थी। 3 अगस्त के आदेश में उच्च न्यायालय ने 15 दिन के भीतर लंबित डीए किश्तें जारी करने को कहा था। कोर्ट ने निर्देश दिया कि निर्धारित समय में भुगतान नहीं होने पर बकाया राशि पर 6 प्रतिशत सालाना साधारण ब्याज लगेगा, जो निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद से वास्तविक भुगतान तक होगा। कर्मचारी संगठन लंबित डीए किश्तों और एरियर के भुगतान की मांग जारी रखे हुए थे। अगस्त-सितंबर में इस मुद्दे पर राज्यव्यापी आंदोलन भी हुआ। 8 सितंबर को सरकार ने आंदोलन के दौरान ड्यूटी से अनुपस्थित कर्मचारियों के लिए 'नो वर्क, नो पे' का आदेश जारी किया। इसके बाद उनकी चीफ सेक्रेटरी केएपी सिन्हा से बैठक हुई, जिसके बाद सीएम से बैठक का रास्ता साफ हुआ।

तरनतारन में ममेरी बहन से शादी करने पर युवक की गोली मारकर हत्या

चंडीगढ़। पंजाब के तरनतारन में मामा की लड़की से प्रेम विवाह करने पर युवक की हत्या कर दी गई, जबकि उसके पिता की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। लड़की के परिजनों ने घर आकर पिता और बेटे को गोली मार दी। पुलिस के अनुसार झबाल थाना क्षेत्र के पंजवार गांव निवासी अमृतपाल सिंह ने करीब डेढ़ महीने अपने मामा की बेटी लक्की से लव मैरिज की थी। इसी को लेकर लड़की के परिवार के साथ रंजिश चल रही थी। रविवार शाम लक्की के परिवार के कुछ लोग अमृतपाल के घर पहुंचे। यहां दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान लड़की के परिजनों ने अमृतपाल और उसके पिता कश्मीर सिंह पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के बाद परिवार और आसपास के लोगों ने दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

गुजरात के चिंतन शिविर में शामिल हुए बिहार के पथ निर्माण मंत्री ई. शैलेंद्र

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बिहार की सड़कों व पुलों पर की सार्थक चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ई. शैलेंद्र सोमवार को गुजरात के नर्मदा जिले में आयोजित दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' में शामिल हुए। एकता नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर के दौरान मंत्री ई. शैलेंद्र ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर बिहार की अवसंरचना और विभिन्न महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं पर सार्थक चर्चा की। बैठक के दौरान पथ निर्माण मंत्री ई. शैलेंद्र ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बिहार के जलस्रोतों के पुनर्स्थापन, गाद प्रबंधन, जलाशयों की क्षमता बढ़ाने और गाद की वैज्ञानिक निकासी जैसे गंभीर विषयों पर विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही उन्होंने भागलपुर में गंगा के कटाव की ताजा स्थिति साझा की। मंत्री ने क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजनाओं जैसे– विक्रमशिला सेतु के जारी पुनर्स्थापन कार्य, इसके समानांतर निर्माणाधीन नए सेतु और अगुआनी-सुल्तानगंज के बीच गंगा नदी पर बन रहे पुल की प्रगति रिपोर्ट भी केंद्रीय मंत्री के सामने रखी। नवगछिया भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रो. गौतम ने बताया कि इस उच्च स्तरीय चिंतन शिविर में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री अजय टम्टा व हर्ष मल्होत्रा सहित विभिन्न राज्यों के पथ निर्माण विभागों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में ई. शैलेंद्र ने नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में गति शक्ति, सड़क सुरक्षा, भूमि अधिग्रहण, हरित राजमार्ग, टोल सुधार, गुणवत्ता एवं डिजिटल निगरानी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान देश की सड़क अवसंरचना को अधिक तेज, सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में सभी राज्यों के सर्वोत्तम अनुभवों को साझा किया गया। वह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि बिहार के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर हर स्तर पर निरंतर संवाद जारी रहेगा। 'गति शक्ति से प्रगति' के संकल्प के साथ राज्य में सड़क और बुनियादी ढांचे के विकास को एक नई दिशा देने के लिए यह सार्थक चिंतन बेहद मददगार साबित होगा।

बिहार कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों का जोरदार हंगामा, मुख्य गेट जाम कर की नारेबाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में सोमवार को छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर हंगामा किया। विश्वविद्यालय के 5वें और 6ठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सुबह ही प्रशासनिक भवन और विश्वविद्यालय के मुख्य गेट को पूरी तरह जाम कर दिया, जिससे परिसर में प्रशासनिक कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपने शैक्षणिक अधिकारों की बहाली की मांग की। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि नियमों के मुताबिक उन्हें शैक्षणिक भ्रमण (टूर पैकेज) पर भेजा जाना अनिवार्य है, लेकिन प्रशासन इसमें लगातार टालमटोल कर रहा है। छात्रों ने कहा कि कृषि विज्ञान की पढ़ाई में फील्ड विजिट और टूर का बेहद अहम रोल होता है, इसके बिना उनका प्रैक्टिकल ज्ञान अधूरा है। शैक्षणिक भ्रमण पर न भेजे जाने से उनके भविष्य और शैक्षणिक अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। घंटों चले इस हंगामे के बाद विश्वविद्यालय के वरीय अधिकारियों ने प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर छात्रों से वार्ता की। अधिकारियों द्वारा जल्द ही नियमों के तहत टूर पैकेज की व्यवस्था करने के लिखित आश्वासन के बाद छात्रों ने जाम हटाया और आंदोलन शांत हुआ। हालांकि, छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा के भीतर उन्हें टूर पर नहीं भेजा गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

कांग्रेस सनातन आस्था और राजनीतिक मर्यादा का अपमान कर रही : नरेश बंसल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने सोमवार को कांग्रेस पर सनातन आस्थाओं, राष्ट्रीय गौरव एवं दिवंगत परिजनों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सनातन आस्था और राजनीतिक मर्यादा का अपमान कर रही है। भाजपा नेता ने कहा कि दिवंगत परिजनों या व्यक्तिगत विषयों को राजनीतिक विवाद का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए। बलवीर रोड स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बंसल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता, राष्ट्रीय सलाहकार अजीत डोभाल, पूर्व सीडीएस जनरल बिपिन रावत और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिवंगत पिता के श्राद्ध एवं तर्पण को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। उन्होंने कहा कि श्राद्ध सनातन परंपरा में दिवंगत पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, स्मरण और तर्पण का पवित्र संस्कार है। इसे राजनीतिक विवाद का विषय बनाना उचित नहीं है। नरेश बंसल ने हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा को लेकर कांग्रेस पर कथित तौर पर गलत नैरेटिव फैलाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस खुद को 'मोहब्बत की दुकान' की राजनीति का पक्षधर बताती है, लेकिन उसके नेताओं की ओर से की जाने वाली टिप्पणियां इसके विपरीत तस्वीर पेश करती हैं। उन्होंने मोहम्मद दीपक से जुड़े मामले का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि कथित मारपीट और धमकी के मामले में गिरफ्तारी के बावजूद कांग्रेस ने इस विषय पर चुप्पी साध रखी है। बंसल ने राहुल गांधी के साथ मोहम्मद दीपक की पूर्व मुलाकात का हवाला देते हुए सवाल किया कि क्या राजनीतिक संपर्क के आधार पर अलग-अलग मापदंड अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को कथित पीड़ित व्यापारी से मिलकर उसका पक्ष भी जानना चाहिए था। भाजपा नेता ने कहा कि देश और प्रदेश की सेवा करने वाले सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान को राजनीतिक विवाद से अलग रखा जाना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर उत्तराखंड के वीर सैनिकों को लेकर भी कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया। कैप्टन स्मित मच्छार के शौर्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश की सेवा और लोगों की जान बचाने वाले सैनिकों के सम्मान में सभी राजनीतिक दलों को संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति सेवा, सुशासन, विकास, महिला सशक्तीकरण और युवाओं को अवसर देने पर केंद्रित है। आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप के बजाय सरकार के कामकाज और विकास के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि राजनीतिक संघर्ष मुद्दों और नीतियों पर होना चाहिए, व्यक्तिगत हमलों पर नहीं।

आंगन मिलन कार्यक्रम में बोले धामी- कोई बच्चा कुपोषित न रहे, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता स्वास्थ्य और पोषण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को खटीमा के गोसीकुआ भुड़ाई स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित 'आंगन मिलन' कार्यक्रम में बच्चों, गर्भवती महिलाओं, माताओं और आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि माताओं और बच्चों का स्वास्थ्य एवं पोषण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और राज्य सरकार का संकल्प है कि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे। धामी ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ समय बिताया। उन्होंने गोदभराई रस्म में शामिल होकर 10 गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार किट तथा 10 लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट वितरित की। उन्होंने पांच बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। इस दौरान नौ आंगनबाड़ी और दो आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आंगन मिलन' सेवा, स्नेह और संवाद को हर घर तक पहुंचाने का माध्यम है। आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास की नींव तैयार करने वाले महत्वपूर्ण केंद्र हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। धामी ने कहा कि महालक्ष्मी किट, पोषण योजनाओं और मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना के माध्यम से माताओं एवं बच्चों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। दुर्गम क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं के लिए बर्थ वेटिंग होम की व्यवस्था की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर हेली एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरण है। इस दौरान पौष्टिक आहार, उचित देखभाल, प्रारंभिक शिक्षा और अच्छे संस्कार बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव तैयार करते हैं। बच्चों के पोषण की जिम्मेदारी सरकार के साथ परिवार और समाज की भी है।

प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन की सराहना

मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रहित और सभी वर्गों के कल्याण के लिए उनके कार्य एवं सेवा भाव प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार, समाज और परिवार के सामूहिक प्रयास से ही स्वस्थ और सशक्त उत्तराखंड का निर्माण संभव है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063